दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रांची, रविवार, 09 मार्च 2025, फाल्गुन शुक्लपक्ष दशमी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-318 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित ww.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | आंचलिक 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | आस-पास

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:04 प्रातः
अस्त : 05:55 संध्या

प्रदेश का तापमान (आज)

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	16.0
जमशेदपुर	35.0	18.0
हजारीबाग	32.0	16.0
डालटनगंज	34.0	15.0

//--सुविचार--//

इतनी जल्दी दुनिया की कोई चीज नहीं बदलती, जितनी जल्दी इंसान की नीयत और नजरें बदल जाती हैं

संक्षिप्त खबरें

रेलवे करेगा एक लाख भर्ती : बिट्टू

बीकानेर। केन्द्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को कहा कि अब तक हम रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सुधार पर ज्यादा ध्यान दे रहे थे। अब इस वर्ष 2025 में रेलवे में कर्मचारी भर्ती पर फोकस रहेगा। करीब एक लाख खाली पदों पर कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। रेलवे स्टेशनों पर एरपोर्ट से ज्यादा सुविधा मिलेगी। दो-तीन साल बाद हर देशवासी रेलवे में हुए बदलाव की बात करता नजर आएगा। बिट्टू भारतीय रेलवे मजदूर संघ की ओर से आयोजित 21वें त्रैवार्षिक अधिवेशन को बीकानेर में संबोधित कर रहे थे। रेल राज्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर उसके आधुनिकीकरण तक आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। एक-एक रेलवे स्टेशन पर 5-6 करोड़ लेकर 21-21 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना. महिलाओं के खातों में राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू

खाते में आये 7500 रुपये

गलत लाभ उठाने वालों के नाम हटाये गये

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की बकाया 7500 रुपये महिलाओं के खातों में ट्रांसफर करने का काम शुरू कर दिया गया है। योजना की पात्रता पर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। 37,55,233 लाभुकों की यह राशि जनवरी, फरवरी और मार्च महीने की है। इससे महिलाएं होली का त्योहार अच्छे से मना सकेंगी। इस फैसले के पीछे महिला दिवस, होली और बाहा पर्व का ख्याल रखा गया है। दूसरी तरफ कई महिलाओं को इस योजना का गलत फायदा उठाने के कारण झटका भी लगा है।

सीएम हेमंत सोरेन ने दी जानकारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर-के बताया कि सभी महिलाओं के खातों में 7500 रुपये भेजे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा-झारखंड में महिला दिवस पर राज्य की सभी मंईयां को सम्मान राशि के पूरे 7500 रुपये सभी के बैंक खातों में पहुंच रही है। अब, होली के पावन पर्व पर, सभी मंईयां अपने परिवार के साथ खुले मन से रंगों का आनंद ले सकती हैं और इस सम्मान राशि का उपयोग अपने परिवार की खुशियों को बढ़ाने में कर सकती हैं। मैं सभी राज्य की महिलाओं को नमन करता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

37, 55, 233 महिलाओं को मिली राशि

आधार से जुड़े बैंक खातों में भेजी गयी राशि

त्योहार को देखते हुए तीन किस्त एक साथ

पहले यह राशि किस्तों में देने की योजना थी। लेकिन महिला दिवस, होली और बाहा पर्व को देखते हुए एक साथ तीन महीने की राशि देने का फैसला लिया गया। विभाग ने बताया कि जिला कोषांग को पैसे भेज दिए गए हैं। यह पैसे लाभुकों की अनुमानित संख्या के हिसाब से भेजे गए हैं। इससे पहले भी इस राशि को लेकर काफी चर्चा हो चुकी है। विधानसभा में मंत्री चमरा लिंडा ने बताया था कि होली से पहले यह राशि भेज दी जायेगी। 7 मार्च को भी यह मुद्दा विधानसभा में उठा था। झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने इस बारे में सवाल पूछा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब दिया था कि -हम जो कहते हैं वो करते हैं। होली से पहले महिलाओं के खातों में पैसे आ जाएंगे।

आधार लिंक वाले खातों में राशि ट्रांसफर

जिन महिलाओं ने नया आवेदन किया है या आधार लिंक करवाया है, उनके खातों में भी पैसे आ सकते हैं। इस बार पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के जरिए पैसे भेजे जा रहे हैं। यह सिस्टम सरकारी पैसों के लेन-देन को आसान और पारदर्शी बनाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि पैसे सही लोगों तक पहुंचें और किसी तरह की गड़बड़ी न हो।

जांच के बाद हटाये गये 12,76,434 अपात्र महिलाओं के नाम

इस योजना का गलत फायदा उठाने वाली महिलाओं को अब परेशानी होगी। 6 जनवरी को दिसंबर महीने की 2500 रुपये की किस्त 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं को दी गयी थी। लेकिन कई महिलाओं के अपात्र होने की बात सामने आयी। इसके बाद जांच शुरू हुई। इस जांच में 43 लाख 85 हजार 357 महिलाएं ही पात्र पायी गयीं। बाकी 12 लाख 76 हजार 434 महिलाओं के पैसे रोक दिये गये हैं। पात्र महिलाओं में से 37 लाख 55 हजार 233 महिलाओं का बैंक अकाउंट आधार से जुड़ा है। इन महिलाओं के खातों में पैसे आना तय है।

रांची में बड़ा घोटाला. 112 महिलाओं की राशि एक खाते में, 11000 अपात्र लाभुक

रांची : झारखंड सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के तहत करीब 50 लाख महिलाओं और युवतियों को हर महीने 2500 रुपए की सम्मान राशि देने का फैसला लिया है, लेकिन रांची जिले में भी मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि का बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा की बात सामने आई है। रांची जिले के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने इस फर्जीवाड़े के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले कार्तिक पातर नाम के व्यक्ति की ओर से 112 महिलाओं की मंईयां सम्मान की राशि को अपने खाते में मंगाया जा रहा था। इस खुलासे के बाद डीसी ने कहा है कि यह गंभीर मामला है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में फर्जीवाड़ा किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर रांची जिले में 4.50 लाख लाभुक मंईयां समान योजना का लाभ ले रहे हैं। वहीं लगातार हो रही जांच में अब तक जिला प्रशासन ने 11000 से अधिक अपात्र लाभुकों को को चिह्नित किया है, जिनकी इस योजना से छंटनी की जायेगी।

हजारीबाग के फतहा में एनटीपीसी अधिकारी की गोली मारकर हत्या

डीजीएम डिस्पैच के पद पर कार्यरत थे कुमार गौरव

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग में बड़कागांव रोड स्थित फरहा में शनिवार की सुबह करीब नौ बजे एनटीपीसी के वरीय अधिकारी कुमार गौरव की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह डीजीएम डिस्पैच केरेडारी में अपनी सेवा दे रहे थे। घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह में एनटीपीसी के अधिकारी को गोली मारकर अपराधी फरार हो गये। घटना के बाद उन्हें हजारीबाग के निजी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद एनटीपीसी के सभी वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं अस्पताल में जिले के पदाधिकारी मौजूद थे। मामले को लेकर जांच तेज कर दी गयी है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि कुमार गौरव हजारीबाग की ओर आ रहे थे। तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। उस वक्त वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार थे। गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ में था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, अधिकारी

एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

कंपनी ने खो दिया होनहार पदाधिकारी : परियोजना प्रमुख

घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। घटना ने सुरक्षा पर अवश्य सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद परिवार के लिए क्या कर सकते हैं, यह बेहद जरूरी है। जिस तरह से अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है यह कई सवाल जरूर खड़ा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी सबसे बड़ी बात यही है कि कंपनी ने एक होनहार पदाधिकारी को खो दिया, जो भारत सरकार के लिए काम कर रहा था। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी।

मृतक के परिजनों के भरण-पोषण की सरकार से मांग

कोल माइनिंग पकरी बरवाडीह नेफी के अध्यक्ष कमल राम रजक ने इस घटना पर बेहद दुःख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी थी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एनटीपीसी के पदाधिकारी और कर्मियों को सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाए।

घर के थे इकलौते चिराग, संघर्ष से इस पद तक पहुंचे थे गौरव

कुमार गौरव अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। जब वह 2 साल के थे तभी उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। उनकी माता ने परिवार का भरण पोषण किया। बहुत ही मेहनत से उन्होंने यह नौकरी पाई थी। उनकी उम्र लगभग 42 वर्ष थी। उनकी एक बेटी है, जिसकी उम्र 10 वर्ष है, जो हजारीबाग के एक स्कूल में पढ़ाई करती है।

कुमार गौरव मूल रूप से बिहार के नालंदा के किंगर सराय के रहने वाले थे। घटना के बाद मृतक की मां और धर्मपत्नी भी अस्पताल पहुंची, जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल था। एनटीपीसी के पदाधिकारी उन्हें ढांढ़स बंधा रहे थे।

झारखण्ड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता - 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कहा

जीवन में खेलकूद की बड़ी अहमियत

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा रांची में आयोजित झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस समापन समारोह में गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने खेल तथा परेड के माध्यम से बेहतर हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के कर्मी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। शहर हो या सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर आपकी गतिविधियां निरंतर चलती रहती हैं।

राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आम लोगों की सेवा में आप सभी लोग लगे रहते हैं।

उत्साह का क्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक कार्यक्रम या खेलकूद प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि आपके साथ-साथ पूरे संवर्ग के कर्मियों के लिए उत्साह और मनोबल बढ़ाने वाला क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस व्यस्ततम दिनचर्या में लोग अक्सर तनाव की स्थिति में जीवन व्यतीत करते हैं, परंतु ऐसे प्रतियोगिता अथवा कार्यक्रम के जरिए कम समय के लिए ही सही पर तनावमुक्त होकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेते हैं। खेलकूद का जीवन में बहुत अहमियत है। खेल, गीत, संगीत हर उम्र के व्यक्तियों के लिए जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के माध्यम से इस परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। आप सभी लोग एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर प्रतियोगिता का समापन कर रहे हैं, यह बहुत ही उत्साह, उमंग एवं खुशी की बात है।

विजेता एवं उपविजेता टीमें पुरस्कृत

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के अलग-अलग जिलों से इस खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हुए गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा संवर्ग के खिलाड़ियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न खेलों के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा अनिल पालटा, एडीजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, जोनल आईजी रांची अखिलेश झा सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस कर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में होगा फाइनल मैच, दोनों टीमें तैयार

भारत-न्यूजीलैंड में चैंपियन की जंग आज

नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला रविवार (9 मार्च) को दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह ठीक एक सप्ताह पहले हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले की पुनरावृत्ति होगी, जहां भारत ने शानदार जीत दर्ज की थी। अब तक इस टूर्नामेंट में भारत अजेय रहा है, जबकि न्यूजीलैंड ने अपनी लय हासिल करने के लिए सभी चार अलग-अलग स्थानों पर मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड को दुबई में खेलने का अनुभव है और कागज पर वे भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं।

पिच की भूमिका

भारत को अपने अंतिम एकादश को लेकर एक बड़ा फैसला करना होगा–क्या वे कुलदीप यादव की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को खेलाएं? हालांकि, इससे उनके पास बाएं हाथ के न्यूजीलैंड

बल्लेबाजों के खिलाफ स्पिन का एक प्रभावी विकल्प कम हो जाएगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को यह तय करना होगा कि खराब फॉर्म में चल रहे विल यंग की जगह डेवोन कॉनवे को मौका दें या नहीं। दुबई की पिच धीमी और टर्निंग रही है, जिससे स्पिनरों को मदद मिली है। अब तक के चार मैचों में, जिस टीम के स्पिनर प्रभावी रहे, वह जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत के स्पिनर तेज और सीधी गेंदबाजी करने में माहिर हैं, जो इस पिच पर कारगर साबित हो सकता है।

नई गेंद की चुनौती

न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के शीर्ष क्रम के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। उन्होंने पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ 20.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और शुभमन गिल के विकेट भी दर्ज हैं। हालांकि, रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में उनके खिलाफ आक्रामक रणनीति अपनाई है और पिछले दो मुकाबलों में हेनरी के खिलाफ 18 गेंदों पर 33 रन बनाए हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज आमतौर पर तेज शुरुआत करना पसंद करते हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें शुरुआत में सतर्क रहना पड़ सकता है। हालांकि, हेनरी की फिटनेस पर संशय बना हुआ है, क्योंकि सेमीफाइनल में फील्डिंग के दौरान उनके कंधे में चोट लगी थी। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिचेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल इस टूर्नामेंट में बेहतरीन लय में हैं। सैंटनर की सफलता का सबसे बड़ा कारण उनकी सटीकता रही है–उन्होंने 39.5 प्रतिशत गेंदें स्टंप्स पर डाली हैं, जिससे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका कम मिला है। हालांकि, विराट कोहली के लिए बाएं हाथ के स्पिनर परेशानी का सबब रहे हैं। 2022 से अब तक, कोहली का औसत लेफ्ट आर्म स्पिन के खिलाफ केवल 26.80 का रहा है और उनका स्ट्राइक रेट भी 73 प्रति 100 गेंद से नीचे चला जाता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन

मामलों के निष्पादन में मध्यस्थों की भूमिका अहम : जस्टिस प्रसाद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उदघाटन हाई कोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में किया। मौके पर जस्टिस प्रसाद ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों का निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से करने पर जोर दिया और लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन झालसा से होता था, लेकिन अब सिविल कोर्ट से हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि आगे भी उदघाटन कार्यक्रम डालसा से ही हो। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण कर वादकारियों को लाभ पहुंचाना है, ताकि वादकारियों के धन और समय का बचत हो।

इस मौके पर सिविल कोर्ट परिसर में खोले गये रिनोवेटेड पोस्ट ऑफिस कॉम्प्लेक्स का उदघाटन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान

लोक अदालत में लाभुकों के बीच जस्टिस प्रसाद ने चेक का वितरण भी किया।

18.70 लाख मामलों से आठ अरब आठ करोड़ की राशि का सेटलमेंट

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18 लाख 70 हजार 657 मामलों का निष्पादन हुआ। इसमें कुल लंबित एक लाख 46 हजार 918 और प्री-लिटिगेशन के 17 लाख 23 हजार 793 मामले शामिल हैं। साथ ही आठ अरब आठ करोड़ 50 लाख 28 हजार रुपए का सेटलमेंट किया गया।

कार्यक्रम में झालसा की सदस्य सचिव, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि जस्टिस प्रसाद के मार्गदर्शन में झालसा ने कई मुकाम हासिल किये हैं। न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कहा कि लोक अदालत वादों के निस्तारण का सुलभ माध्यम है । जिला बार एसोसएिशन के महासचिव संजय विद्रोही ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। उन्होंने महिलाओं को हमेशा सम्मान देने की बातें कही। वहीं रांची के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि लोक अदालत एक मंच हैं, जहां गरीबों और असहाय लोगों के वादों का निस्तारण निःशुल्क होता है। उन्होंने सरकार की ओर से महिलाओं के लिए चलाये जा रहे मंईयां सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए झालसा ने लगभग 294 बेंच का गठन किया गया था। कार्यक्रम में न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, डीसी मंजुनाथ भजंत्री, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, एसएस फातमी, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश-एक, कुटुम्ब न्यायालय संजीता श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

गलत मंशा के साथ केंद्र ला रहा परिसीमन : सुप्रियो

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि देश में होनेवाले परिसीमन को लेकर जो ड्राफ्ट आया है उससे पता चलता है कि केंद्र सरकार गलत मंशा के साथ ला रही है। सुप्रियो ने कहा कि इस परिसीमन से झारखंड के आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यकों के राजनीतिक दखल को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सुप्रियो ने यह बातें शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। सुप्रियो ने कहा कि इसके पूर्व में जो परिसीमन लाया जा रहा था तो इसका कड़ा विरोध हमलोगों ने संगठित होकर किया था। इससे इसे तत्कालीन केंद्र सरकार ने झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों को राहत दे दिया था। लेकिन इस बार इसके दायरे में झारखंड को भी रखा गया है और परिसीमन लागू होने से लोकसभा के सदस्यों की कुल संख्या बढ़कर 846 हो जाएगी जो 77 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार झारखंड में लोकसभा के सदस्यों की संख्या 14 से बढ़कर 24 हो जाएगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में यह 42 से बढ़कर 60, बिहार में 40 से 79, उत्तर प्रदेश में 80 से बढ़कर 143 तक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह प्रयास हम पर आघात करने वाला है।

एक नजर

सीआईटी में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

रांची (नव प्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शनिवार को सीआईटी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, महिला अधिकार व सम्मान को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि संसार की सभी विद्याएं देवी की अभिव्यक्ति है, और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही स्वरुप है, अतः नारी का सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम को कैंब्रिज ट्रस्ट की जॉइंट सेक्रेटरी डॉ पल्लवी सिंह, उप प्राचार्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, डॉ शालिनी सिंह, प्रो स्वेता सोनाली धॉल, प्रो रिया सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया. इसके अलावे कार्यक्रम में महिलाओं ने नागपुरी नृत्य, कविता, अंतराकक्षरी आदि का भी लुत्फ उठाया. कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना व उन्नत भारत अभियान सेल के बैनर तले किया गया।

केबल कनेक्शन ने भी शुरू की इंटरनेट सेवा



रांची (नव प्रदेश)। राजधानी रांची सहित पूरे देश में लोग टीवी पर फिल्में, न्यूज, सिरियल अब डीस टीवी, एयरटेल, टाटा स्काई के माध्यम से देख रहे है, इन्होने मनोरंजन के क्षेत्र में पैर पसारना शुरू कर दिया है। अब तो टीव पर यूट्युब व अन्य कार्यक्रम देख सकते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि केबल कनेक्शन रांची में 1998 में शुरू हुआ था, जिसके माध्यम से हम टीवी पर दुरदर्शन के अलावे अन्य चैनल देखना शुरू किए थे, आज तमाम सुविधाओ के बावजुद भी केबल कनेक्शन ने अपना जगह बना रखा है, रांची हटिया के सिंह मोड़ स्थित एसटी केबल नेटवर्क के संचालक रवि रंजन कुजुर ने शौक से शुरू किया। केबल टीवी का कार्य और आज उनके पास 375 ग्राहक है और वह ग्राहको को ब्रॉडबैंड की सुविधा केबल के माध्यम से देते हैं। इनकी सर्विस से ग्राहक खुश रहतें है। रवि दा ने बताया कि वह एक बार पार्षद का चुनाव भी लड़ा था और वह सेकेंड पॉजिसन में थे। आज रवि दा एक सफल व्यवसायी है और इनके कुल आठ कर्मचारी हैं। वहीं मित्रों और शुभचिंतको के द्वारा उनका 60वां जन्मदिन 8 मार्च को मनाया गया।

रांची महिला रेलकर्मियों ने मनाया महिला दिवस

रांची (नव प्रदेश)। नारी जो शक्ति और समर्पण का प्रतीक है और जो आदि काल से ही मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में इस सृष्टि का संचालन करती आई है और जो आज पूरी दुनिया में समाज के हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों का झंडा फहरा रही हैं उसी नारी शक्ति के सम्मान में हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। राजधानी रांची के हटिया रलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में रांची महिला रेलकर्मियो ने महिला दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें महिला रेलकर्मी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बीआईटी मेसरा का सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव 20 से 23 मार्च तक

रांची (नव प्रदेश)। बीआईटी मेसरा के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव बिटोत्सव 2025 के लिए थीम जारी किया गया, बिटोत्सव 2025 का आयोजन 20 से 23 मार्च तक होगा। बिटोत्सव 25 का विषय हस्ताक्षर महापुरुषों का उत्सव है ,जो इतिहास में अविस्मरणीय छाप छोड़ने वाले व्यक्तियों को श्रद्धांजलि है, यह महान दिमागों, दूरदर्शी और अग्रदूतों की विरासत का प्रतीक है। इसके अलावे बिटोत्सव 25 का सामाजिक विषय महानायकों की धरती झारखंड है, जो झारखंड की समृद्ध विरासत और इसके महान व्यक्तियों के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह थीम राज्य के क्रांतिकारियों, योद्धाओं और नेताओं के योगदान को रेखांकित करती है जिन्होंने इतिहास को आकार दिया है। इस बिटोत्सव में लगभग 60 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ,दिन की गतिविधियों में छात्रों को प्रदर्शन कला, प्रश्नोत्तरी, बाद विवाद और तकनीकी कौशल में प्रतिभा दिखने का मंच मिलेगा। जबकि रात के कार्यक्रमों में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत उद्घाटन समारोह और हेरिटेज नाइट से होगी। जिसमें संगीत, नाटक और नृत्य में भारतीय शास्त्रीय कला रूपों का जश्न मनाया जाएगा। 21 मार्च को बैंड नाइट के साथ उत्साह बढ़ता रहेगा, जिसमें भारतीय संगीत उद्योग के उभरते इंडी बैंड शामिल होंगे। वहीं 22 मार्च को रॉक नाइट में शीर्ष रॉक एक्ट दिखाए जाएंगे,जो 23 मार्च को ग्रैंड फिनाले प्रो नाइट तक ले जाएगा।

चंद रुपए देकर सरकार कर रही महिलाओं का अपमान : सुदेश महतो

रांची (नव प्रदेश)। महिलाओं को सम्मान, अधिकार और अवसर मिलना समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने यह बातें शनिवार को कही। सुदेश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ सिर्फ. आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के अवसर देना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर सुदेश ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर सिर्फ चंद रुपये बांटकर उन्हें भरण-पोषण तक सीमित रखना चाहती है, जो महिला विकास का अपमान है। महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देना है। आजसू पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और उनके नेतृत्व को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

संजय सेठ के आवास पर होली मिलन नौ को

रांची (नव प्रदेश)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया जाएगा। होली मिलन समारोह कार्यक्रम पिस्कामोड स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा।

शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन 20 को

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन आगामी 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची मे होगा। स्वामी सदानंद जी महाराज के नागरिक अभिनंदन की तैयारी हेतु एक शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी का गठन प्रसिद्ध उद्योगपति विनय सरावगी के नेतृत्व में किया गया है। शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी की बैठक कमेटी के मुख्य संयोजक विनय सरावगी की अध्यक्षता में महाराजा श्री अग्रसेन भवन में हुई। बैठक में विस्तृत जानकारी देते हुए विनय सरावगी ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के शिष्य हैं। तथा स्वामी स्वरूपानंद के ब्रह्मलीन होने के बाद स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारका शारदापीठाधीश्वर

के शंकराचार्य बने।

मालूम हो कि उनका रांची मे आगमन प्रथम बार होगा। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 8 मार्च से 15 मार्च तक विश्व कल्याण आश्रम मनोहरपुर, चक्रधरपुर मे रहेंगे। शंकराचार्य स्वामी स्वधर्मानयन व धर्म संचार यात्रा के तहत गांव-गांव में धर्म संचार सभा कर रहे हैं। शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी का 20 मार्च को अपराह्न 3 बजे रांची के मारवाड़ी भवन मे विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन व स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात उनका प्रवचन व आशीर्वाद धर्म प्रेमियों को मिलेगा।

स्वामी जी के भव्य अभिनंदन समारोह हेतु गठित शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी में मुख्य संयोजक विनय सरावगी होंगे एवं संयोजक मंडल सदस्यों में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, अशोक पुरोहित, शिव शंकर साबू,मनोज बजाज, राजकुमार मारू, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, मनीष लोधा को शामिल किया गया है। कमेटी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ होगें। बैठक मे सदस्यों को विभिन्न कार्यों हेतु जिम्मेवारियां दी गई। इस बैठक में सुरेश चंद्र अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन पोद्दार, मनोज चौधरी, मनोज बजाज, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल कुमार जैन, संजय सर्राफ, प्रमोद सारस्वत, कौशल राजगढ़िया, आदि उपस्थित थे।

बाहा पर्व पर सीएम ने की सरना पूजा

आदिवासी समाज की एकजुटता पर दिया जोर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को प्रकृति उपासना के महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर जमशेदपुर के कदमा स्थित शास्त्रीनगर सरना पूजा स्थल, जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संरक्षण के बहुआयामी दृष्टिकोण पर आधारित योजनाओं से आदिवासी समाज को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट होने

की आवश्यकता है। आदिवासी सभ्यता और संस्कृति झारखंड की पहचान है। आदिवासी समाज ही प्रकृति के असली संरक्षक हैं।

इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के अलावे आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम के अलावे माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सदस्यता अभियान में कई लोग हुए झामुमो में शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झामुमो जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में शनिवार को बहु बाजार चौक स्थित संत पॉल कॉलेज चौक के समीप शिविर लगाकर झामुमो का सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता अभियान के दौरान झामुमो के जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली सदस्यों और रांची जिला और महानगर के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं की ओर से लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों को सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और स्वागत किया गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने मे रांची महानगर के वरिष्ठ नेता जीत गुप्ता, अकबर कुरैशी, मो सन्नी एवं अन्य पार्टी कार्यकताओं का अहम योगदान रहा। वहीं मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश रांची जिला संयोजक मंडली ने सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्य रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा और पूर्व जिला उपाध्यक्ष बीरू साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने मनाया महिला दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने सोलंकी मोड़, हटिया, रांची के फुडकोर्ट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड जिला न्यायालय के न्यायाधीश धीरेन्द्र मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दुनिया भर में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने के इतिहास का प्रसार किया और लैंगिक समानता की भी वकालत की। उन्होंने यह भी कहा कि 1975 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाना शुरू किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर और उत्तर प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष बृजमणि मिश्रा ने मानवाधिकार के क्षेत्र में अपने विशाल ज्ञान और अनुभव की उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई। आप इसे महिलाओं के हित के लिए सफल कार्यक्रम कह सकते हैं क्योंकि रांची, खूंटी और झारखंड के कुछ हिस्सों से लगभग साठ 100 महिलाएं इस अवसर पर शामिल हुईं और लैंगिक समानता की दिशा में प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त किए। झारखंड की राज्य अध्यक्ष प्रीति सिन्हा ने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, लैंगिक समानता और राजनीति और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी जैसे मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। झारखंड राज्य के प्रदेश संरक्षक सतीश सिंह प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर और राज्य सचिव महेश कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ अन्य वक्ताओं ने भी महिलाओं के साथ शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे क्षेत्रों में भेदभाव जैसे मुद्दों पर जोर दिया। साथ ही दोनों ने मुख्य रूप से रंगभेदी महिलाओं और हाशिए पर पड़े महिलाओ को समानता दिलाने के लिए काम करने पर जोर देने को कहा।

होराइजन ग्रुप ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। होराइजन ग्रुप ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। होराइजन ग्रुप में होराइजन होंडा, होराइजन ट्रकिंग रामपुर, होराइजन ट्रकिंग जमशेदपुर, होराइजन कीया, होराइजन ऑटो डाल्टनगंज शामिल है। इस दौरान होराइजन ट्रकिंग के सर्विस हेड हिमांशु शेखर सिंह और एचआर हेड शशि चावला मौजूद थे। मौके पर सभी कर्मचारियों ने कहा कि आज महिलाए हर काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है, यहा तक की खेलकुद में भी, महिला का सम्मान सबसे बड़ा सम्मान है, महिलाएं आज देश को आगे बढ़ाने में अग्रसर हैं, महिलाएं आज सभी क्षेत्र अपना कार्य मन लगाकर कर रही है, चाहे वह घर का हो या ऑफिस। संस्थान में महिला कर्मचारियों द्वारा केक काटा गया। इस मौके पर होराइजन होंडा के एच आर मैनेजर सतीस सिंह व सहकर्मी विवेक कुमार, होराइजन किया के एचआर मैनेजर कुंदन कुमार व सहकर्मी, मुकेश कुमार, होराइजन ऑटो के एच आर राहुल कुमार, होराइजन ट्रकिंग के प्रभात कुमार श्रीवास्तवं ने अपने सभी महिला कर्मचारियों की उपहार देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

होराइजन होंडा

होराइजन किया

होराइजन ट्रकिंग जमशेदपुर

होराइजन ट्रकिंग

होराइजन ट्रकिंग रांची

होराइजन ट्रकिंग डालटेनगंज

रांची जिले में पहली बार टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का आयोजन

नल से पानी लेने नहीं दिया जाता साहब

- जिला के विभिन्न पंचायतों के लोगों ने जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री को बताई अपनी समस्याएं
- कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारी से अपडेट लेते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची जिला में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने पंचायत भवन से ही जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री को अपनी समस्याएं बता रहे थे, मौका था टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम का। जिसमें समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार से जिलास्तरीय पदाधिकारी थी जुड़े थे।

हर प्रखण्ड की पंचायत के ग्रामीणों ने बतायी अपनी समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से अपडेट लेते हुए समस्या के समाधान के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिन ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं बतायी गयी उनका संपर्क नंबर भी जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा लिया गया ताकि आवश्यक कार्यवाही के संबंध में उन्हें जानकारी दी जा सके।

पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या

टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को पेंशन, राशन, पानी एवं बिजली की समस्या से अवगत कराया। सुदूर लापुंग प्रखण्ड के दानेकेरा पंचायत के महेन्द्र महतो ने बताया कि उन्हें दो महीने से पेंशन नहीं मिल रहा है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच करते हुए पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

वहीं बुढ़मू प्रखण्ड के सारले पंचायत से आशीष बेसरा द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति के लिए लगाया गये पाइप के टूटने की समस्या बतायी गयी, इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अभियंता को यथाशीघ्र जलापूर्ति में सुधार का निर्देश दिया गया।

तमाड़ के ओझासाड़म पंचायत की मायावती कुमारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लगे नल से एक महिला द्वारा पानी नहीं लेने दिया जाता, महिला द्वारा पास के स्कूल भवन में भी कब्जा किया गया है। इस संबंध में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मामले की पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को स्कूल भवन में कब्जे की भी जांच के निर्देश दिये गये।

कार्यक्रम के दौरान कई पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास स्वीकृति में विलंब की जानकारी दी गयी। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने उनका सीरियल नंबर पूछा और बीडीओ सहित जिला स्तर से पोर्टल पर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चयनित लाभुकों को यथाशीघ्र योजना का लाभ सुनिश्चित करायें।

बुढ़मू प्रखण्ड के चकमे की बिंदिया देवी ने बताया शादी के बाद वो अब ससुराल के राशन कार्ड में अपना नाम दर्ज कराना चाहती हैं, इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन भी किया है। जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा वन नेशन वन राशन के तहत महिला का नाम स्थानांतरित करने के निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की अन्य समस्याओं सुनते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने जिला के सभी पंचायतों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को टॉक-टू-डीसी कार्यक्रम की जानकारी दें ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

समाहरणालय ब्लॉक बी कमरा संख्या -211 शिशु गृह का विधिवत शुभारंभ

नन्हे बच्चों को आरामदायक माहौल मिलेगा : उपायुक्त

महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा शनिवार को समाहरणालय भवन में कार्यरत्त महिला कर्मियों के लिए क्रेच की सुविधा और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए समाहरणालय ब्लॉक बी कमरा संख्या -211 शिशु गृह का विधिवत फीता काट कर शुभारंभ किया गया।

इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, शाइनी तिग्गा, जफर हसनत व सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 में 2017 के संशोधन के बाद कार्यस्थलों पर क्रेच (पालनाघर) सुविधा अनिवार्य को देखते हुए जिला प्रशासन ने क्रेच सुविधा शुरू कर दी है। महिलाएं अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकेंगी जिसमें महिला कर्मचारी को कार्य समय के दौरान क्रेच में बच्चे को रखने की सुविधा मिलेगी। जिससे बच्चों को स्वस्थ आहार और आरामदायक माहौल मिलेगा।

मातृत्व लाभ अधिनियम में क्रेच की सुविधा कार्यरत माताओं को सहयोग देने और उनके बच्चों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जोड़ी गई है। इससे महिलाएँ अपने काम और मातृत्व के बीच संतुलन बना सकती हैं। जिसमें शिशु गृह में महिला कर्मचारी अपने नवजात शिशु की देखभाल करते हुए अपने शिशु को स्तनपान के साथ अपने बच्चों को रख सकती है। इस गृह में 0 से 06 वर्ष के बच्चों को रख सकती है, जहां छोटे बच्चों के लिए खेल के साधन उपलब्ध है।

नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए

जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री शिशु गृह में नन्हे-नन्हे बच्चों को देख कर काफी खुश हुए, उन्होंने उन्हें अपने गोद में लेकर खूब स्नेह दिया। बच्चें भी उनकी गोद में जा कर काफी खुश हो रहें थे।

अवैध हथियार व गोली सहित दो अपराधी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। बीआईटी मेसरा ओपी पुलिस ने अवैध हथियार व गोली सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त अमरेश कुमार सिंह (केदल, मेसरा ओपी) और गौतम कुमार ठाकुर (पुर्वी होम्बई,मेसरा ओपी)के पास से एक देशी कट्टा व गोली जब्त की है।

इस संबंध में सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नारायण टेन्ट हाउस के पीछे, ग्रामकेदल स्थित एक मकान में कुछ लड़कें हथियार एंव गोली के साथ किसी अपराधिक घटना की योजना बना रहें है। उक्त सूचना पर एक टीम गठित कर उपरोक्त मकान को चारो ओर से घेरकर विधिवत छापामारी किया गया, जिसमें उक्त मकान के कमरे से अमरेश कुमार सिहं, गौतम कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम के द्वारा तलाशी के दौरान जिसमें इनलोगों के पास से एक देशी कटटा व एक गोली बरामद किया गया है जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है।

गिरफ्त में आयो दोनों अभियुक्त पूर्व में भीं बर्ष-2021 में बीआईटी मेसरा ओपी से ही बिजली की तार चोरी करने के आरोप में जेल गये है। उक्त दोनो अपराधकर्मियों के द्वारा 28 फरवरी 2025 को बीआईटी मेसरा कॉलेज कैम्पस में एक छात्रा के साथ विवाद करने तथा मना करने पर देशी कटटा निकाल कर डराया गया था। 03 मार्च 2025 को बीआईटी मेसरा कॉलेज संस्थान कैम्पस के अन्दर अमरेश कुमार सिंह के द्वारा अपनी पैशन प्रो बाईक से तेजी एंव लापरवाही से गाडी चलाकर बीआईटी कॉलेज के कर्मी सुरेश महतो को धक्का मारकर घायल कर दिया गया था। इन दोनो घटना में बीआईटी मेसरा संस्थान के कुल सचिव सुदीप दास के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इधर शुक्रवार को भी किसी बडी घटना का अंजाम देने के फिराक में था जिसे ससमय पकड लिया गया है। पुलिस टीम में संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक सदर, कुलदीप कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी सदर, संजीव कुमार-01, ओपी प्रभारी, मेसरा, पुअनि बंसत कुमार , सअनि अंजय कुमार, सअनि भीम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

श्री राधा-कृष्ण मंदिर में होली मिलन महोत्सव 10 मार्च को

रांची/नव प्रदेश। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वाधान में पुंदाग स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि संत श्री स्वामी सदानन्द जी महाराज के आगमन के पश्चात वृंदावन की होली के तर्ज पर होली मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम के प्रांगण में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के हॉल मे 10 मार्च दिन सोमवार को अपराह्न-3 बजे से शाम 6 बजे तक गुरु महाराज के सानिध्य में फूलों की होली,अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी। तथा श्री राधा- कृष्ण की भव्य श्रृंगार, भजन- कीर्तन एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात संतश्री अपने शिष्यों एवं आये हुए भक्तो के बीच प्रसाद वितरण करेंगे एव आये हुए सभी श्रद्धालुओ को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने बताया कि होली मिलन महोत्सव मे अल्पाहार, ठंडाई की भी अनुपम व्यवस्था की गई है उन्होंने सभी कृष्ण भक्तों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, चिरंजीवी लाल खंडेलवाल, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, नन्द किशोर चौधरी, बिष्णु सोनी, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विद्या देवी अग्रवाल, सहित अन्य सदस्य अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

एक नजर

तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव आज से

रांची/नव प्रदेश। श्री श्याम मण्डल, रांची का तीन दिवसीय विराट फाल्गुन सतरंगी महोत्सव 9 मार्च से 11 मार्च 2025 तक अत्यन्त श्रद्धा एवम धूमधाम से आयोजि किया जाएगा। सभी कार्यक्रम अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में आयोजित होंगे। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप रेखा देने हेतु मण्डल के सदस्यगण पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं । इस कार्यक्रम को लेकर पूरे मन्दिर की साफ सफाई के पश्चात आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जा रहा है तथा श्रृंगार के लिए कोलकाता से आए हुए कुशल कारीगरों की टीम कार्य में जुटी हुई है। 9 मार्च को दोपहर 3 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर (सेवा सदन हॉस्पिटल के निकट) से विधि विधान से निशान (ध्वजा) यात्रा प्रारम्भ जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु नगर वासियों को आशीष प्रदान करेंगे साथ ही इस अवसर पर मुख्य तौर पर 750 नर -नारी अपने कंधों पर श्री श्याम नाम रूपी निशान लहराते हुए चलेंगे। साथ ही भजन गायक की टोली सम्पूर्ण मार्ग में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे । इस अवसर पर भक्तजनों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी । वहीं 10 मार्च 2025 को एकादशी पर अनुपम श्रृंगार , रात्रि 9 बजे से 1 बजे तक संगीतमय संकीर्तन एवं केसरिया होली आयोजित किए जाएंगे ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

रांची/नव प्रदेश। सिविल कोर्ट रांची में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को झारखंड के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय और कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, न्यायायुक्त, रांची और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

श्री जीण माता जी की ध्वजा शोभायात्रा का स्वागत

रांची/नव प्रदेश। श्री जीण माता प्रचार समिति द्वारा माता जी की अलौकिक सुंदर नयनाभिराम झांकियों की शोभायात्रा, शनिवार को निकाली गई। इस अवसर पर माता जी की अनुपम ध्वजा के संग सैकड़ो की संख्या में नर नारी भी संग में थे। लोहिया चौक स्थित बजरंग ट्रेडर्स के बाहर हरियाणा संघ एवम रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सभी मातारानी के भक्तों का अभिनंदन और स्वागत किया गया। इस अवसर पर भक्तों के बीच ठंडे पेय जूस का वितरण किया गया। संस्था की ओर से रथ पर विराजमान मातारानी पर पुष्प वर्षा, आरती और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से ललित पोद्दार, विनोद जैन, पवन शर्मा, कमल केडिया,प्रमोद सारस्वत ,अनिल अग्रवाल, मनोज बजाज, अंजय सरावगी, कौशल राजगढ़िया,सुरेश चंद अग्रवाल,पवन पोद्दार,राहुल शर्मा, बबलू हरित शर्मा, कमल शर्मा, विनोद बगड़िया , शंकर लाल शास्त्री,विद्याधर शर्मा, राजीव चौधरी,पुरषोत्तम अग्रवाल थे।

24 बोतल किंगफिशर बीयर सहित एक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। रांची रेलमंडल में शराब की बरामदगी के लिए लगातार ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ द्वारा अभियान जारी हैं। उसी क्रम में शनिवार को रांची फ्लाइंग टीम और आरपीएफ पोस्ट,रांची द्वारा रांची स्टेशन पर शाम छह बजे से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष व्यक्ति को हटिया स्टेशन पर काले रंग के पिथू बैग के साथ खड़ा देखा गया। संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी बैग की तलाशी ली गई। जिसमें बैग से कुल 24 बोतल किंगफिशर बीयर बरामद किया गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम अशिष रंजन (पटना, बिहार) बताया और कहा कि यह शराब रांची से खरीदी थी और ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस द्वारा बिहार जा रहा था। जहां वह उसे ऊंचे दाम में बेचा करता था। गिरफ्तार आरोपी और जब्त सामग्री को उत्पाद विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपा गया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता रैली

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली की एनएसएस इकाई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर वॉलंटियर्स ने जागरूकता रैली निकालकर स्थानीय कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और समानता का संदेश फैलाया।

इस रैली में लगभग 100 वॉलंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई और समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक दिन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सतत प्रयासों का परिणाम होता है। हमें महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर शशांक कुमार सिन्हा ने भी महिला वॉलंटियर्स सहित सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए बधाई दी और कहा, महिला दिवस केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेने का भी अवसर है। यह कार्यक्रम सभी वॉलंटियर्स के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्होंने महिलाओं के उत्थान और समानता के लिए अपने प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

केऔसुब इकाई एचईसी रॉची के बल सदस्यों की टीम एवं एचईसी प्रबंधन की टीम के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन

हारने से डरने वाले खिलाड़ी कभी बड़ा स्कोर नहीं बना सकते : आरके झा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। हर मौका छक्का मारने का हौसला रखो। बड़े शॉट खेलने से पहले छोटी पारियों को संभालना सीखो, तभी असली विजेता बन पाओगे। हारने से डरने वाले खिलाड़ी कभी बड़ा स्कोर नहीं बना सकते, हौसला रखो और हर गेंद पर अपना बेस्ट दो। उक्त बातें शनिवार को आर के झा, चीफ ऑफ टाउनशीप एचईसी ने खिलाड़ियों को कही। मौका था केऔसुब की स्थापना दिवस पर केऔसुब इकाई एचईसी रॉची के बल सदस्यों की टीम बनाम एचईसी प्रबंधन की टीम के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन जिसमें वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने मैन ऑफ द मैच रहे खिलाडी बासुदेव को पुरूस्कृत किया । उन्होंने बल कर्मियों की खेल भावना की सराहना की।

गौरतलब है कि शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के झा, चीफ ऑफ टाउनशीप एचईसी द्वारा कमल कुमार सिंह, उप कमाण्डेंट, केऔसुब इकाई एचईसी रॉची की उपस्थिति में मैच का शुभारम्भ किया गया था। इस अवसर पर निरीक्षक, कार्य चन्द्रकेत वर्मा, निरीक्षक, कार्य आनंद शंकर कुमार, उप निरीक्षक, अनु० शेखर कुमार तथा सहायक उप निरीक्षक, कार्य टी बाबू, प्रधान आरक्षक , जीडी नीलकमल मौजूद थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
Email ID : [illegible]
[illegible]

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची
(कल्याण शाखा)
सूचना
[illegible]

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन की पहल

महिला दिवस : पलामू एसपी कार्यालय में बनाया गया फीडिंग रूम और किड जोन

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर पलामू पुलिस ने एक पहल की है। पलामू एसपी के कार्यालय में महिलाओं के लिए ब्रेस्ट फीडिंग रूम और किड जोन बनाया गया है। किड जोन में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने रखे गए हैं। वहीं फीडिंग के लिए अलग एरिया चिन्हित किया गया है। अक्सर देखा गया है कि ऐसे स्थानों पर फीडिंग रूम या किड जोन न होने से महिलाएं असहजता महसूस करती थीं और परेशानी का सामना करती थीं, मगर इस प्रकार उठाए गये कदम से उनको आसानी अवश्य होगी।

अगले कुछ दिनों में फीडिंग रूम के बगल में डाइपर चेंजिंग रूम भी बनाया जाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन की मौजूदगी में टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला, छतरपुर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी और मौके पर मौजूद अन्य महिला कांस्टेबल ने फीडिंग रूम और किड जोन का उदघाटन किया।

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि ऐसा देखा जाता है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचती हैं, इस दौरान उनके साथ बच्चे भी मौजूद होते हैं। कई बार विभिन्न बैठक एवं अन्य कारणों से महिलाओं को अधिकारियों से मुलाकात करने में देर होती है। कई महिलाएं हेल्प डेस्क पर अपना आवेदन देकर चली जाती हैं लेकिन कई महिलाएं मिलने के लिए घंटों इंतजार करती हैं।

पलामू एसपी कार्यालय में किड जोन का उद्घाटन करती पुलिसकर्मी महिलाओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसी को ध्यान में रखकर फीडिंग रूम और किड जोन बनाया गया है। इसकी शुरूआत पलामू एसपी कार्यालय से हुई है धीरे-धीरे अन्य पुलिस कार्यालय या थाना में भी व्यवस्था की जाएगी। पलामू में 27 थाना हैं। विभिन्न थाना क्षेत्र से महिलाएं मुलाकात के लिए यहां पहुंचती हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छह महिला कर्मी सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

● शिक्षा व अवसर देना महिलाओं का वास्तविक सम्मान

मेदिनीनगर। सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने गृहरक्षक दीपा कुमारी व प्रमिला कुमारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी व पूनम रानी तथा रसोइया शीला देवी व वीणा देवी को अंगवस्त्र व कलम देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक श्री तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं दुनिया की केन्द्र बिन्दु हैं और वह हर क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। शिक्षा व अवसर प्रदान करना उनका वास्तविक सम्मान है जो उनका अधिकार भी है। समग्र विकास के लिए नारी सशक्तिकरण आवश्यक है। इससे पहले प्रार्थना सभा में मानव शृंखला बनाकर महिलाओं के प्रति एकजुटता व आदर का भाव प्रकट किया गया। बच्चों के बीच टाफियां बांटी गयीं। इस समारोह को सफल बनाने में शिक्षक विजय कुमार ठाकुर व लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा सक्रिय रहे।

एक नजर

माटी कला बोर्ड में विधवा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

मेदिनीनगर/नवप्रदेश। शहर के कोऑपरेटिव चौक पर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार, सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीता चौहान सर्वप्रथम सभी महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की । साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार पुनर्विवाह करने के लिए इक्षुक महिलाओं को 2 लाख रूपए का सहयोग प्रदान करती है ।आप सभी इसका लाभ जरूर उठाएं। विशिष्ट अतिथि बिमला कुमारी ने कहा कि आप सभी समाज के अभिन्न अंग है । अपनी महत्व को सदैव समझे और मुसीबतों का डटकर सामना करे। बिना महिलाओं के किसी भी व्यक्ति का घर संपूर्ण नहीं हो सकता है। अतः उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुरुषों से आगे निकलकर उन्हें अपने बेहतरी से जवाब दीजिए। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि घर की महिलाओं का शुक्रगुजार होना चाहिए जिनके कारण हम पुरुषों को अच्छा खाना , धुले हुए कपड़े आदि मिलते है। आज का यह विधवा सम्मान समारोह समाज को प्रेरित करेगा। किसी का विधवा होना कोई अभिशाप नहीं है । आप समाज के अभिन्न अंग है । समाज के तंज,लोगों की सोच के परे आप अपने अच्छे कार्यों से खुद के लिए बुलंदी का निर्माण कीजिए तभी आप समाज के नकारात्मक सोच को बदल सकते है । कार्यक्रम के आयोजक पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि आज के कार्यक्रम से सीखकर आप इसे अपने जीवन में आत्मसात करे। आप यह जान लिजिए कि आप किसी की पत्नी,बहन, मां, दादी बनकर बेहतर समाज का निर्माण कर रही है। आपको जमाने में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाने में अनेकों मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा ।आप सड़क पर चलेगी तो कोई तंज कसेगा ,घर पर शुभ कार्यों से आपको दूर रखा जाएगा परंतु आपको इन रूढ़िवादी सोच का डटकर सामना करना है । कार्यक्रम को सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद, प्रखर वक्ता ललन प्रजापति ने भी संबोधित किया । पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आनंद कुमार ने किया। वक्ताओं के उद्बोषणा के बाद उपस्थित सभी महिलाओं को गिफ्ट, चादर देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विकास विश्वकर्मा, शैलेन्द्र जी , शोभा प्रजापति समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही ।

पलामू की जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



पलामू/नवप्रदेश। शनिवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू की जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक हजारों लोगों के साथ पैदल मार्च कर 5 सूत्री मांग पत्र उप विकास आयुक्त को सौंपा। पलामू जिला अंतर्गत कांग्रेस पार्टी लगातार जन समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करवाती रहती है ।जबकि महागठबंधन की सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही है, लेकिन जनता को इसका भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है। पलामू जिला अंतर्गत जिस आस्था और विश्वास से झारखंड की जनता ने हमारी दोबारा सरकार बनाई है तो निश्चित रूप से एक बात कहना चाहूंगा प्रदेश में हमारी सरकार है तो समस्याओं को समाधान करना हम सभी का प्राथमिकता है अंतिम पैदान पर खड़ा व्यक्ति को भी झारखंड सरकार की जनकल्याणी योजना का लाभ मिलते रहेगी निम्न मांगों को आपसे रखती है जिसकी 1. मोटेशन एवं ऑनलाइन कार्य समय से किया जाए इस कार्य के लिए अनावश्यक रूप से लोगों को ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है धान अधिप्राप्ति केंद्र में भ्रष्टाचार को खत्म कर किसानों को धान खरीद का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए 2. चैनपुर नेवरा रोड को चलने लायक बनवाया जाए ।3. खेल का बढ़ावा देने के लिए जल्द से जल्द जीएलए कॉलेज में बना स्टेडियम को चालू किया जाए 4. हार्ट के मरीज के लिए कैथ लैब का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। 5. चैनपुर के कुरका में 9 करोड़ के लागत से 5 साल से डिग्री कॉलेज की बिल्डिंग बनकर तैयार है इसमें इसी वर्ष से नामांकन प्रारंभ किया जाए। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि झारखंड में हमारी सरकार है समस्याओं को समाधान करना मेरा प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विनोद तिवारी, शमीम अहमद रायन, ओमप्रकाश, अमन, ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, विद्या सिंह, चेरो सौरभ पांडे, गिरजान राम, राजेंद्र अग्रवाल, भिखारी राम, सुधीर चौबे, शंकर पांडे, विश्राम दुबे, सत्येंद्र सिंह, सुरेंद्र तिवारी, जतरू उरांव, अशोक पासवान, अजय साहू, मिठू खान, सच्चिदानंद मिश्रा, बबलु गुप्ता, तुलसी पासवान, रिंकू सिंह, सोनू सिंह , हैदर खान, छोटू चंद्रवंशी, सच्चिदानंद शुक्ला, अनिल सिंह, नफीस खान, सन्नू खान, मीर खुर्शीद आलम, परवेज खान, गोपाल सिंह, मोहम्मद मुस्ताक, ऋषि पांडे, खुर्शीद खान, उमेश यादव, अमिताभ शर्मा, सुनील दुबे, प्रमोद यादव, रामानंद पांडे, सुरेंद्र भुइया, विष्णु देव यादव, पंकज पासवान, राजू रविदास, अजय पांडे छोट, मुखिया आरिफ अंसारी, विपिन यादव, अभय पांडे आदि उपस्थित थे।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा महिला इकाई की ओर से मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस

पलामू/ नवप्रदेश । शनिवार को झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा पलामू प्रमंडल की महिला इकाई के द्वारा ग्राम कर्मा , रामगढ़ प्रखंड मे अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस धुम धाम से मनाया गया। महिला मोर्चा के जिला सचिव सोलोमी टोपनो, सूजनती तिर्की, कुमारी डोड्राय, सूशाना कोनगाडी, बासंती देवी, कलावती देवी, सोमरी देवी, पचीया देवी, रुदा देवी, मानिता देवी, पैरा देवी, अनिता देवी, राजमुनीया देवी, समेत सैकड़ों महिलाएँ मौजूद थी ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा आज के दिन ही महिला नेत्री क्लारा जेटकिन के नेतृत्व में दुनियां में महिलाओं का मताधिकार का अधिकार के आन्दोलन मे बिजय परचम फहरायी थी। दुनियां के महिलाओं को समान अधिकार व 8 घंटा का कार्य कराने के अधिकार प्राप्त हुआ था। महिला दिवस पर सभी महिलाओं व पुरुषों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। सलोनी टोपनो ने कही हम तमाम महिलाओं पुरुषों ने मिलकर झारखण्ड अलग राज्य के संघर्ष के बदौलत राज्य का निर्माण कराया मगर अब तक कुबार्नी बलिदान का परिणाम आन्दोलनकारीयो को सम्मान तक नही मिला है। अपना हक अधिकार व सम्मान पहचान व पेन्शन के लिए संघर्षरत है। आन्दोलन जारी रहेगी। आज हम अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संकल्प लेते है। प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव ने कहा कि 24 मार्च को रांची में बिधान सभा घेराव में पलामू प्रमंडल के हजारों महिला पुरुष पारम्परिक हथियारों से लैस रांची के सडकों पर उतरेंगे। जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने सभी आन्दोलनकारी महिलाओं का अभिनन्दन करते हुये कहा की 25 साल के झारखण्ड में अब बड़ी लड़ाई महिला पुरुष मिल कर अपना अधिकार लेकर रहेंगे।

महिला दिवस पर वार्ड पार्षद चंचला देवी व समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने महिलाओं को शुभकामनाएं दी

मेदिनीनगर/नवप्रदेश। शाहपुर वार्ड नंबर 33 की वार्ड पार्षद चंचला देवी और उनके पति समाजसेवी विजय चंद्रवंशी ने महिला दिवस पर देशभर की महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी है। मौके पर उपस्थित चंचला देवी ने कहा कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है ।उन्होंने कहा की महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान सभी क्षेत्र में महिलाएं चढ़-बढ़ कर हिस्सा ले रही हैं ।उन्होंने कहा की लोगों को महिलाओं के प्रति आदर सम्मान, उनके अधिकारों, उनकी उपलब्धियों को बताने के साथ ही लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की जरूरत है। वहीं मौके पर उपस्थित समाज सेवी विजय चंद्रवंशी ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है. महिलाएं न केवल परिवार की रीढ़ होती हैं, बल्कि वे देश, समाज और दुनिया के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका : उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह-फूलो झानों आशीर्वाद सम्मेलन डालटनगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन में शनिवार को किया गया।

मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के लिए भेजे गए संदेश पढ़कर सुनाया, जबकि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शपथ दिलाई।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की ओर से समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। महिलाएं हम सभी के लिए खास हैं। प्रत्येक घरों में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस और लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। उपायुक्त ने महिला उत्थान के लिए जिले में चलायी जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने महिलाओं की ओर से पूछे गए प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि महिला होना गर्व की बात है। विकास में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार की ओर से भी महिलाओं का काफी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से अबतक जो नहीं जुड़ पाई हैं, उन्हें भी जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान में पुरूषों की भी भागीदारी होनी चाहिए।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार की ओर से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। जिले में 18990 समूह से जुड़कर महिलाएं अपने अपने सपनों को पंख दे रही हैं। मुख्यमंत्री की ओर से शराब बिक्री के कार्य में जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक वैकल्कि स्वरोजगार से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरूआत की गई है। इसके तहत वैसी महिलाओं को 50 हजार रुपए तक एक साथ ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान है। पलामू में 602 महिलाएं इसका लाभ ले रही हैं।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका उपस्थित थे।

मेदिनीनगर में कांग्रेस की बैठक में हंगामा

बिट्टू पाठक 'सबसे डेड आदमी': जीशान खान

मेदिनीनगर पलामू/नवप्रदेश । कांग्रेस की बैठक में उस वक्त बवाल मच गया जब कांग्रेस नेता जीशान खान ने जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक पर भाजपा से साठगांठ कर चुनाव हरवाने का आरोप लगा दिया। जीशान खान ने कहा, 'बिट्टू पाठक चुनाव के दौरान भाजपा की बी टीम बनाकर काम करते हैं। इनकी वजह से पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। 'उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'इनके जैसा सबसे डेड आदमी कोई हो ही नहीं सकता। जीशान का आरोप है कि बिट्टू पाठक भाजपा को सपोर्ट करते हैं और कांग्रेस के प्रत्याशी को हराने का काम करते हैं, जिससे कांग्रेस कम वोटों से हार गई। इस बयान के बाद बैठक में नारेबाजी और हंगामे का माहौल बन गया। अब देखना यह है कि कांग्रेस हाईकमान इस पर क्या फैसला लेता है।

पति-पत्नी के बीच तीन साल का विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझा

मेदिनीनगर/नवप्रदेश। कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश के न्यायालय में तीन वर्ष से चल रहे पति-पत्नी के बीच का विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के पहल से सुलझा दिया गया है। विदित हो कि पत्नी के द्वारा अपने पति के विरुद्ध भरण पोषण का एक मुकदमा 31 अगस्त 2023 को कुटुंब न्यायालय पलामू में दायर किया गया था ।उक्त भरण पोषण के मुकदमा में आवेदिका ने अपने पति से 20 हजार रुपए प्रति महीना भरण पोषण के लिए पति से दिलाने का अनुरोध की थी ।अदालत में उक्त मुकदमा की कार्रवाई चल रही थी। न्यायालय के पहल पर दोनों पति-पत्नी साथ रहने पर सहमत हो गए ।तथा आपस मे सुलह कर लिए। सुलह के आधार पर मुकदमा समाप्त हो गया। विदित हो कि आवेदिका असमीना बीवी उर्फ असमीना खातून की शादी 19 जून 2020 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार गुलाम रसूल के साथ हुई थी। 11 जुलाई 2023 को उसने एक बच्ची जन्म दी थी। जिसके बाद से ही पति-पत्नी के बीच संबंध अच्छे नही रह रहा था ।पत्नी ने पति से भरण पोषण नहीं देने को लेकर अपने पति गुलाम रसूल के विरुद्ध कुटुंब न्यायालय पलामू के न्यायालय में भरण पोषण का एक मुकदमा मूल भरण पोषण वाद संख्या 121/ 2023 दाखिल किया था ।तथा20 हजार रुपए प्रति महीना भरण पोषण की राशि दिलाने का निवेदन की थी। अदालत ने दोनों पक्ष में बात की और दोनों पक्ष साथ रहने पर सहमत हो गए। और दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से युक्त मुकदमा में सुलह कर लिया आज न्यायालय से प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव व कुटम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के उपस्थित मे दोनों पक्ष राजी खुशी विदा हुए ।व तीन साल पुराना विवाद निपट गया।

कार्य में अनियमितता का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने दिया था लिखित आवेदन, जांच के लिए पहुंचे डीसी

पलामू/नवप्रदेश। छत्तरपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय सिलदाग परिसर में निमार्णाधीन विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण पलामू उपायुक्त ने किया। निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण कार्य में कई प्रकार की अनियमितता उजागर हुई। निर्माण कार्य के ढलाई में निम्न गुणवत्तावाले छड़ का इस्तेमाल किया गया है। घटिया किस्म की गिट्टी व भवन के कुछ हिस्सों में खराब ईट भी इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आयी है। पलामू उपायुक्त ने निर्माण कार्य में अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्य में की गई अनियमितता के लेकर दोषि पाए जाने पर कानूनी करवाई की जाएगी। ठेकेदार पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। क्योंकि विद्यालय भवन से सिलदाग व आसपास के गांव के सैकड़ों बच्चों का भविष्य जुड़ा है। मालूम हो कि करीब एक करोड़ नौ लाख की लागत से सिल्दाग में विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है ।जांच के क्रम ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता को देखते हुए जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया । इस संबंध में पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि इसका डीपीआरओ फिर से तैयार किया गया है। जिला इंजीनियर लाल बिहारी यादव , लव गुप्ता समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

डीसी ने राजस्व निरीक्षक को किया निलंबित

मेदिनीनगर (पलामू) । म्यूटेशन के मामले को 90 से अधिक दिनों से लंबित रखने,कार्यालय नहीं आने व सरकारी कार्य में लगातार लापरवाही बरतने को लेकर डीसी ने नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को किया निलंबित। पलामू जिले के नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में महेंद्र राम का जीवन निर्वाहन भत्ता का भुगतान अंचल कार्यालय मनातू द्वारा किया जायेगा साथ ही इनका मुख्यालय भी मनातू में निर्धारित किया गया है। निलंबित राजस्व उप निरीक्षक के विरुद्ध संचालन पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में सीओ नीलांबर-पिताम्बरपुर को नियुक्त किया गया है।

सचिदानंद त्रिपाठी की पुण्य तिथि पर अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता



पलामू। भूतपूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के दिव्य स्मृति में शनिवार को 38 वां पुण्यतिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव व कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर व स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव आदि को बुके देकर शॉल ओढ़ाकर व धार्मिक पुस्तक व न्याय की देवी का प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सचिदानंद त्रिपाठी समय के बेहद पावन्द थे ।उन्होंने पेशे में पैसों की प्रधानता नहीं दी बल्कि वकालत को समाज सेवा के रूप में विख्यात किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता बंधु अगर अपने वकालत पेशा में इसी दृष्टिकोण को लागू कर करें तो उन्हें किसी तरह की समस्या नहीं होगी और कार्य करने में उन्हें संतुष्टि भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी के याद में यह परंपरा का आयोजन किया जाता है । इस मौके पर संरक्षक शशि भूषण दुबे ने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी का व्यक्तित्व आज हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि उनके पुण्यतिथि मनाने का उद्देश्य वकालत के क्षेत्र में किए गए कार्य को जीवंत रखने का एक साधारण प्रयास है। उन्होंने कहा कि सचिदानंद त्रिपाठी का जन्म 27 अगस्त 1925 को सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव में हुआ था ।

पांकी प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बीडीसी की हुई बैठक

बैठक में अनुपस्थित कर्मी स्पष्टीकरण दें : पांकी प्रमुख

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू । पांकी प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में शनिवार की दोपहर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख के अलावे प्रखण्ड और अंचल कार्यालय कर्मी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में कई विभाग के अधिकारी व कर्मी अनुपस्थित रहे जिस पर पंचायत समिति सदस्यों ने चिंता जाहिर की इस दौरान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहे लोग निश्चित रूप से करवाई के पात्र हैं। उन्होंने प्रखण्ड व अंचल के सभी विभाग के कर्मियों से आग्रह करते हुए कहा कि समीक्षा बैठक की महत्व को समझे और बैठक में शामिल होने की प्रयास करें।

बैठक में उपस्थित प्रखण्ड और अंचल के कर्मी से बारी बारी से कार्यों की जानकारी लिया गया। बैठक में विशेष रूप से पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय की भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने मामले पर विशेष चर्चा हुई एवं इसके साथ आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर भी चर्चाएं हुई। आवास से संबंधित मामले को लेकर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आवास में गड़बड़ी करने वाले पदाधिकारी को कदापि माफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने आवास में गड़बड़ी को लेकर आवास कॉर्डिनेटर से आठ दिन के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की है। साथ ही दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की बातें कही गई। प्रखण्ड प्रमुख ने बैठक में अनुपस्थित रहे कर्मियों की स्पष्टीकरण मांगा है।

बैठक में उपस्थित चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पांकी सीएचसी में चिकित्सा से संबंधित किसी भी तरह की कमी नहीं किया जा रहा है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह से ग्रस्त बिमारी से जूझ रहे की जानकारी अस्पताल में आ कर जरूर दें। जिन्हें पूर्ण रूप से उपचार किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने चिकित्सा प्रभारी से अवैध पैसा उगाही की बात कही तो प्रभारी ने कहा कि इस तरह के मामले की जानकारी स्वयं मुझे दें दोषी पाय जाने वाले लोगों पर करवाई किया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख अमित चौहान विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, एसआई भोला राम , सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश उर्फ चुनमुन पाण्डे, नुरु पंचायत समिति मिथलेश यादव, नौडीहा 1 मुखिया सुनील सिंह, दूब मुखिया प्रतिनिधि यशवंत राम, डंडार मुखिया प्रद्युम्न सिंह, सम्मानदन ओझा, सहित प्रखण्ड और अंचल कर्मी के साथ कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

व्यवहार न्यायालय लातेहार में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

12500 वादों का निपटारा, करीब 7.2 करोड़ का सेटलमेंट

◆ **झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया ऑनलाइन उद्घाटन**

बब्लू खान

लातेहार (नव प्रदेश)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में जिला के न्यायिक पदाधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पीएलवी एवं वादकारियों को बढ़-चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। श्री प्रसाद ने कहा कि सबके सहयोग से ही झारखंड में लोक अदालत के माध्यम से वादों का निष्पादन संख्या बेहतर है। उन्होंने महिला दिवस पर राज्य की सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए समाज, राज्य एवं देष की उन्नति में उनके भागीदारी की सराहना की।

12 हजार पांच सौ वादों का निपटारा हुआ, सात करोड़, 02 लाख 74 हजार 9 सौ चैहत्तर रुपए का हुआ सेटलमेंट राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लीटिगेषन एवं लंबित मामलों में 12 हजार पांच सौ वादों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा लगभग सात करोड़, दो लाख, 74 हजार नौ सौ चैहत्तर रुपए का सेटलमेंट किया गया।

सखी मंडल को दिये गये 32 लाख रुपए

राष्ट्रीय लोक अदालत में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में स्थानीय सखी मंडल को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के द्वारा 32 लाख रुपए का चेक दिया गया।

कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश ने वर्षों से अलग रह रहे दो जोड़ों को मिलाया

कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश राजीव रंजन ने वर्षों से अलग रह रहे दो जोड़ों को मिलाया। पहले मामला में ग्राम कमता, थाना चंदाव की रहने वाली तमन्ना बीबी की शादी साल 2023 में मुसलीम रीति रिवाज के नावागढा, जिला लातेहार से हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद दोनो की बीच झगड़ा होने लग गया। दोनो अलग रहने लगे जिसके बाद तमन्ना बीबी ने पति पर भरण पोषण का केस कर दिया। दूसरे मामले में लालमुनी देवी ग्राम डाढा टोला डूमरी, थाना बारियातु जिला लातेहार की षादी 2013 में रामदेव उरांव के साथ हुई थी। साल 2023 में दोनो के बीच विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद लालमुनी देवी ने भरण पोषण का केस कर दिया। दोनो जोड़ा अलग होना चाहते थे, लेकिन न्यायाधीष राजीव रंजन के समझाने बुझाने पर साथ रहने को राजी हो गये। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री मनोज कुमार सिंह ने दोनो जोड़ों को उपहार एवं मिठाई खिलाकर विदा किया तथा हमेषा साथ रहने एवं बच्चों के भविष्य जीवन में आगे बढ़ाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे, सीजेएम अब्दुल नसीर, एसीजेएम षषी भूषण षर्मा, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीष सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पन्नालाल एवं सदस्य, कंन्ज्यूमर फॉरम के प्रेसिडेंट एवं सदस्य, लातेहार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी के सदस्य, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

किसानों का अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह आज से

टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण समेत कई मांगों को लेकर है नाराजगी

नव प्रदेश संवाददाता

चंदवा। किसानों द्वारा कामता पंचायत सचिवालय के समीप रविवार से अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू की जाएगी। इस आशय की जानकारी पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है, उन्होंने बताया कि टोरी चंदवा एनएच 99 नं 22 पर फ्लाई ओवर का निर्माण शुरू नहीं होने व फुट ब्रिज का कार्य बंद हो जाने के कारण किसानों में काफी नाराजगी है। आरओबी व फुट ब्रिज की निर्माण नहीं होने तथा इससे लोगों को हो रही परेशानी की ओर केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान खींचा जाएगा, इसके अलावा लातेहार जिले में सीएनटी एक्ट का उलंघन कर भूमि माफिया सीएनटी एक्ट के अंतर्गत आने वाले भूमि को सीएनटी एक्ट का उलंघन कर जमीन की केवाला करवा रहे है, वहीं पंचायती राज में ग्रामीणों को कोई फायदा नहीं हो रहा है, उनके छोटे मोटे कार्य जो पंचायत सचिवालय से होना उसके लिए भी उन्हें प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है, इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर किसानों का यह सत्याग्रह है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया व समूह की दीदियों को किया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं जलसहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों, मंचासीन अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल जीवन मिशन के तहत अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया एवं एसएलआरएम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त जलसहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशिक्षण के क्रम में उत्कृष्टता के लिए शॉल एवं मोमेन्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बरवाडीह प्रखंड की एसएलआरएम प्रशिक्षित नेहा कुमारी, अंबिका देवी को एसएलआरएम हेतु सर्वे पत्र देकर आज से डोर टू डोर सर्वे की शुरूआत की। उपायुक्त ने इस मौके पर जिलेवासियों को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी जीवन से जुड़े अनुभव रखें। उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। इस दिन हम न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हैं, बल्कि यह भी संकल्प लेते हैं कि हम उन्हें समान अवसर देने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से फर्स्ट फेज में चुने हुए ब्लॉक के 33 चयनित पंचायत और एक नगर पंचायत में एसएलआरएम हेतु सर्वे की शुरूआत की जा रही है। चयनित पायलट पंचायतो में 1 अप्रैल तक सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। एक अप्रैल से इन चयनित पायलट पंचायतो में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी जल सहिया,स्वयं सहायता समूह की दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरे को एकत्र करने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि रछफ्ट के तहत लातेहार जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में जल सहिया,स्वयं सहायता समूह की दीदियों की भूमिका अहम है। उन्होंने जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में सभी से अपनी महत्ती भूमिका निभाने की बात कही।

इस दौरान उपायुक्त के द्वारा नगरवासियों से भी अपने घरों के सूखा एवं गीला कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबीन रखने एवं कचड़ा वाहनों में ही कचरा डालने की अपील की गई, ताकि शहर पूरी तरह से स्वच्छ एवं सुंदर हो सके। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला वरीय पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा , जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, जेएसएलपीस डीपीएम संतोष कुमार, अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

विधायक ने मंत्री से की पहाड़ी मंदिर को पर्यटन में जोड़ने की मांग

बेतला। लातेहार-मनिका विधानसभा क्षेत्र के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने राज्य के पर्यटन और नगर ग्रामीण विकास मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से बेतला में मुलाकात कर पहाड़ी मंदिर की तस्वीर भेंट कर पहाड़ी मंदिर के विकास को लेकर पर्यटन स्थल की सूची में शामिल करते हुए मंदिर के सौंदर्यकरण के साथ रोपवे लगाने और कई माँग पर ध्यान आकर्षित कराया गया। इस दौरान जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर भी मौजूद थी। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी इस्तेखार अहमद अभय मिंज नरेश ठाकूर सईद अंसारी मनोज जायसवाल पिंटु सिंह विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह समसूल अंसारी ऐनामूल अंसारी ऐनामूल हक अनवर अंसारी दिलावर अंसारी असलम अंसारी फिरोज अंसारी पंकज तिवारी नुरूल अंसारी प्रवेज आलम आरती देवी जेएमएम नेत्री के साथ साथ सैकड़ों लोग रहे उपस्थित।

एक नजर

पलाश हर्बल गुलाल की ब्रिकी को बढ़ावा देने के लिए डीसी ने प्रदर्शनी सह ब्रिकी स्टॉल का किया उद्घाटन

लातेहार (नव प्रदेश)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में पलाश जेएसएलपीएस की दीदी समूहों द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल की ब्रिकी को बढ़ावा देने हेतु प्रदर्शनी सह ब्रिकी स्टॉल का उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा उद्घाटन किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल दीदीयों के स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने में सहायक होगा बल्कि हर्बल गुलाल जैसे पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान होगी। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, जेएसएलपीएस कार्यालय के कर्मी, सखीमंडल की दीदिया उपस्थित थे।

समाज को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को बनना होगा सशक्त : बीडीओ

बेतला (नव प्रदेश)। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने महिला दिवस पर महिलाओं को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि महिलाओं को समाज में आगे आने की जरूरत है तभी समाज का विकास हो सकता है इसलिए आज हर क्षेत्र में कड़ी चुनौती के साथ महिला अपने जगह बना रही है ।जैसे शिक्षा स्वास्थ्य राजनितिक विज्ञान सरकारी कर्मी खेल इन सभी जगहों पर नारी आज सशक्त होती जा रही है । जो आज बरवाडीह प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने पुरे बरवाडीह प्रखंड के सभी पंचायत में पहुंचकर गांव के महिलाओं से मिलकर हर समस्या से हो रही है अवगत और समस्या सुनकर समस्या से दिला रही निजात ,साथ ही महिला बीडीओ होने से बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के महिलाओं को समस्या सुनाने में मदद हो रही है।

जिप उपाध्यक्ष ने महिला दिवस पर महिलाओं को दी बधाई

लातेहार (नव प्रदेश)। जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी ने महिला दिवस के इस पावन अवसर पर समस्त महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आज उन्होंने देवघर बाबाधाम में शिव एवं पार्वती की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की,महिला दिवस के संबंध में उन्होंने बताया कि यह दिन हमारी मातृ शक्ति, संघर्ष, और समर्पण का प्रतीक है। महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी अद्वितीय छाप छोड़ रही हैं,चाहे वह शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय, या घर की देखभाल हो। समाज और देश की सफलता और समृद्धि के पीछे महिलाओं का अथक प्रयास और संघर्ष है। मातृशक्ति की जय हो, यह दिन हमें याद दिलाता है की महिलाओं को समान अवसर और अधिकार मिलने चाहिए ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें। समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है और उनकी भूमिका को हम कभी नकार नहीं सकते,उन्होंने यह भी बताया कि समाज के सभी व्यक्तियों की यह जिम्मेदारी है कि हम महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए हमेशा आवाज उठाएं।महिला दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन महिलाओं के योगदान को मान्यता देने का एक अवसर है। आज के दिन हम सभी को एकजुट होकर महिलाओं की प्रगति और उत्थान के लिए काम करने के संकल्प लेने की आवश्यकता है। तभी इस दिवस की सार्थकता होगी क्योंकि महिलाओं के बिना कोई समाज पूर्ण नहीं हो सकता। हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि समाज में ऐसा वातावरण बनाएं जहां महिला और पुरुष एक साथ कदम मिलाकर चल सके।

निर्दोष रोजेदार की पिटाई करने वालों पर हो कार्रवाई : जुनैद अनवर

चंदवा (नव प्रदेश)। चंदवा थाना के बोदा में निर्दोष रोजेदार के पिटाई मामले में खुद संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध लातेहार एसपी कार्रवाई करें। उक्त बातें झामूमो नेता जुनैद अनवर ने कहा उन्होंने कहा कि चंदवा थाना के बोदा की घटना निंदनीय है पुलिस लोगों के हिफजात के लिए होती है ना की शोषण और मार पीट के लिए इफ्तार के समय जब लोग भूख और प्यास के सिद्दत में होते है ऐसे में उन्हे बिना कोई दोष के भूख और प्यास के हालत में लाठी डंडों से पिटा जाना अमानवीय है वर्तमान समय में यह देखा जा रहा है कुछ सरकारी कर्मी भी अपने मन में धार्मिक उन्माद पाल कर रखते है और एक विशेष समुदाय के प्रति नफरत की भावना रखते है यह घटना भी उसी से प्रेरित है इस तरह के घटना से अल्पसंख्यक समुदाय में काफी रोष है पुलिस को चाहिए की एफआईआर दर्ज कर दोषी पुलिस कर्मी को गिरफ्तार किया जाए और बुरी तरह घायल नसरुद्दीन अंसारी का बेहतर इलाज पुलिस अपने खर्च पर करे उक्त मामले अगर हमे न्याय नहीं मिलता तो हम मजबूर होकर आंदोलन के लिए सड़क पर उतरेंगे।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने लाल मोती नाथ शाहदेव का किया स्वागत

महुआडांड़ (नव प्रदेश)। लातेहार से महुआडांड़ जाने के दौरान माननीय लातेहार झामुमो संयोजक प्रमुख लाल मोतीनाथ शाहदेव जी का गारू प्रखण्ड में तौकीर आलम प्रखंड अध्यक्ष एवं झामुमो कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। हेमंत सोरेन जिंदाबाद शिबू सोरेन जिंदाबाद झामुमो जिंदाबाद मोती लाल नाथ शाहदेव जिंदाबाद के नारे लगे कार्यकताओं में काफी जोश देखा गया यह स्वागत उनकी प्रतिष्ठा और प्रभाव को दशार्ता है, जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिलाध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका से स्पष्ट होता है। बताते चलें कि अभी लातेहार जिला के तमाम प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन किया जाना है जिसको लेकर लगातार लातेहार संयोजक बाल मोती नाथ शाहदेव का प्रखंडों में दौरा जारी है।

सभी पंचायतों में महिला सभा का आयोजन

लातेहार (नव प्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला के सभी प्रखंडों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज चंदवा प्रखंड के सभी पंचायतों में महिला सभा का आयोजन किया गया, साथ ही ग्राम पंचायत डुमारो में विशेष महिला सभा सह उन्मुखिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त सभा में महिला हितैषी ग्राम पंचायत निर्माण में जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तरीय कर्मियों की भूमिका,जिम्मेदारी तथा समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा के स्तर में सुधार महिलाओं के विरुद्ध सामाजिक हिंसा और कुप्रथाओं पर रोकथाम हेतु विस्तृत चर्चा किया गया।

आपसी भाईचारा के साथ होली और ईद का मनाएं त्यौहार : एसडीपीओ

बालूमाथ। बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को होली और ईद का त्यौहार को लेकर एसडीपीओ विनोद रवानी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है इस माह में ही होली का त्यौहार है आप सभी दोनों त्यौहार को आपसी भाईचारा के साथ मनाए। अंचल अधिकारी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बड़े मिलनसार हैं मुझे पूरी उम्मीद है कि आप होली का त्यौहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी खासकर सोशल मीडिया पर ऐसा कोई मैसेज नहीं डालेंगे जिससे किसी को ठेस पहुंचे। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी तरह का अफवाह में आप नहीं आए किसी तरह का सूचना मिलने पर आप पुलिस प्रशासन को तुरंत खबर करें। बैठक को संबोधन पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूवा,बीडीओ सोमा उरांव,भाजपा नेता शैलेश सिंह,राजद नेता श्याम सुंदर यादव,शेरेगड़ा पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव समेत कई लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड प्रमुख ममता देवी,पुलिस पदाधिकारी गौतम कुमार,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, प्रेम प्रसाद गुप्ता,मो नौशाद,त्रिवेणी साव, मो जुबैर,मो इमरान सहित कई लोग मौजूद रहे।

खाना बनाने के दौरान आग से जली वृद्ध महिला

बालूमाथ। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चेड़रा गांव में शनिवार को चूल्हा के आग से जलकर एक वृद्ध महिला झुलस कर घायल हो गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बारियातू चेड़रा गांव निवासी चंद्रदेव उरांव की पत्नी साधो देवी उम्र 62 वर्ष अपने घर के चूल्हा में भोजन बना रही थी की इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह चूल्हा में गिर गई। जिससे वह आग से झुलस गई। घटना के बाद परिजनों ने वृद्ध महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर चिकित्सा अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वही स्थिति को चिंताजनक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए महिला को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी ने महिलाओं को किया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा उनके अधिकारों, समानता और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए संबोधन दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों, उनके अधिकारों एवं समाज में उनके सम्मान की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक अन्याय, उनके मताधिकार, शिक्षा के अधिकार, सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं के अंत और लैंगिक समानता की दिशा में किए गए प्रयासों पर भी चर्चा की गई। नर्सिंग के विद्यार्थियों काजल एवं आदित्य ने महिला दिवस पर प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान और न्याय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि क्यों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की आवश्यकता पड़ी और यह दिवस महिलाओं के लिए कितना महत्वपूर्ण है। कॉलेज प्रशासन ने इस अवसर पर महिलाओं के योगदान को सराहते हुए सभी को उनके सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

बनहरदी कोल माइंस ने पुलिस को सौंपा पांच बाइक

लातेहार (नव प्रदेश)। समाहरणालय परिसर के एसपी कार्यालय के समक्ष आज एक कार्यक्रम में बनहरदी कोयला खनन परियोजना पीवीयूएनएल के द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लातेहार पुलिस को 5 टीवीएस अपाची बाइक की चाभी कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को सौंपा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय लातेहार में आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सीईओ-पीवीयूएनएल आर के सिंह द्वारा बताया गया कि इन वाहन से पुलिस प्रशासन को गस्ती गतिविधि सुदृढ़ करने तथा लातेहार जिला के सुदुरवर्ती इलाकों में सुगमता से पहुंचने एवं समाज की सुरक्षा में सहायता मिलेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य की सराहना की गई एवं पीवीयूएनएल को धन्यवाद कहा गया। कार्यक्रम के दौरान लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार बनहरदी कोयला परियोजना के महा प्रबंधक के. चंद्रशेखर, अपर महाप्रबंधक से आर.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर, जीवनेंदू महापात्र, अमरेश चंद्र राउल, वशिष्ठ प्रबंधक विनेश कुमार, भानू प्रकाश, सुबोध जॉन पूर्ति , कार्यपालक कुमारी पूजा, अबीर नाथ लाल, शुभंकर मंडल एवं अन्य कर्मचारी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बालूमाथ में एसएलआरएम के अंतर्गत सर्वे का किया गया शुभारंभ

लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें जिलेवासी : उपायुक्त

◆ **बनियो में सोलर ड्रायर का किया गया उद्घाटन**

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार। सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत 'क्लीन एंड ग्रीन लातेहार' मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु आज प्रखंड कार्यालय, बालूमाथ में एसएलआरएम के अंतर्गत सर्वे का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आप सभी जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है, ताकि जिले को मॉडल जिला बनाया जा सके। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आज से फर्स्ट फेज में चुने हुए सभी प्रखंडों से 33 चयनित पायलट पंचायत और एक नगर पंचायत में एसएलआरएम हेतु सर्वे की शुरूआत की जा रही है। आज बालूमाथ प्रखंड के चयनित पायलट पंचायत चेताग, बसिया, मरंगलोइया, बालूमाथ पंचायत में सर्वे की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों के द्वारा डोर टू डोर सर्वे का कार्य किया जाएगा और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाएगा तथा सूखे और गीले कचड़े को अलग अलग डस्टबिन में रखने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

इस पायलट पंचायतो में 1 अप्रैल तक सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। एक अप्रैल से इन चयनित पायलट पंचायतों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी जल सहिया,स्वयं सहायता समूह की दीदियों के द्वारा डोर टू डोर कचरे को एकत्र करने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसका उद्देश्य है जो भी जैविक व अजैविक कचरा प्रबंधन है दोनो के प्रबंधन के ऊपर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी को चाहिये कि हम अपने आस-पास के लोगो को साफ-सफाई हेतु प्रेरित करें। यदि हम ऐसा करते हैं तभी जाकर स्वच्छता को बल मिलेगा एवं सही मायने में क्लीन एंड ग्रीन लातेहार का स्लोगन चरितार्थ होगा। ऐसे में आप सभी से अपील है की अपने आस पास के लोगो को गीला व सूखा कचरे को अलग अलग डस्टबिन में डालने हेतु जागरूक करें। इसके पश्चात उपायुक्त के द्वारा बालुमाथ प्रखंड के बनियो ग्राम में सोलर ड्रायर का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बालूमाथ, हेरहंज, बरियातू प्रखंड में सोलर ड्रायर का अधिष्ठापन किया जा रहा है। जहां पर प्रमुख रूप से टमाटर की खेती होती है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय अर्जित करने में भी मदद मिलेगी। इससे महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा और शुद्ध जैविक फलों और सब्जियों की बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी जा रही है। सोलर ड्रायर फलों और सब्जियों जैसी उपज से नमी हटाते हैं। सिस्टम के भीतर उत्पन्न गर्मी नमी को वाष्पित कर देती है और उपज की शेल्फ-लाइफ बढ़ा देती है। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य उपस्थित थे।

स्व. शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन

फाइनल में कोलकाता को पराजित कर झारखंड की टीम बनी चैंपियन

● हरभजन सिंह और सुरेश रैना को देखने के लिए उमड़ी भीड़

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिले के बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में के समापन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह शामिल हुए साथ ही मंच पर राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित कई लोग मौजूद रहे। क्रिकेट को बढ़वा देने के उद्देश्य से सुरेश रैना और हरभजन सिंह लिए ने फ्रैंडली मैच खेला ताकि क्रिकेट को प्रमोट कर सके। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना को देखने के लिए स्टेडियम में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी लोग क्रिकेटरों को देखने के लिए बड़े संख्या में स्टेडियम पहुंचे थे। दोनों खिलाड़ियों ने धीरज प्रसाद साहू और साहू परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का प्रतियोगिता से स्थानीय खिलाड़ियों को काफी लाभ होगा। धीरज प्रसाद साहू के प्रयास से काफी खूबसूरत मैदान बनाया गया है। दोनो ने स्थानीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर दोनों क्रिकेटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला क्रिकेटरों को कीट देकर सम्मानित भी किया गया। टूनार्मेंट का फाइनल मैच झारखंड और कोलकात्ता के बीच खेला गया। जिसमे झारखंड की टीम विजेता बनी। इस दौरान राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा इस तरह का आयोजन लोहरदगा और पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है इससे खेल को बढ़ावा मिलेगा और उसका लाभ राज्य के युवाओं को होगा। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू जी के प्रयास से इस तरह के आयोजन हुआ जो लोहरदगा की एक अलग पहचान बना रही है लोहरदगा जैसे छोटे जिले में इस तरह खुद में एक बड़ी बात है लोग भी खूब मनोरंजन कर रहे हैं और खिलाड़ी भी अपने प्रतिभा दिखा रहे हैं ये एक अच्छी पहल हैं।

56 रन से जेएससीए झारखंड की टीम ने कोलकाता को पराजित कर कप पर किया कब्जा

फाइनल मैच में टॉस जीतकर कोलकाता की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वहीं जेएससीए झारखंड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर में 222 रन बनाए। टीम की ओर से अरविंद कुमार ने शानदार शतक जड़ते हुए 152 का स्कोर किया। वही टीम के श्रेष्ठ सागर 19, विराट सिंह 18 रनों का योगदान दिया। वहीं कोलकाता के गेंदबाज सक्षम चौधरी 2 विकेट, अंकुर, एरका और प्रियांशु ने एक एक विकेट प्राप्त किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कलकत्ता की टीम 17 ओवर में 166 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सुप्रोदीप देवनाथ 36, एशीक पटेल 34, दीपक 33, कुमार अश्विन 27 रनों का योगदान दिया। वहीं जेएससीए टीम के गेंदबाज बाल कृष्ण 3, अभिषेक यादव 3, साहिल और रौनक एक एक विकट प्राप्त किया। इस तरह जेएससीए टीम ने फाइनल मुकाबला 57 रनों से जीत दर्ज कर चैंपियन बना। मैच के बाद दोनों टीमों को पुरस्कार देकर डीपी साहू ने सम्मानित किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

सांसद सुखदेव भगत ने किया मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन, कहा

मिलेगी लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। लोकसभा सांसद सुखदेव भगत ने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद सुखदेव भगत ने इस अवसर पर कहा कि यह मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन (मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल) के जरिये उपलब्ध होगा जिसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क होगी। लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन,दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जायेगा। इस वैन की उपलब्धता कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसका संचालन एपीरोन संस्था द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, एपीरोन संस्था के डॉ पद्म चरण बहेरा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला अधिवक्ता संघ की बैठक में लिए फैसले : 12 मार्च को होगा होली मिलन

मार्च में चुनाव, नई कमिटी जल्द लेगी कार्यभार

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिला अधिवक्ता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। संघ की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 12 मार्च 2025 को दोपहर 1:00 बजे से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। अधिवक्ताओं के आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने और खुशियों को साझा करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी अधिवक्ताओं की सहभागिता अनिवार्य मानी जाएगी, जिससे आपसी समन्वय और भाईचारे को बढ़ावा मिल सके। संघ ने आगामी मार्च माह में संघ का चुनाव कराने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं द्वारा अंशदान जमा करने के तुरंत बाद आम सभा का आयोजन कर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

संघ के सदस्यों ने निर्णय लिया कि चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद तीन दिनों के भीतर नई कमिटी को कार्यभार सौंप दिया जाएगा। कार्यभार के हस्तांतरण में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह भी तय किया गया कि नवगठित कमिटी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ ही सभी प्रशासनिक और वित्तीय दस्तावेज सौंपे जाएंगे। संघ की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह भी तय किया गया कि पूर्व सचिव और पूर्व कोषाध्यक्ष के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा। संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए इस निर्णय को आवश्यक बताया ताकि संघ में जवाबदेही और वित्तीय पारदर्शिता बनी रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पुजारी ने की। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह, महासचिव दीपक शाहदेव, विक्रम कुमार, फुन्नी साहू, पवन कुमार, नरेंद्र मिंज, विनय साहू सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे। संघ की इस बैठक में लिए गए निर्णयों को अधिवक्ता समुदाय ने एक सशक्त पहल बताया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में संघ की कार्यप्रणाली और अधिक संगठित और पारदर्शी होगी।

कार्यक्रम | राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

1216 केसों का किया गया निष्पादन 1,97,71,717 रुपए की हुई वसूली

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार 8 मार्च 2025 को वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर, एसपीओ श्रद्धा केरकेट्टा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने बताया कि झालसा, रांची के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में डालसा लोहरदगा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। वहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उर्सलाइन कॉन्वेंट और डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्राओं को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पीएलवी नेम्हंति मिंज को कार्य को अच्छे ढंग से संपादित करने के लिए पुरुस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफलता पूर्वक करने के लिए छह बेंच का गठन किया गया था। जिसमें बेंच संख्या एक इलेक्ट्रिसिटी एक्ट मामले के लिए जिला जज प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, बेंच संख्या दो फैमिली वाद, एमएसीटी केस, क्रिमिनल अपील, सिविल अपील और मेट्रिमोनियल केस के मामलों के लिए जिला जज द्वितीय निरजा आसरी, बेंच संख्या तीन एमवी एक्ट, म्युनिसिपल, लेबर, रेवेन्यू, सर्टिफिकेट केस सहित अन्य मामलों के लिए सब जज द्वितीय अर्चना कुमारी, बेंच संख्या चार एनआई एक्ट, एक्साइज केस, मिनिमम वेजेज केस सहित अन्य मामलों के लिए सीजेएम केके मिश्रा, बेंच संख्या पांच बीएसएनएल, बैंकों के मामलों के लिए जेएम प्रथम जया स्मिता कुजूर और बेंच संख्या छह कंज्यूमर फोरम के लिए कंज्यूमर फोरम के सदस्य नन्द लाल प्रसाद के नेतृत्व में बेंच का गठन किया गया। वहीं उन्होंने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में कुल 1216 वादों का निष्पादन किया गया। साथ ही 1,97,71,717 रुपए की वसूली हुई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 219 वाद विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। मौके पर डीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, पीएलए चेयरमैन शिव कुमार, एसडीओ अमित कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पुजारी, अधिवक्तागण, बैंक कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

महिला समूहों को दिलायेंगे दो लाख तक की सहायता : सांसद

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा । शंखधारा महिला विकास मंडल लोहरदगा कुडू के तत्वावधान में महिला दिवस के मौके पर शनिवार को प्रखंड के नावाटोली मैदान में महिला महाअधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद सुखदेव भगत शामिल हुए।मौके पर सांसद ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य की महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन लगातार प्रयासरत हैं। महिलाओं को स्वावलंबी तथा सशक्तिकरण किये बगैर समाज, राज्य तथा देश के विकास की बात करना बेमानी है। महिलाएं पुरूषों की तुलना में अधिक काम करती हैं। महिलाओं में श्रम शक्ति अधिक होती है। डायन बिसाही कुछ नहीं होता है। डायन कहकर महिलाओं को प्रताड़ित करना सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं हैं, लाचार महिलाओं को अंधविश्वास के कारण प्रताड़ित करना अपराध है। शराब और नशा समाज के लिए ठीक नहीं, नशा से दूर रहने की जरूरत हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि बच्चों को पढ़ाये। इससे समाज आगे बढ़ेगा। सांसद ने कहा कि महिला समूह को स्वरोजगार के लिए दो लाख तक सहायता दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं सभी काम कर सकती हैं इसलिए वे सेल्फ - हेल्फ बनें। मौके पर शंखधारा महिला विकास मंडल की अध्यक्ष बालवती देवी ने बताया कि कुडू प्रखंड के 14 गांवों के 52 महिला समूह का गठन करते हुए शंखधारा महिला विकास मंडल का शुभारंभ किया गया था। अब प्रखंड के 64 गांवों में 1108 महिला समूहों का संचालन हो रहा है। मौके पर कई महिलाएं मौजूद थीं।

एक नजर

निःशुल्क सनातन हिंदू शिक्षा केंद्र का शुभारंभ आज, नीदरलैंड की समाजसेवी करेंगे उद्घाटन

लोहरदगा/नवप्रदेश। जिले में लोगो को सनातन हिंदू धर्म से परिचित कराने के लिए लोहरदगा में सनातन शिक्षा केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है। वैदिक गुरुकुल के नाम से प्रारंभ हो रहे संस्था जनमानस में सनातन संस्कृति के प्रति चेतना उत्पन्न करने के कार्य करना संस्था का मुख्य उद्देश्य है। सरल रूप से- वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य एवं वैदिक विद्वानों द्वारा निःशुल्क दिए जाएंगे। इस केंद्र का उद्घाटन रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर कोर्ट रोड पावर गंज चौक में आज रविवार को अपराहन 3:00 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीदरलैंड, (यूरोप) से समाजसेविका सावित्री गजाधर, अध्यक्षता वीरेंद्र मित्तल, विशिष्ट अतिथि के रूप में मदन मोहन पांडे , राजेंद्र खत्री , विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार सहित जिले के अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

सीएससी सेंटर में सीओ ने की छापेमारी, लैपटाप जब्त

भंडरा/नवप्रदेश। प्रखंड में एक सीएसई संचालक द्वारा फर्जी तरीके से जाली सर्टिफिकेट बनाने की गुप्त सूचना पर सीओ दुर्गा कुमार ने भंडरा झखरा कुंबा स्थित सीएसई सेंटर में छापेमारी की है। इस दौरान सीओ दुर्गा कुमार ने सीएसई संचालक के साथ-साथ दुकान से लैपटाप, रजिस्टर को जब्त कर भंडरा थाना को सुपुर्द कर अग्रतर जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

लोहरदगा/नवप्रदेश। पी.एम.श्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय किस्को में महिला दिवस के अवसर पर सेंसाई सूर्यवती देवी के द्वारा एक दिवसीय विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका खुशबू सिंह ने सहयोग किया। इस मौके पर सेंसाई सुर्यावती ने बताया कि अभी के दौर में सभी बच्चियों और महिलाओं को आत्मरक्षा का ज्ञान होना निहायत जरूरी है। जिसके लिए हम महिलाओं और बालिकाओं को कराटे सीखने के लिए प्रेरित करते हैं। क्योंकि कराटे ही आत्मरक्षा का सर्वोत्तम साधन है। इस मौके पर वार्डन ने बताया कि नारी केवल घर की नहीं बल्कि देश की शान होती है। पहले की तुलना में महिलाएं आज ज्यादा सक्षम है अब महिलाएं अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करना जानती है। आज हर क्षेत्र महिलाओं की उपलब्धियां गिनाई जा सकती है। इसलिए सभी महिलाओं और बच्चियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त करके खुद आत्मरक्षक बनना चाहिए। इस मौके विद्यालय की वार्डन एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पेंशनर भवन में कार्यक्रम आयोजित

लोहरदगा/नवप्रदेश। महिलाओं का सहयोग और पुरुषों की मानसिकता में बदलाव से ही देश और दुनिया का विकास संभव है, क्योंकि महिला और पुरुष जीवन के दो पहिए हैं। यह बात अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन जिला शाखा-लोहरदगा के तत्वावधान में पेंशनर भवन समाहरणालय परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा कही गई। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने जीवन में घटित घटनाओं का वर्णन करते हुए देश-दुनिया में महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो को विस्तार से सदन में प्रस्तुत किया तथा भविष्य में जिला प्रशासन से एक जगह महिलाओ? को एकत्रित कर जागरूक और प्रेरित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 91 वर्षीय महिला सूर्यमुखी कुजूर ने की तथा समाहरणालय के कई विभाग सहित, शिक्षा विभाग, नगर परिषद तथा पेंशनर समाज की महिलाओं ने संबोधित किया। साथ ही अगले वर्ष महिला दिवस धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया। महेश कुमार सिंह ने महिला दिवस के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित तमाम महिलाओं का अभिन्दन एवं स्वागत किया।

जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेले का हुआ आयोजन

लोहरदगा/नवप्रदेश। झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी एवं पुस्तक मेला 2024-25 का आयोजन नगर भवन प्रखंड परिसर में किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना अभिजीत कुमार, नगर प्रशासक नगर परिषद मुक्ति कीडो,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एमलिन सुरीन, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार, लीगल एडवाइजर तृषा पांडे आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिले के सातों प्रखंडों के चयनित प्रतिभागियों के बीच कराया गया।

पलाश हर्बल गुलाल की प्रदर्शनी और बिक्री की शुरुआत

खूंटी/नवप्रदेश। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस), खूंटी के पलाश मार्ट की ओर से पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री आठ से से 13 मार्च तक बाजार टांड़, बिरसा कॉलेज के समीप आयोजित की गई है, जिससे होली के शुभ अवसर पर लोग प्राकृतिक रंगों का आनंद उठा सकें। जिला प्रशासन की ओर जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पलाश हर्बल गुलाल की कुछ विशेषताएं हैं। यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों जैसे पालक, बीट, फूल और गाजर से बनाया गया है, जो त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है। विभिन्न जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जो होली के उत्सव को और भी खास बना देगा। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे, जिनमें मड़ुवा से बने नमकीन, मीठाई, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। यह पहल स्थानीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को भी प्रोत्साहित करेगी।

श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का छठा वार्षिकोत्सव भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ

हजारों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल सनातन मजबूती का दिया संदेश

- आज से होगा मानस प्रवचन, अयोध्या की युवा विदुषी करेंगे संबोधित
- भव्य मेले का भी होगा शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

चौपारण । श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा छठा वार्षिक उत्सव सह पांच दिवसीय यज्ञ की शुरूआत बहुत सुंदर और आकर्षक कलश यात्रा के साथ महिला दिवस के अवसर पर हजारों की संख्या में कलशधारी महिलाओं ने सनातन मजबूती को लेकर एकजुट का नगर भ्रमण किया। बिगहा स्थित गढ़ काली मंदिर प्रांगण के यज्ञ मंडप से महिलाओं ने सुंदर कलश को अपने माथे पर रखकर पूरे मंदिर परिसर की परिक्रमा करते हुए चौपारण के ताजपुर स्थित छठ तालाब से पवित्र जल संग्रहण कर वापस पुणः यज्ञ मंडप में क्षेत्र के सुख, शांति, विकास के संकल्प के साथ मंडप में 5 दिनों के लिए स्थापित कर दिया। छठे वार्षिकोत्सव के लिए निकाले गए इस कलश यात्रा की शुरूआत निमोर्ही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज तथा तारापीठ के खडेश्वरी बाबा के द्वारा गढ़ के ऊपर बजरंगी पताके के ध्वजारोहण के साथ हुई। इस दौरान उन्होंने सनातन की मजबूती के संकल्प के साथ ध्वजारोहण किया तथा लोगों को आपस में जुट कर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सनातनियों ने अपनी आस्था और श्रद्धा का जो प्रदर्शन किया है वह अतुल्नीय है। हर सनातनी को अपने-अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के विकास के साथ बडे आयोजन कर लोगों में सामाजिक चेतना तथा समरसता का उत्थान करना चाहिए। इसमें हिंदू संस्कृति की जडो को मजबुत करना चाहिए।

हनुमंत सेवा संस्थान बीते 6 साल से पूरे चौपारण प्रखंड में बेहद सुंदर आयोजन कर रहा है। यही कारण है कि हर साल मैं इस पवित्र भूमि पर अवश्य आता हूं । वहीं कलश यात्रा के पहले विधायक मनोज कुमार यादव जी ने भी माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह का धार्मिक आयोजन बीते 6 साल से लगातार आयोजित हो रही है। यह मंदिर आस्था और श्रद्धा का परम केंद्र है। इस मंदिर के विकास के लिए हर तरह का सहयोग जारी है। जल्द ही इसे पर्यटन विभाग राज्य सरकार द्वारा सुंदरीकरण भी किया जाएगा ।

उन्होंने श्री हनुमान सेवा संस्थान के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इसके बाद सड़क पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष जल यात्रा में शामिल होते हुए ईश्वर के जय जयकारों के साथ निकले। यात्रा में जीवंत झांकी की भी प्रस्तुति मनमोहक रही। भारत माता की वेशभूषा में तथा दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती के रूप धारण किए हुए बच्चियों ने महिला दिवस पर बहुत सुंदर संदेश देते हुए देखें। यात्रा की भव्यता में सियरकोनी जगन्नाथ मंदिर के संचालक डॉक्टर केशवानंद प्रभु ने अपनी पूरी टीम के साथ हरे रामा हरे कृष्ण के पवित्र मंत्र कर के साथ झूमते नजर आए। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए दिखे। छठ तालाब के समीप यज्ञ आचार्य बालमुकुंद पांडे द्वारा जल संग्रहण करवाया गया । इस दौरान देवताओं के आहवान तथा संकल्प दिलाया गया।

यात्रा वापसी के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ में बतौर पुजारी प्रेम चंद्रवंशी तथा कुमार राहुल सपत्नीक शामिल हुए। आयोजन में प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह,मुखिया गंदौरी दांगी,अरविंद सिन्हा, मो सफाल, बिराज रविदास, शंकर यादव, विकास यादव, समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। वहीं यज्ञ समिति के आनंद चंद्रवंशी, दिलीप राणा,समेत दर्जनों सेवक लगे रहे। इस आयोजन में विहिप के अध्यक्ष संजय सिंह , प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, प्रखंड मंत्री मुनेश्वर कुमार, प्रखंड सह मंत्री अभिषेक सिंह,प्रखंड बजरंग दल संयोजक दयानंद यादव, विद्यार्थी प्रमुख अभयकांत यादव, सुरक्षा प्रमुख अनिल सिंह ,सत्संग प्रमुख मदन चंद्रवंशी ,आरएसएस कुलदीप पांडे, गजाधर प्रसाद,का सक्रिय सहयोग रहा।

आज से मानस प्रवचन अयोध्या की विदुषी करेगी धार्मिक व्याख्यान

छठे वार्षिकोत्सव पर लोगों की धार्मिक चेतना को प्रगाढ़ करने के ध्येय से देश के प्रख्यात युवा महिला कथाकार अयोध्या की शिवांगी गोस्वामी को आमंत्रित किया गया है। आज से ही इनकी कथा प्रारंभ होगी। क्षेत्र में श्रद्धालुओं विशेषकर महिला श्रद्धालुओं के बीच भक्ति का संचार के लिए इनका मानस प्रवचन होगा। हर साल देश के कई प्रख्यात कथा कार का आगमन यहाँ हो चुका है।



आज से मेले का भी भव्य शुभारंभ

वार्षिकोत्सव का आकर्षण भव्य मेला का आयोजन भी है। इसकी भी शुरूआत आज से होगी। मेले में बड़े तथा छोटे अनेक प्रकार के झुले लगाये गये हैं। आयोजकों ने मेले के संचालकों को झुले के आयोजन के पूर्व पूरी सावधानी बरतने, सुरक्षा के मानकों को पूरा करने की सलाह दी है। किसी भी तरह की लापरवाही झूले के संचालकों द्वारा नहीं बरती जाये, इसकी विशेष सलाह दी गई। वहीं मेले और झुले के लिए पुलिस प्रशासन से विशेष पुलिस बल के पदस्थापन के लिए आवेदन दिया गया है।

श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव में उमड़ा भक्ति का सागर

निकली भव्य ध्वजा निशान यात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग। श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन श्याम भक्त परिवार द्वारा भव्य ध्वजा निशान यात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और भक्तिरस से सराबोर वातावरण में यात्रा की शुरूआत राणी सती मंदिर से हुई, जहां प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। भक्तों ने बाबा के चरणों में पुष्प अर्पित कर आरती की और मंगलकामना की। यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। सबसे आगे हनुमान जी के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उनके पीछे बच्चे प्रभु श्री श्याम के भजनों पर नृत्य करते नजर आए। सुसज्जित रथ पर विराजमान बाबा श्याम के शीश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिलाएं लाल-पीली साड़ियों में रंग-बिरंगे निशान लिए भक्तिरस में झूम रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु ह्यजय श्री श्यामह्न के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। राधा-कृष्ण स्वरूप में कलाकारों के नृत्य ने आयोजन को और भव्य बना दिया। सांसद मनीष जायसवाल ने राणी सती मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर भक्तों से भेंट की और इस आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया। निशान यात्रा शहर के प्रमुख चौकों से गुजरते हुए मुनका बगीचा में संपन्न होगी, जहां संध्या 5 बजे से भजन-कीर्तन, अखंड ज्योत और फूलों की होली जैसे दिव्य आयोजन होंगे।

दामोदर घाटी निगम ने महिलाओं के सम्मान में किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

महिला: सृजन की शक्ति, सम्मान की प्रतीक : संजय कुमार

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दामोदर घाटी निगम द्वारा महिलाओं के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की हजारीबाग सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी और देवांगना सेवाकेंद्र की संचालिका तृप्ति दीदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं को सम्मानित किया गया। दामोदर घाटी निगम के निर्देशक संजय कुमार, सहयोगी एस.के. शर्मा और राहुल कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। निर्देशक संजय कुमार ने ब्रह्माकुमारी बहनों को शॉल, बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और कहा कि महिला केवल एक दिन के सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि वह हर दिन सम्मान की अधिकारी है। वह सृजन की शक्ति है, जो समाज की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखती है। एस.के. शर्मा ने कहा कि बिना नारी के सृष्टि की उत्पत्ति भी संभव नहीं होती। ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हर महिला को पहले स्वयं का सम्मान करना सीखना चाहिए। जब हम खुद को स्व-सम्मान में रखते हैं, तो फिर किसी और के सम्मान या अपमान से प्रभावित नहीं होते। स्वतंत्रता का अर्थ उदंडता नहीं होना चाहिए। हमें अपनी सभ्यता, संस्कृति और कर्तव्यों की स्मृति रखनी होगी। उन्होंने महिलाओं को समाज की धुरी बताते हुए उन्हें अपनी गरिमा बनाए रखने और आत्म-सम्मान को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं को प्रेरणादायक उपहार भेंट किए गए। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि महिला केवल सम्मान की हकदार नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति भी है।

सदर प्रखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी

जनप्रतिनिधियों को योजनाओं से बाहर रखने का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता



हजारीबाग। सदर प्रखंड में सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। प्रखंड प्रशासन पर पंचायत समिति और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को योजनाओं से दूर रखने का आरोप लगा है। सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों को सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं दी जाती, न ही मासिक बैठकों का सही से आयोजन किया जाता है। इससे विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित पशुधन योजना में भी धांधली की बात सामने आई है, जहां ग्राम सभा की अनदेखी कर अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं।

रविकांत सिंह ने अंचल कार्यालय में भी गहरी जड़ें जमा चुके भ्रष्टाचार की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि जाति, आवासीय और अन्य प्रमाण पत्र बनवाने में छात्रों और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। कार्य दिवस के दौरान अधिकारी अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं, जिससे जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी खुद को पूरे प्रखंड का मालिक समझकर काम कर रहे हैं, जबकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कई बार जांच की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। रविकांत सिंह ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता और जनप्रतिनिधि बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

श्री राम परिवार एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ की बैठक

हजारीबाग/नवप्रदेश । शनिवार को दोपहर 3 बजे गायत्री शक्तिपीठ गायत्री नगर खजांची तालाब हजारीबाग में ब्रजकुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भगवान सूर्य नारायण प्रभु श्री राम परिवार एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ के संदर्भ में परिजनों की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में यज्ञ समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया तथा पुन: अगली बैठक 16 मार्च को करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा को भव्य रूप से मनाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा में परिवार के सभी लोगों ने अपना अपना मंतव्य रखा। साथ ही इस प्रार्थना प्रतिष्ठा में शहर के सभी लोगों के शामिल होने और प्रसाद वितरण को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में राजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, अरविंद कुमार, मनोज सागर राणा, राजेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रकांत सिंह, कृष्ण किशोर प्रसाद, हेमराज साहू, मनोज नारायण भगत एवं शंभू शरण गुप्ता उपस्थित हुए।

आंदोलनकारियों को ठग रही है राज्य सरकार : मेहता

नवप्रदेश संवाददाता



हजारीबाग। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, हजारीबाग इकाई द्वारा आज उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया. धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता एवं संचालन जिला महासचिव गणेश कुमार सीटू और उपाध्यक्ष नंदलाल साव ने किया. इस धरने को संबोधित करते हुए पुर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड सरकार उन आंदोलनकारी को अनदेखा कर रही है जिनके आंदोलन के कारण आज वें प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हुए हैं. इन आंदोलनकारी के आंदोलन का परिणाम है झारखंड अलग राज और आज 25 वर्ष पूरा हो गया पर आज तक आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं किया जाना यह झारखंड के लिए दुर्भाग्य है. जिन लोगों ने झारखंड अलग राज्य के लिए खून पसीना बहाकर एक किया आज एक आंदोलनकारी का प्रमाण पत्र पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. यह राज्य सरकार के लिए शर्म की बात है. मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद से आज तक लगभग 25 बार राज्य सरकार बजट पेश की है लेकिन एक भी बजट में झारखंड आंदोलनकारियों के लिए 1 रूपया का भी प्रावधान बजट में. नहीं किया गया है जो शर्मनाक है वर्तमान मुख्यमंत्री जो झारखंड के हैं वह झारखंड आंदोलन आन्दोलन की उपज नहीं है इसलिए झारखंड आंदोलन के महत्व को यह समझ नहीं रहे है लेकिन उनके लिए यह अच्छा होगा कि जितना जल्दी हो वह झारखंड अलग राज्य के लिए चले संघर्ष के महत्व को समझें और आंदोलनकारियों के उचित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए इनके मांगों को तत्काल पूरा किया जाए नहीं तो अलग राज्य की तरह एक बार फिर एक आंदोलन झारखंड में होगा जिसकी शुरूआत 24 मार्च 25 को विधानसभा घेराव से आरंभ हो रहा है. धरने को हजारीबाग के वरिष्ठ अधिवक्ता पुराने आंदोलनकारी अनिरुद्ध प्रसाद, महेंद्र ठाकुर, जय नारायण मेहता, अर्जुन कुमार मेहता, निसार अहमद,बालेश्वर प्रसात, गौतम प्रसाद, अजय साव, दुलारचंद प्रसाद, तपेश्वर राम भुईया, मथुरा महतो, प्रेमचंद गुप्ता, बद्री महतो, सुधीर यादव, लालधन महतो, रामेश्वर राम कुशवाहा, दशरथ राय, महेंद्र राम, भीम मेहता, राधे कुमार, बद्री महतो खलील अंसारी, ठाकुर राम महतो, बोकारो, ललित महतो बोकारो, कृष्ण कुमार मेहता हकीम अंसारी, दीपक कुमार, मेहता, अर्जुन राम, राजू कुमार वर्मा चतरा, संतान सोनी चतरा, महेश मांझी, नंदलाल प्रसाद मेहता, विजय साहू, जमालुद्दीन अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया अंत में पेंशन के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त किया जाए आंदोलन कार्यों को सम्मानजनक पेंशन दिया जाए आंदोलन कार्यों के लिए कल्याण बॉर्डर कल्याण कोष का निर्माण किया जाए आंदोलनकारी को पहचान पत्र दिया जाए सहित 12 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को उपायुक्त, हजारीबाग के माध्यम से सोपा गया. केंद्रीय अध्यक्ष ने दशरथ राय को हजारीबाग का कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजू लाल वर्मा को अध्यक्ष, संतान सोनी को सचिव, रामसेवक दांगी को उपाध्यक्ष चतरा मनोनीत किया. इस धरना में जिले के 16 प्रखंडों के कई लोगों ने भाग लिया.

एक नजर

पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

हजारीबाग/नवप्रदेश। हजारीबाग कोरा पुलिस में कनहरी हिल स्थिति से पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रेवली निवासी मनीष कुमार पिता नकुल साव के रूप में हुई है ।इस संबंध में कोरा थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की कन्हरी हिल के समीप पार्किंग में एक व्यक्ति देसी कट्टा लेकर रंगदारी कर रहा है उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल की गठन किया गया उक्त छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया जिसमें उक्त व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। एवं पकड़े गए जिस पर कांड संख्या 45/25 के तहत मामला दर्ज न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

बगोदर विधायक ने रखी पुलिया की आधारशिला

विष्णुगढ़/नवप्रदेश । प्रखंड अंतर्गत बरांई में बगोदर के भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने शनिवार को पुलिया की आधारशिला रखी ।इसका निर्माण जिला योजना अनाबद्ध निधि से होगा। इसकी लागत 53 लाख रुपए से ज्यादा है। शिलान्यास स्थल पर लोगों को संबोधित करते विधायक ने कहा कि सड़क और पुल–पुलिया किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अहम है ।पुलिया के अभाव में लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही थी। पुलिया बन जाने से कई ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी ।वहीं काली मंदिर से बांध तक पक्की सड़क बनाने का उन्होंने ग्रामीणों को आश्वाशन दिया ।मौके पर जिला परिषद सदस्य शेख तैयब,दिलीप महतो,योगेंद्र यादव,अशोक मंडल,मुन्ना कुमार,मनोज कुमार,संदीप मंडल,घनश्याम रजक,सोनू साव,उमेश रजक, कारू सिंह,हिरामन ठाकुर,मनोज मंडल,अमजद अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने स्वास्थ्य शिविर एवं अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हजारीबाग/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा हजारीबाग सदर विधायक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ–साथ अंगदान जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंगदान के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल की टीम ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीएमआई चेकअप, आंखों की जांच, स्त्री रोग संबंधी जांच और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया और चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चिकित्सकों ने अंगदान की प्रक्रिया, उसके महत्व और उससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति का अंगदान कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे सकता है। जागरूकता अभियान के अंत में भाजपा महिला मोर्चा की कई सदस्यों ने अपने अंगदान का संकल्प लिया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक पहल रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास स्वास्थ्य जागरूकता और मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा की महिलाएं समाज का अभिन्न अंग हैं और उनका स्वास्थ्य और कल्याण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भाजपा महिला मोर्चा का यह प्रयास समाज में स्वास्थ्य और सेवा भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षी राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अंगदान जैसे पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। कार्यक्रम के अंत में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पारस हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज की टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में एक सफल पहल के रूप में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाया।

वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल विरासत सम्मेलन



मेदिनीनगर/नवप्रदेश। बिस्फुटा स्थित पलामू भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में अटल विरासत पर कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसका संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद झारखंड के वरिष्ठ नेता श्री सुनील सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन अद्भुत व्यक्तित्व का रहा है उनके नेतृत्व क्षमता को देश ही नहीं दुनिया ने भी सराहा है। 1977 के बाद 24 दलों की सरकार चलाने का इतिहास भी पार्टी के श्रद्धा अटल जी के नाम पर है और उसी के भरोसे पर 2014 से आज 2025 तक आम जनता एवं विभिन्न विचारों की राजनीतिक पार्टियों के साथ गठबंधन की सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अग्रसर है। इसका उदाहरण है स्वर्णिम चतुर्भुज योजना जो अटल जी द्वारा शुरू की गई थी आज भी पूरे देश में बड़े स्तर पर चल रही है। वैश्विक स्तर पर भी अटल जी ने जो देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने का कार्य जो शुरू किया था और लगातार मोदी जी के नेतृत्व में जारी है। झारखंड निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर उन्हें नमन करते हुए हम सभी कार्यकर्ता संकल्प ले के कि उनके सपनों का भारत बनाने का हम सभी जीवन भर प्रयास करेंगे यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक अटल जी का पूरा जीवन प्रेरणादायक रहा है। एकात्म मानववाद दर्शन के मूल मंत्र पर देश चल पड़ा है और आने वाला समय में भारत विश्व गुरु बनेगा। राष्ट्र के प्रति समर्पण आदर्श दूरदर्शिता अटल जी के जीवन शैली को प्रदर्शित करती है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शब्दों में प्रखर वक्ता एवं दीनदयाल जी के शब्दों में महान विचारक के रूप में अटल जी जाने जाते रहे हैं। कवि एवं संपादक के रूप में भी अटल जी ने राष्ट्र को गौरवांवित किया है हम सभी को आज भी उनसे राष्ट्रभक्ति राष्ट्र चिंतन सीखने का प्रयास करना चाहिए। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि अटल जी भाजपा के लिए ही नहीं राष्ट्र के लिए भी बहुमुखी प्रतिभा के युगपुरुष रहे हैं। वर्तमान भारत में सड़क से लेकर देश के संसद तक संघर्षरत अटल जी के विचार एवं संवाद को अपनी पार्टी ही नहीं विपक्षी पार्टिया भी उनके नेतृत्व की प्रशंसा करती थी। हम सभी कार्यकताओं को अटल जी के जीवन संस्करण से आज भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिल रहा है उनके बताएं मार्गदर्शन हम सभी को चलना भी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह परशुराम ओझा उदय शुक्ला अजय तिवारी लवली गुप्ता जय दुबे शिवकुमार मिश्रा अरविंद सिंह धर्मेंद्र उपाध्याय अभिमन्यु तिवारी प्रिरंजन कुमार धीरेंद्र दुबे विजय कुशवाहा सतीश पासवान शशि भूषण पांडे राजेश सिंह सुरेंद्र विश्वकर्मा श्वेताग गर्ग जितेंद्र तिवारी छोटू सिंहा अजय सिंह सुधीर प्रसाद दीपक सिंह किशन मखड़िया सरवन गुप्ता राजेश गुप्ता शशि भूषण पांडे राजहंस अग्रवाल अनिमेष सिंह कुमार गौरव भागलपुरी यादव पीयूष द्विवेदी आनंद सिंह मनदीप प्रजापति मनीष बर्मन सुनील तिवारी चंद्रकांत सिंह विकास सिंह विक्रांत सिंघानिया मनु तिवारी कुमार गौरव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम अन्तर्गत आदर्श दम्पति सम्मेलन सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

परिवार नियोजन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है : सिविल सर्जन

◆ आदर्श दम्पति, एएनएम, सहिया को किया गया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम अन्तर्गत नियोजित परिवार (आदर्श दम्पति) सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों से श्रेष्ठ आदर्श दम्पति, एएनएम, सहिया, परिवार नियोजन काउंसेलर और परिवार नियोजन बीएएफ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार थे। उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने कहा कि मैं उन सभी कर्मियों और आदर्श दम्पति को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है। आपकी मेहनत को समर्पण के कारण ही हमारे समाज में परिवार नियोजन के प्रति जागरूक बढ़ी है और लोगों को इसके महत्व के बारे में पता चला है।

सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने आगे कहा कि परिवार नियोजन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमारे समाज और देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। जब हम परिवार नियोजन के बारे में बात करते हैं तो हम न केवल गर्भनिरोधक उपायों के बारे में बात करते हैं बल्कि हम स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिरता के बारे में भी बात करते हैं।

सिविल सर्जन, डॉ नवल किशोर ने कहा कि आज के इस समारोह में हम उन आदर्श दम्पति को सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये दम्पति केवल अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान) डॉ मोनिका, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, सहिया कविता कुमारी, एएनएम कुसमिता हुरहुरिया, परिवार नियोजन काउंसेलर बंदना केरकेट्टा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में सभी आदर्श दम्पति और अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी कर्मियों को पुरस्कार और प्रस्तती पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला सहिया सहजकर्ता आरती श्रीवास्तव, परिवार नियोजन बीएएफ अरुणा देवी, फूलन देवी, मनोज उरांव, संगीता खलखो, मंजूला मिंज, लक्ष्मण गोप, संतोष देवी, पुष्पा देवी, नुरे आपस, हीरामती देवी, प्रकास सिंह, डीडीएम राजीव कुमार सहित एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी सहिया उपस्थित थे।

जिला परिषद के द्वारा शहर का निर्माण सराहनीय पहल : व्यवसायी वर्ग

शेड निर्माण होने से नए व्यवसायी को मिलेगा रोजगार का नया आयाम

नव प्रदेश संवाददाता

घाघरा। घाघरा बाजार रोड में जिला परिषद गुमला के द्वारा लगभग 24 लाख रुपया का घाघरा मुख्यालय के बाजार रोड में बन रहे छह कमरे का सेड को लेकर लोगों में काफी उत्सह देखा जा रहा है। इस निर्माण कार्य से युवाओं को रोजगार मिलेगा इस बात को लेकर लोगों में काफी उत्साह है यह सेड बनने से कई लोगों को अपना दुकान खोलकर रोजगार के नए औसर प्राप्त हो सकते हैं। इस बात को लेकर घाघरा व्यापारी वर्ग के लोगों ने जिला परिषद की सराहना की है। वही यह कार्य युवा वर्ग के लोगो के लिए वरदान साबित होगा।

शेड बनने से पलायन रुकेगा एवं युवा रोजगार से जुड़ेंगे

रोहित दुबे ने कहा कि जिला परिषद के द्वारा बाजार रोड में सेड निर्माण होने से हम जैसे युवा को रोजगार करने का अवसर प्राप्त होगा जो हम अपने मुख्यालय में ही रह कर रोजगार कर सकते हैं एवं हमें बाहर जाकर किसी दूसरे के राज्य के दुकान में काम करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी इसलिए जिला परिषद के द्वारा सेड का निर्माण बिल्कुल सहनीय पहल एवं स्वागत पात्र है। हम लोग 12 साल से दूसरे के दुकान में मजदूरी करते हैं सेड निर्माण से हम लोग भीं सेड भाड़ा में लेकर खुद का भी दुकान खोल सकते हैं। मजदूर राम साहू ने कहा कि जिला परिषद के द्वारा जो सेड निर्माण किया जा रहा है घाघरा बाजार रोड में वह एक सहरानीय पहल है हम लोग आए दिन दूसरे के दुकान में मजदूरी कर किसी तरह अपने घर और परिवार चल रहे थे अगर सेड निर्माण होने से हम जैसे मजदूर लोग भी भाड़ा में सेड लेने का मौका मिले तो हम लोग भी अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। बता दें कि घाघरा में भी अति आक्रमण चलने से काफी युवा बेरोजगार हो गए है घाघरा रोड में जिला परिषद द्वारा सेड निर्माण होने से काफी लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

नामांकन एवं री-रजिस्ट्रेशन की तिथि में विस्तार

देवघर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2025 सत्र के लिए नामांकन एवं री–रजिस्ट्रेशन की तिथि का विस्तार 28 फरवरी 2025 से 15 मार्च 2025 तक कर दिया गया है। जिन छात्र–छात्राओं ने अब तक नामांकन या री– रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाये हैं, वे 15 मार्च 2025 इग्नू के ऑफिशियल वेबसाइट ignou.ac.in में सर्च कर नामांकन या री–रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नामांकन के लिए इच्छुक छात्र–छात्रा स्नातक कला एवं वाणिज्य के पास एवं प्रतिष्ठा तथा स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिला करा सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक के पास कोर्स में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए नि:शुल्क नामांकन की व्यवस्था की गई है। इग्नू अध्ययन केंद्र, कोड– 87012 में ऑनलाइन और ऑफलाइन काउंसलिंग क्लास की व्यवस्था एवं समय–समय पर व्हाट्सएप ग्रुप और रटर के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां भी शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है । विशेष जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र, डॉ जगन्नाथ मिश्रा महाविद्यालय, जसीडीह आकर लिया जा सकता है।

कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह आयोजित

नव प्रदेश संवाददाता

देवघर। तिलक सेवा समिति देवघर के बैनर तले हर साल की भांति इस साल भी भव्य कवि सम्मेलन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं कवियों ने भी होली पर आधारित कविता पाठ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधान जिला जज श्री चंद्र शेखर पांडेय जी को मूर्खाधिराज और विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करने वाले समाज सेवी अवधेश कुमार प्रजापति को मूर्खाधिपति की उपाधि दी गई साथ ही आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कवित्री सोनम झा जी को बुके और अंग वस्त्र प्रदान किया गया मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने कहा कि आज एक महिला को समिति सम्मान देकर खुद गौरवान्वित महसूस कर रही है उपस्थित लोगों में समिति के महासचिव डॉक्टर विक्रम कुमार कोश अध्यक्ष राजेश कुमार शाही समाज सेवी अविनाश महतो सुनील कुमार शिवशंकर सिंह टुनटुन सिन्हा नू ईश्वर यादव के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जदयू महिला प्रकोष्ठ ने कार्यक्रम का किया आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनता दल यूनाइटेड की महिला प्रकोष्ठ अमृता मिश्रा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अंजू बजुरिया, एडवोकेट अनीता यादव, समाजसेवी रीना सिंह, समाजसेवी मधु सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, युवा जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, जीमानगो मंडल अध्यक्ष लालू गौड़, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, ममता सिंह, सुनीता सिंह, निशा सिंह, प्रतिभा सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

देवघर। रमा देवी बाजला महिला कॉलेज, देवघर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन सह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ सम्पन्न किया गया। समापन समारोह महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बौद्धिक सत्र द्वारा किया गया। प्राचार्या ने कहा कि शिविर न केवल सेवा और नेतृत्व कौशल विकसित करने में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में स्वयं सेविकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित कविता पाठ,नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता स्वरूप डॉक्टर दिव्यांशु एवं डॉक्टर आलोक, कम्युनिटी एवं फैमिली मेडिसन विभाग, एम्स देवघर ने महिला स्वास्थ्य पर चर्चा किया। विशेष शिविर में भाग लेने वाली सभी स्वंय सेविकाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह शिविर एनएसएस इकाई-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी निमिषा रिचर्ड होरो एवं सलाहकार समिति के सदस्य ममता कुजूर,जेनिस इरी तिग्गा व शिखा सोनाली एक्का के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित थीं।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने डूमरी ब्लॉक अंतर्गत जुर्मू पंचायत के गणिदरा गांव का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु दिए आवश्यक निर्देश

ऋण योजनाओं का लाभ लेकर सशक्त बनें महिलाएं : डीसी

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को डूमरी ब्लॉक अंतर्गत जुर्मू पंचायत के गणिदरा गांव के नवटोली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, गणिदरा में स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस गांव में कोरबा व असुर जनजाति के 40 परिवार निवास करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है और शीघ्र ही सड़क निर्माण पूर्ण हो जाएगा।

इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने जल आपूर्ति, बिजली, राशन कार्ड तथा आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं को भी साझा किया। उपायुक्त ने इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को विशेष रूप से अधूरे आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने वन पट्टा की स्थिति की समीक्षा की और आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होंने गांव में निवासियों द्वारा किए जा रहे कृषि और अन्य जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं इन्हें और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ हीं उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर रोजगार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार करने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण योजनाओं का लाभ लें व सशक्त बनें एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इससे जोड़ें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को वन धन विकास केंद्र के संबंध में जानकारी दी।

राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, गणिदरा में उपस्थित शिक्षक से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिती संबंधित एवं अन्य जानकारी ली गई।उपायुक्त ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए ग्रामीणों से कहा कि बच्चों को शिक्षा अवश्य दें। यहां अवस्थित आवासीय विद्यालय में बच्चों का नामांकन अवश्य कराएं। वहां उपस्थित महिलाओं से गैस कनेक्शन,राशन वितरण,पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली गई तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ छूटे हुए पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वहां आई महिलाओं से आंगनबाड़ी नियमित संचालन की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ी से मिलने वाले पैकेट के बारे में भी जानकारी ली।

महिला और शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के लिए उपायुक्त ने इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी (संस्थागत प्रसव) को बढ़ावा देने की अपील की और मातृ वंदना योजना तथा जननी शिशु योजना के तहत मिलने वाली ?6500 की सहायता राशि की जानकारी दी। साथ ही, मोबाइल मेडिकल वैन द्वारा लगाए जाने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने उक्त गांव में एक सामुदायिक भवन एवं सरना स्थल बनाने का आग्रह किया, जिसपर उपायुक्त महोदय ने बीडीओ से स्थल की जानकारी ली एवं स्थल निरीक्षण कर सामुदायिक भवन बनाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों को जागरूक किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी, डूमरी को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात उपायुक्त ने जुर्मू आंगनवाड़ी केंद्र का भी दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया तथा वहां के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डूमरी के नए भवन (पब्लिक हेल्थ यूनिट) का दौरा किया और वहां उपलब्ध सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

एक नजर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिलाई गई शपथ

चैनपुर (नव प्रदेश)। बाल विकास परियोजना कार्यालय के परिसर में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 की थीम Accelerate Action (कार्रवाई में तेजी लाना है)। यह थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के अधिकार सामान्य और सशक्तिकरण पर आधारित है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं शपथ दिलाई गई। साथ ही महिला पर्यवेक्षीका अंजलि कुमारी वर्मा ने इस साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि महिला दिवस महज एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है।नारी वह शक्ति है जो अंधेरे में रोशनी बनकर जलती है, संघर्ष में अडिग रहती है और हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए आगे बढ़ती है। साथ ही सभी सेविकाओं एक स्वर में अपने क्षेत्र की सभी महिलाओं के सशक्तिकरण समान अवसरों को प्रदान करने हेतु अपने दायित्व का निर्वाहन निष्ठापूर्वक करूंगी महिलाओं के संपूर्ण विकास हेतु उनके स्वास्थ,पोषण, शिक्षा एवं कौशल विकास से संबंधित सभी सेवाओं से आच्छादित करूंगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉप आउट, महिलाओं के प्रति हिंसा एवं तरस्करी तथा दहेज प्रथा के रोकथाम के लिए जन जागरूकता एवं निराकरण के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान दूंगी ताकि हमारे झारखंड राज्य की सभी बेटियां संबल एवं समर्थ रूप से सशक्त नारी के रूप में आगे बढ़ते रहे इसकी शपथ ली।वही मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव बैठक महिला पर्यवेक्षीका श्रीमती अंजली कुमारी वर्मा सभी पंचायत की क्लस्टर लीडर सहित अनेक सेविकाएं उपस्थित थी।

चपका पंचायत के उप मुखिया ने सुरक्षा की लगायी गुहार

घाघरा (नव प्रदेश)। चपका पंचायत के उप मुखिया संजय गोप ने शनिवर को घाघरा थाने में लिखित आवेदन देकर घाघरा पुलिस से अपनी जान माल की रक्षा की गुहार लगाते हुए दोषी के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। अपने लिखित आवेदन में संजय ने कहा है कि पतागाई गांव निवासी मेट बसंती देवी के पति सुनील भगत के द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है, वही उन्होंने इस संबंध में बताते हुए आवेदन मे कहा है कि दो दिन पूर्व कूप निर्माण में गबन के मामला को प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा के समक्ष लिखित आवेदन देकर जांच करने की बात कही गई तथा इस मामले को लेकर समाचार प्रकाशन भी कराया गया इसी बात को लेकर आक्रोसित सुनील भगत के द्वारा संजय को गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दी गई है जिससे भयभीत होकर संजय गोप ने घाघरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपने जान माल की रक्षा की बात कही है। इस संबंध में सुनील भगत से फोन के मध्यम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरे ऊपर संजय गोप के द्वारा लगाया आरोप निराधार है संजय से मेरी ऐसी कोई बात नहीं हुई है और मैंने किसी प्रकार का कोई धमकी या गाली भी उसे नहीं दिया है।

महिला कारीगरों के लिए सेफ्टी किट का वितरण

गुमला (नव प्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम कंसारी, मोहल्ला पालकोट, प्रखंड पालकोट, जिला गुमला के कांसा एवं पीतल के बर्तन निर्माण करने वाली महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन गुमला, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला तथा सीएसआर हिंडालको के सौजन्य से आयोजित किया गया। दक्षिणी पालकोट पंचायत की मुखिया श्रीमती जसिंता मिंज के द्वारा महिला कारीगरों को सेफ्टी किट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रखंड उद्यमी समन्वयक, सूरज महतो ने बताया कि इस सेफ्टी किट के माध्यम से कारीगरों को अपने उत्पाद निर्माण में अधिक सुविधा होगी एवं वे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सकेंगी। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया जसिंता मिंज, प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूरज महतो, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

घाघरा में नहीं थम रहा चोरी का मामला

घाघरा (नव प्रदेश)। तीन महीने पूर्व पुलिस घाघरा का सबसे चर्चित चोरी मां जगदम्बा ज्वेलर्स के मामले का उद्भेदन भी नहीं कर पाई। इधर बीती रात फिर से चोरों ने तीन अलग अलग दुकानों में चोरी करके पुलिस को खुली चुनौती दे डाली।लगातार हो रही चोरी से व्यापारियों में असुरक्षा एवम पुलिस के प्रति गुस्सा का माहौल है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या पुलिस लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लगाम लगाने में सफल होती है या हर बार की तरह मामला टाय टाय फीस हो जाएगा।ताजा मामला है की घाघरा का सबसे भीड़ भाड वाला इलाका चांदनी चौक का है।जहां आकांक्षा श्रृंगार स्टोर में अज्ञात चोरों ने लगभग तीन हजार नगद एवं आठ से दस हजार रूपए का समान चुरा ले गए। दूसरा मामले चांदनी चौक स्थित प्रज्ञा केंद्र का है। पुटो रोड में स्थित संदीप जूता दुकान में भी अल्बेस्टर तोड़कर अज्ञात चोरों ने दो से तीन जोड़ी जूते चुरा कर ले गये। तीनों पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि औरों दिन की तरह बीते शुक्रवार को शाम 7:00 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले जाते हैं सुबह शनिवार को जब हम लोग अपना दुकान का शटर खोला तो देखा की छत के एस्बेस्टस को तोड़कर दुकान में चोरी की गई है। घाघरा में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस की नाकामयाबी को दशार्ता है साथ ही रात्रि गश्ती पर भी एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

मानिकपुर स्कूल में मना महिला दिवस

देवघर (नव प्रदेश)। शनिवार को देवघर प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर पंचायत भवन में मानिकपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह जेंडर रिसोर्स सेंटर उद्घाटन जे एस एल पी एस के महिलाओं द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मानिकपुर मुखिया संजय शर्मा जी,गुलाब यादव जी,ब्लॉक पदाधिकारी बीपीएम, एफ टी सी राहुल, ऐस डी आरिफ अली एवं सीसी , बी ए पी, जीसीआरपी,बीआरपी ,सक्रिय महिला, उपस्थित थे। इस दौरान सभी महिलाओं ने महिलाओं के प्रति हो रहे समाज में दहेज प्रथा,सामाजिक हिंसा ,डायन प्रथा,एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित की।जेंडर रिसोर्स सेंटर में किसी भी तरह के महिलाओं पर हो रहे सामाजिक अत्याचार को रोकने में मदद मिलेगी।

समाहरणालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

जिला प्रशासन ने महिलाओं को किया सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। समाहरणालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गिरिडीह जिला प्रशासन की महिला पदाधिकारियों, कर्मियों, महिला पुलिसकर्मियों के साथ समाज मे बेहतर सेवा प्रदान करने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। मौके पर सभी से प्रगतिशील समाज के विकास में एक बड़ी बाधक बनी सामाजिक कुरीति भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा व बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना सहित सरकार की ओर से संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला उत्थान एवं उनकी सुरक्षा पर बल दिया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। मौके पर इंडियन आईडल सीजन 06 के सदस्य श्री रजत आनंद ने बॉलीवुड गानों की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया। इसके अलावा बच्चियों ने भी गाने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मैट्रिक की 05 टॉपर्स को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी और नारी शक्ति/संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे। समारोह में शामिल अपर समाहर्ता ने कहा कि महिलाओं के अधिकार और समाज में उनके अनुकरणीय योगदान हेतु बधाई दी गई और कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले की महिलाएँ न केवल परिवार की धुरी हैं, बल्कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, स्वच्छता, समाजसेवा और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। चाहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हों या महिला सहायिका हों या नगर निकाय की सफाई कर्मचारी- इन सभी ने जिले को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध बनाने में अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है।

समारोह में शामिल जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार और समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे प्रशासनिक, सामाजिक और स्वच्छता अभियानों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में इन सभी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जाना हर्ष का विषय है। जिला स्तरीय, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर की उन कर्मठ महिलाएं जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। सभी बधाई के पात्र हैं।

समारोह को संबंधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप ने कहा कि आज का दिन नारी शक्ति के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का प्रतीक है। आज की महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं तथा खुद को स्थापित कर रही हैं। बड़े हर्ष की बात है कि हमारे देश की महिलाएं देश की उन्नति में अपना योगदान दे रही हैं साथ ही साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्वाचन एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अंजना भारती ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान में आज का आयोजन न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा, बल्कि जिले की महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देगा। साथ ही जिले के प्रशासनिक ढांचे में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं ने समाज में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। यह सम्मान समारोह न केवल उनकी उपलब्धियों को मान्यता देगा, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेगा कि वे अपने हक और अधिकारों के लिए आगे बढ़ें।

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। वह खास दिन जब दुनिया को यह समझाने की कोशिश की जाती है कि एक महिला के बिना इस संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज हम इस दिन पर आपको एक ऐसी महिला से मिलाने जा रहे हैं, जो आम है, मगर जिनकी कहानी खास है, जिनका संघर्ष खास है और जो यह मानती हैं कि बिना संघर्ष के जीवन है ही नहीं। यह कहानी है जमुआ की सेविका सविता कुमारी की, जिन्होंने अपनी संघर्ष की कहानी बयां की। उन्होंने नारी सशक्तिकरण और महिला उत्थान का परिचय दिया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि कितने संघर्ष से अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजिनियर बनाया और अपने पैरो पर खड़ा किया। जो यकीनन हजारों महिलाओं को लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकता है।

महिला दिवस पर वॉकेथॉन का आयोजन

नव प्रदेश/गिरिडीह। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अपराजिता के अंतर्गत इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन द्वारा चंदनडीह गांव में एक अनूठे वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में गांव की लगभग 150 महिलाओं के साथ क्लब की 15 सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने साड़ी पहनकर जूते में वॉकेथॉन किया और पूरे जोश व उत्साह के साथ सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाई। इस वॉकेथॉन के दौरान महिलाओं ने 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए टीका अनिवार्य है जैसे नारों के साथ संदेश दिया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण बेहद जरूरी है। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिससे गांव की महिलाओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन द्वारा किया गया यह प्रयास महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनकी भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। क्लब की अध्यक्ष सोनाली तारवे ने बताया कि यह सिर्फ एक वॉकेथॉन नहीं बल्कि एक संदेश है, जिससे हर महिला को जागरूक किया जा सके कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। होली को देखते हुए महिलाओं के बीच समोसे मिठाई और गुलाल भी बांटे गए। यह कार्यक्रम अपराजिता वूमेन्स डे वीक के तहत पीडीसी पूनम सहाय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने एकजुटता, आत्मनिर्भरता और जागरूकता का परिचय दिया। मौके पर सचिव राखी झुनझुनवाला, ट्रेजर स्मृति आनंद एडिटर दीप्ति सिन्हा, रश्मि गुप्ता, शशि जैन, संगीता सिंह के साथ क्लब की और भी सदस्य आए मौजूद थी। इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करता रहेगा।

नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है : रमनप्रीत कौर

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। महिला के इसी रूप का मान रखने तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बड़ी धूम धाम से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस के इस खास अवसर पर विद्यालय मल्टीपर्पज सभागार में मदर्स के लिए कुकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच की सजावट का श्रेय कला और शिल्प शिक्षक सुबोध सर और शालिनी को जाता है जिन्होंने मंच की डिजाइनिंग में अपनी रचनात्मकता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। महिला दिवस के इस कार्यकर्म में मुख्या अतिथि उपायुक्त गिरिडीह की पत्नी निशा और न्यायाधीश वेदांश प्रकाश की पत्नी सारिका कुमारी रही। कार्यकर्म की शुरूआत दीप प्रज्जवल्लन से हुई। जिसमे मुख्य अतिथियों के अलावा निदेशक रमनप्रीत कौर, विद्यालय की प्राचार्य ममता शर्मा, उप प्राचार्य सूरज कुमार लाला, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर रूपा मुद्रा शामिल रही। मुख्य अतिथियों ने ही हो रही प्रतियोगिता में निर्णायक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होने सभी प्रतिभागियों का अवलोकन किया तथा उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हे विजेता घोषित किया। प्रतियोगिता में अभिभावकों के उत्साह और जोश की देखकर विद्यालय प्राचर्य ममता शर्मा ने उनकी काफी प्रशंसा की। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती रमनप्रीत कौर ने महिला दिवस के इस मौके पर बहुत ही बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा की आज भी हमारे समाज में नारी को धर्म, समाज में परिवार की दुहाई देते हुए बेबस वह लाचार किया जाता है लेकिन शिक्षा ही एकमात्र ऐसा है जिससे भविष्य को संभाला जा सकता है। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें। विद्यालय प्रबंध निदेशक श्री जोरावर सिंह सलूजा ने अपने शुभकामना सम्बोधन में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने पर जोर दिया। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में रिप्सी जैन प्रथम, नेहा गुप्ता एवं हरमीत कौर द्वितीय, और खुशबू विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रही। वही बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबी सिंह को मिला। शेष प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस प्रकार का आयोजन एवं सम्मान पा कर अभिभावक उत्साहित नजर आयी एवं आगमी भविष्य मे भी प्रत्येक 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाये जाने की बात कही मंच का सञ्चालन चंद्रमल्लिका घोष ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं स्टाफ उपलब्ध रहे।

रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वाधान में महिला दिवस का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। श्री रामकृष्ण महिला महाविद्यालय गिरिडीह में आईक्यूऐसी के तत्वाधान में प्राचार्य डॉक्टर मधुश्री सेन सान्याल की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पथ प्रदर्शक संघर्षशील महिलाओं को विनम्र नमन कर उनके योगदान को सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर शीला वर्मा और विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रमिला मेहरा थी। प्राचार्य डॉक्टर मधुश्री सेन सान्याल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नारी का सम्मान ही समाज का उत्थान है तथा आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव रख सकती हैं डॉक्टर शीला वर्मा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज में मान सम्मान पाने के लिए आत्मनिर्भर का पाठ पढ़ना होगा। श्रीमती प्रमिला मेहरा जो महाविद्यालय की पूर्व छात्र हैं ने अपने संबोधन में अपनी गुरुओं को याद करते हुए अपनी सशक्त जीवन का उदाहरण देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर लक्ष्मण राम ने स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। छात्राओं में नौरीन, हेबा, अ उजमा, प्रिया ने खेल, चिकित्सा, समाज, शिक्षा, नृत्य, पर्वतारोहण में अथक योगदान देने वाली महिलाओं पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देकर अपने विचार साझा किया। कशिश और रिंकू ने अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। तनुश्री, तेजस्विनी, काजल, संध्या, परी ने महिला सशक्तिकरण पर नृत्य पेश किए। स्वाति और स्वीटी की अप्रतिम स्केच का झलक देखने को मिला आईक्यूऐसी समन्वयक प्रो. रेणुका साहु ने मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन सुचारू ढंग से किया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. दीपिका कुमारी और डॉक्टर रश्मि मसीह का महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभिन्न क्षेत्रों में उम्दा प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर इंचार्ज सुनील कुमार डॉ के एन शर्मा तथा समस्त प्राध्यापक गण एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित थी।

जमुआ में देर रात राशन व्यवसायी के घर डकैती, 8 लाख नगदी और 7 लाख जेवरात की लूट

नवप्रदेश/जमुआ। जमुआ थाना से महज आधा किलोमीटर शुभम किराना स्टोर में शुक्रवार की आधी रात को नकाबपोश डकैतों ने धावा बोला और 8 लाख रुपए नगद के साथ-साथ 7 लाख सोने चांदी के जेवरात लुटकर फरार हो गए। डकैती के दौरान डकैतों ने व्यवसायी मनोज कुमार साव को लोहे की रॉड से सिर पर वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इतना ही नहीं डकैतों ने व्यवसायी पुत्र शुभम को बंदुक की नोक बंधक बनाये रखा। इस बाबत भुक्तभोगी व्यवसायी ने जमुआ पुलिस को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि वे हमेशा की तरह साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर दुकान के भीतर बने आवासीय परिसर में खाना खाकर सो गए। रात करीब दो बजे दुकान का शटर तोड़ कर डकैत अंदर घुस आए और उनके सिर पर रड से वार कर उन्हें जख्मी कर दिया। डकैतों ने उनके पुत्र को भी बंदुक की नोक पर बंधक बना लिया। डरकर उनकी पत्नी ने अलमारी की चाबी डकैतों को दे दिया। डकैतों ने अलमारी से करीब आठ लाख रुपये और 7 लाख की सोने चांदी का जेवरात लेकर भाग निकले। डकैतों की संख्या छह थी और सभी गमछा से अपना चेहरा ढका हुआ था। डकैतों ने सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर भी ले गए। डकैतों ने ले गए वहीं आवेदन की प्रति खोरीमहुआ के एसडीपीओ और जिले के एसपी को भी दिया गया है। जमुआ पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

के एन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्र के विकाश में महिला की अहम भूमिका कार्यक्रम

नव प्रदेश/बेंगाबाद। के एन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेंगाबाद में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्र के विकास में महिला की अहम भूमिका पर कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एंव के० एन० बक्शी के चित्र पर माल्यार्पण एंव द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत कुमार सिंह ने कहा कि–नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है। भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उप प्राचार्य बिनोद कुमार सुमन ने कहा कि विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन देश में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। वहीं डॉ सुरेश यादव ने कहा कि–भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है।यदि सामाजिक वातावरण में मयार्दा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने–आप कम हो जायेंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी। इसीलिए भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।प्रो मदन कुमार ने कहा कि–नारी सदैव हमलोगों के बीच पूज्यनीय और अग्रणी रही है, इसके बिना समाज का विकास सम्भव नही हो सकता है। प्रो नूतन शर्मा ने कहा कि– प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए ज्ञान के सम्मान का मंत्र दिया है। इसके अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मौके पर प्रो नीलेश लकड़ा, डॉ शंकर सिंह, 'रागिनी,जयप्रकाश,राकेश,नारायण ,रतन सिन्हा एंव प्रशिक्षणार्थियों में बुलबुल, रिया, आबिद, कमरुद्दीन, अनिता, बेबी, सुमित्रा, गौतम, वर्षा, विकास उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संघ के तत्वाधान में महिला दिवस का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

बेंगाबाद। झारखण्ड राज्य समाज कल्याण आंगनबाडी कर्मचारी संघ प्रखण्ड शाखा बेंगाबाद के प्रखण्ड अध्यक्ष विरमा कुमारी के अध्यक्षता में प्रखण्ड सभागार बेंगाबाद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सुनील कुमार मुर्मू, अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शी प्रखंड प्रसुख मीना देवी, सुनील यादव, पंचायत समिति के सदस्यगण, मुखिया, अशोक कु. सिंह, देवन्ती देवी, प्रयाग प्रसाद यादव, प्रदीप कु. पर्मा, रामविधाय थादव, शिबु मुर्मु, सहदेव महतो, सुरेन्द्र लाल मंडल आदि अतिथीयों के साथ सैकड़ों की संख्या में सेविका-सहायिका महिला पर्यवेक्षिका सांख्यिकी सहायक, स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रेखा मंडल ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों को पुष्प गुच्छ ओर बुके देकर सम्मानित किया गया तथा विरमा कुमारी, रेखा मंडल, रेखा साह, कौशल्या गोप, तेरेसा हेम्ब्रोम, रेणु देवी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रेखा मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास से अवगत कराया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रमुख ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण हेतु सुझाव देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कामकाजी महिला के लिए वेतन और लाभ में वृद्धि, स्टाफ की कमी को कम करना, हिंसा और उत्पीडन रोकना, प्रवासी और गैर प्रवासी कर्मचारियों के बिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियाँ बनाना एवं युनियन सदस्यता और सामुहिक सौदेबाजी की सुरक्षा और विस्तार पर व्यापक प्रकाश डालते हुए झारखण्ड सरकार/भारत सरकार से मांग किया कि अन्य माँगों के साथ साथ सेवा निवृत सेविका एवं सहायिका के लिए पूर्ण पेंशन योजना लागू की जाए। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 8 मार्च को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवकाश घोषित किया जाय। कार्यक्रम को सफल बनाने में विरमा कुमारी, कौशल्या गोप, रेखा मंडल, रेखा साहू, तेरेसा हेम्ब्रोम, नीलम कुमारी, रेखा कुमारी, रेणु देवी, मेरी सोरेन, मालती हांसदा, रुपा बर्मा, आशा देवी, टुना देवी, रंजु रानी, कंचन चौरसिया, देवन्ती देवी, बसन्ती देवी, अंगला सोरेन, मीना वर्मा, कविता देवी, उषा कुमारी, अन्ना मरांडी, मिन्दु कुमारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

एक नजर

माध्यमिक वार्षिक परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

नव प्रदेश/जमुआ/गिरिडीह। जमुआ प्रखंड अंतर्गत झारखंड नाथ प्लस टू उच्च विद्यालय तारा में माध्यमिक वार्षिक विज्ञान की अंतिम। परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई बच्चो ने बताया इस ली गई परीक्षा का प्रश्न पत्र बहुत सरल रहा जिससे समझ कर लिखने में मदद मिली।यह परीक्षा बीते 11 फरवरी से ही प्रारंभ हुई थी परीक्षा समाप्त होने पर बीडीओ अमल कुमार केंद्र पर पहुंचकर उतर पुस्तिका को प्राप्त किए परीक्षा को संचालित करने में विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश कुमार, सहायक शिक्षक अम्बरीष कुमार, सोहन लाल, मो अनवारूल हक, अकबर अली, विश्वनाथ सोनी, बीना मेहता, प्रभाकर कुमार, प्रदीप राय, शिवसागर कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, शंभू यादव, शगुफ्ता शाहीन, शमशाद हुसैन कौशल महतो शाजिद म जिक मौजूद

अधिवक्ता संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नव प्रदेश/डुमरी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को अधिवक्ता संघ डुमरी की ओर से अवर निबंधन कार्यालय डुमरी के सब-रजिस्टार दीपिका कुमारी को महिला अधिवक्ता कुमारी अर्चना ने कलम भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार जायसवाल ने कहा कि जन्म लेने वाला लड़का या लड़की महिला का प्रथम दर्शन मां के रूप में करता है। महिला विभिन्न रिश्तो के माध्यम से समाज को और परिवार को जोड़कर रखती है। महिलाओं का त्याग परिवार को उन्नति दिलाने में उल्लेखनीय है। सचिव अशोक कुमार जैन ने कहा कि महिला के बिना समाज व देश का विकास संभव नहीं है। उपाध्यक्ष छत्रधारी महतो ने कहा कि महिलाओं की त्याग की तुलना किसी से नहीं की जा सकती है।अवर निबंधक ने महिलाओं से आगे बढ़ने की अपील की तथा कहा महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार व प्रशासन सदैव तत्पर रहता है। महिलाएं इसका लाभ उठाएं।मौके पर अधिवक्ता हरि नारायण महतो विजय कुमार अजय कुमार सुनील शर्मा आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व अधिवक्ता भवन में संघ की ओर से संघ के सदस्य व महिला अधिवक्ता कुमारी अर्चना को सम्मानित किया गया।

कार के चकमे से तीन बाइक सवार घायल

नव प्रदेश/बेंगाबाद। बेंगाबाद गिरिडीह मुख्य मार्ग एन एच 114 खंडोली मोड के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार आकाश किस्कू, विकाश किस्कू नैयाडाबर ओर राकेश मुर्मू रंगामाटी निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना शनिवार 4 बजे की है।मौके पर बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एस आई विजय मंडल,ओर विभूति देव तथा स्थानीय लोगों के मदद से प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से उसे अस्पताल ले जाया गया। तीनों बाइक पर सवार घायल है। घटना के बारे में बताया गया कि बाइक पर सवार तीनों युवक गिरिडीह से बेंगाबाद अपने बाइक पर सवार होकर आ रहा था। इसी दौरान खंडोली मोड के पास विपरीत दिशा से आ रही कार ने उसे चकमा दे दिया। जिससे अचानक ब्रेक लगाने से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और तीनों सड़क पर गिर गए। इसमें बाइक चला रहा युवक ज्यादा घायल हो गया। उसके साथ बैठे अन्य को भी चोट आई है।

खरगडीहा पंचायत सचिवालय में विशेष महिला सभा

नव प्रदेश/बेंगाबाद। पंचायत सचिवालय छोटकी खरगडीहा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष महिला सभा का आयोजन किया गया है जिसमें भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला उत्थान कि योजनाओं पर विशेष चर्चा किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया सुनीता देवी के द्वारा सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित व दिप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में पंचायत सचिव राजकिशोर साव, विशवनाथ राजवार, बेबी देवी, आरती देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, कंचन वर्मा, प्रतिमा स्वराज, पुष्पा देवी,पुनम शर्मा, मालती देवी,किरन देवी, कांति देवी,बाबुचंद साव, अरूण शर्मा, सतीश कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

महिला ने पति के खिलाफ करायी एफआईआर

नव प्रदेश/डुमरी। निमियाघाट थाना में गुरुवार को पारिवारिक विवाद को लेकर अपने पति के साथ थाना पहुंची थी एक महिला ने थाना के एक एसआई पर उसके और उसके पति के साथ गाली गलौज करने और पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है कहा है कि थाना परिसर में उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके पति को क्रूरता पूर्वक मार कर थाना के बाहर भगा दिया गया। फरियादी डुमरी प्रखंड रांगामाटी के रोशनाटुंडा निवासी प्रियंका यादव ने इस मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए एसपी को आवेदन दिया है एसपी को दिए आवेदन में लिखा है कि वह अपने ससुर सास एवं देवर के साथ जमीन संबंधित विवाद व मारपीट से संबंधित आवेदन देने निमियाघाट थाना गई थी थाना प्रभारी आवेदक को देख ही रहे थे कि इसी बीच निमियाघाट थाना के एसआई उमर खान अचानक आए हैं और मेरे पति और मुझे गाली देने लगे कहा कि मेरे पति के साथ थाना परिसर में बर्बरता पूर्वक उनकी गर्दन दबाकर मारपीट करने लगे हुए मारपीट के दौरान अचानक थाना परिसर में ही बेहोश हो गए पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच पड़ताल करने का न्याय दिलाने की मांग की है।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में महिला विंग एपवा और असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले हुआ कार्यक्रम

नव प्रदेश/गिरिडीह। सिहोडीह और महुआडांड़ में मनाया गया महिला अंतराष्ट्रीय दिवस, माले की महिला विंग और औद्योगिक क्षेत्र की महिलाओं ने महिलाओं के हक अधिकार की बात की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में माले नेत्री के द्वारा सिहोडीह में महिलाओं के अधिकार के लिए एक बैठक हुई,उन्होंने कहा आज भी महिलाओं के अधिकार के लिए लड़ना पड़ता है महिलाओं के हक अधिकार के लिए गिरिडीह में एप्वा की शाखा लगातार अपनी मांगों को रखता,उन्होंने कहा कि राज्य सरकार या केंद्र सरकार महिलाओं को अधिकार भले देती है कागजों पर धरातल में आज भी अधिकार नहीं मिल पाया है,उपस्थित थी नमिता वर्मा,प्रीति शर्मा, पूजा देवी, रेखा देवी, सुलेखा वर्मा सुषमा कुमारी राखी कुमारी रीना देवी सोनी कुमारी मंजू देवी जूली देवी आदि सामिल थे। वही गिरिडीह मुफ्फसिल क्षेत्र असंगठित मजदूर मोर्चा के ऑफिस में किशोर राय की अध्यक्षता में बैठक हुई, बैठक में फैक्ट्री क्षेत्र की महिला को गोलबंद कर महिलाओं से संबंधित अधिकारों की चर्चा हुई, बैठक में पिंकी कुमारी, आरती कुमारी, कांति कुमारी, गीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रेखा देवी, प्रीति कुमारी, लखी कुमारी, मुन्नी देवी, तारा देवी, रेखा देवी बसंती देवी हथिया देवी, सारा देवी लक्ष्मी देवी और देवी, आदि के साथ दीपक कुमार गोस्वामी, दिलचंद कोल, धनेश्वर कोल, सुधीर तुरी, कोलेश्वर कौल,भीम कौल, सहदेव तुरी, रंजीत कुमार अशोक कुमार विश्वकर्मा, गुलाब कोल हीरालाल पंडित, लखन कोल मदसूदन कोल आदि सामिल थे। महिलाओं और पुरुषों ने ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की महिला बेहाल है, महिलाओं की बात करने वाली राज्य सरकार और केंद्र सरकार औद्योगिक क्षेत्र को महिलाओं को कोई अधिकार नहीं दिया है,घुट घुट कर मर रही है महिला, उसके बच्चे और पति परिवार,को फैक्ट्री वाले बर्बाद कर रहे है जल्द आंदोलन की और जाएंगे,सभी ने कहा माले का एप्वा संगठन में जल्द जुड़ेंगे और हक अधिकार की बात करेंगे।

होली को लेकर मरकच्चो थाने में शांति समिति की बैठक

डीजे बजाने पर प्रतिबंध, हुड़दंग व छेड़खानी करने वालों की खैर नहीं : सौरभ शर्मा

नव प्रदेश संवाददाता

मरकच्चो। थाना भवन परिषर में अंचलाधिकारी परमेस्वर कुशवाहा और प्रखंड प्रमुख के अध्यक्षता में शनिवार को होली त्यौहार शांति सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक का संचालन थाना सौरभ कुमार शर्मा ने किया। वहीं इस दौरान प्रखण्ड के बिभिन्न गांव के ग्रामीणों ने खुशियों का त्यौहार होली पर्व को शांति सौहार्द वातावरण में मनाने का आस्वाशन दिए। वहीं इस दौरान जेएमएम नेता मो. खलील अहमद ने उपस्थित सभी लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वतावरण में इस होली त्यौहार को मनाने का आग्रह किये। साथ हीं यह भी आग्रह किये की चूंकि इसबार का होली त्यौहार रमजान के महीने में है इसलिए किन्ही के भावना को ठेस नहीं पहुंचे इस पर विशेष ध्यान देने का आग्रह है। हीं मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने बताया की होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है इसलिए भाई चारगी को देखते हुवे आपसी सौहार्द को बनाये रखने के लिए सभी धर्म और समुदाय के लोग इस त्यौहार को मिलजुल कर मनावें। वहीं मुखिया प्रतिनिधि बसन्त साव ने कहा की पूर्व की भांति इस वर्ष भी हर सम्भव प्रयास होगा की यह होली त्यौहार बिल्कुल शांति वातावरण में मनाया जाय। वहीं इस दौरान थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने उपस्थित लोगों को शांति वातावरण में होली त्यौहार मनाने का आग्रह करते हुवे कहा की डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा, हुड़दंग और छेड़खानी करने वाले पर पुलिस की नजर रहेगी। साथ हीं होलिका दहन चिन्हित थानों पर होना है। साथ हीं जबरन किसी पर रंग अबीर नहीं डालें शराब पीकर किन्हीं को अनावश्यक रूप से गाली गलौज नहीं करें। साथ हीं सोशल मीडिया के माध्यम से किसी तरह का अनावश्यक अफवाएं नहीं फैलाएं क्योंकि जिला प्रसाशन की ओर से यह दिशा निर्देश जारी किया गया है। मौके एस आई मो. इसरैफल, एसआई बलराम सिंह, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, समाज सेवी मनोज सिंह, प्रयाग महतो, उपेंद्र यादव , अनेस्वर सिंह, चंद्रदेव बर्मा, मो. फयाज अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दिए।

झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर

शिक्षित एवं सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत, सशक्त विश्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

झुमरी तिलैया। विशुनपुर रोड स्थित झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षित एवं सशक्त महिलाएँ, सशक्त भारत, सशक्त विश्वव्‍ विषय पर कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के सचिव, शिक्षाविद् समाजसेवी एवं जन-जन तक शिक्षा पहुँचाने वाले शिक्षा प्रेमी डॉ. डी.एन.मिश्रा सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यपर्ण से किया। इस विषय पर सचिव महोदय ने घरेलु हिंसा से बचाने एवं समाज को सशक्त बनाने हेतु सम्मानित नारियों को आगे आकर समाज को सशक्त बनाने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि एवं योग शिक्षिका सुषमा सुमन ने शास्त्रों में नारी के पूजने एवं आदर सम्मान देने से उनमें संबल आने की चर्चा की। प्राचार्य डा.ए. के. यादव ने बच्चों में जन्म के समय ही माता पिता द्वारा संस्कार एवं मूल्य आधारित शिक्षा बिना भेदभाव दिये जाने की बात की। सभी अतिथियों का स्वागत शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। उपप्राचार्या सुशीला देवी, आई.क्य.ए.सी. समन्वयक सुरभि कुमारी जी ने इस अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को पुष्प गुच्छ एवं कलम देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षुओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये एवं कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सास्कृतिक समिति के समन्वयक आनन्द कुमार दूबे, बिनीता कुमारी, सन्ध्याकालीन डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एस.वी.मिश्रा, झारखण्ड विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विकास राय, स.आचार्य सुनील कुमार, स. आचार्य सूरज कुमार, स.आ. कविता कुमारी स.आ. सुखनन्दन तिवारी प्रधान लिपिक नीतू कुमारी, सविता कुमारी, अश्वनी कुमार मिश्र, फरजाना खातून, मजहबी प्रवीण एवं रीना कुमारी, रेशमा बाडा, राजेश कुमार, गौरी कुमारी, मनोरमा देवी, सहनाज खातून, महाविद्यालय के देख रेख कर्ता अमित कुमार पाण्डेय एवं बी.एड. एण्ड डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षुगण उपस्थित थे। अंत में सभी प्रशिक्षुओं को प्राचार्य द्वारा शपथ करवाया गया कि अपने जीवन में नारी का सम्मान करेगें। मंच संचालन बी.एड. प्रशिक्षु आकाश कुमार एवं त्रिपुरारी राम ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आई. क्य.ए.सी. समन्वयक प्रो. सुरभि कुमारी ने किया। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया कोडरमा द्वारा डोमचांच प्रखंड के ढाब पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य शांतिप्रिया, हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, ढाब थाना के एएसआई किशोर घोष आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का विषय प्रवेश करवाते हुए हैंड इन हैंड इंडिया के रवि रंजन ने बताया कि महिलाएं सर्वत्र पूजनीय है, शक्ति के लिए दुर्गा, धन के लिए लक्ष्मी, और विद्या के लिए सरस्वती की पूजा की जाती है । इस प्रकार सभी शक्तियां महिलाओं में निहित है महिलाओं को बस जरूरत है अपनी शक्तियों को पहचानने की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को विशेष तौर पर साइबर ठगी से, साइबर अपराधियों से सुरक्षित रहने का आह्वान किया। बतौर मुख्य अतिथि शांतिप्रिय ने कहा कि महिला अबला नहीं सबला है। महिलाएं अगरबत्ती की तरह सहनशील और कार्यशील दोनों है। हमारे कोडरमा जिला महिला प्रधान जिला के रूप में कार्यरत है यह हम सभी महिलाओं के लिए गौरव की बात है। वहीं एएसआई किशोर घोष ने कहा कि महिलाओं को साइबर ठगों से सुरक्षित रहने की जरूरत है। साइबर ठग लोगों को डरा कर, धमका कर, लालच देकर, इमोशनल करके ठगने का काम कर रहे हैं। आज इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को इन साइबर ठगों से सुरक्षित एवं जागरूक होने की जरूरत है। किसी भी अनजाने फोन कॉल या लिंक से सावधान रहे। कार्यक्रम में लोगों को सिलाई मशीन, कपड़ा, सेनेटरी पैड, पोषण इत्यादि भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया बैजू तुरी, शिक्षक सुनिता कुमारी, संजय पासवान, सुबोध यादव, नीतीश पांडे, प्रियंका कुमारी, बेबी कुमारी, रिचा कुमारी, गीता हेंब्रम, रीना कुमारी, छत्रधारी सिंह, बादल कुमार, सोनाली कुमारी, मंटु कुमार, हैंड इन हैंड इंडिया के लेखपाल सविता कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन हैंड इन हैंड इंडिया के सहायक परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन नीतीश पांडे ने किया।

आवासीय भवन महिलाओ, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनो को 5% की छूट

होल्डिंग टैक्स जमा हेतु रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा : प्रशासक



नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी गृहस्वामियों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने के लिए रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रहेगा। वित्तीय वर्ष की अंतिम माह समाप्ति को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु रविवार को भी जन सुविधा केंद्र खुला रखने का निर्णय लिया गया है। कर दाता अपनी सुविधा अनुसार कल रविवार को भी अपना बकाया टैक्स जन सुविधा केंद्र में जमा कर सकते हैं। यह उन नागरिकों के लिए विशेष अवसर है जो व्यस्तता के कारण अन्य दिनों में कर जमा नहीं कर पाते हैं। मार्च 2025 समाप्ति से पहले अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने पर अत्यधिक ब्याज एवं जुमार्ने से बच सकते हैं। उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि वह अपने होल्डिंग टैक्स जलकर और नगर पालिका व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क का समय पर भुगतान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें समय पर कर चुकाने से शहर के विकास कार्यों में तेजी आएगी और नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा' नगर वासी शहर के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। आवासीय भवन पर महिलाओ, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनो को 5% की छूट के साथ अपना होल्डिंग टैक्स जमा कर सकते हैं'

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित



नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। जिला समाज कल्याण विभाग कोडरमा के द्वारा सभी प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता और पौधारोपण का कार्य किया गया। साथ ही आज जन्म ली हुई बच्ची को कंबल वितरण किया गया। कुपोषण केंद्र टळउ मे कंबल, बेबी किट और होर्लिकस का वितरण किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शपथ लिया गया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सभी लोगों ने शपथ लिया कि अपने पोषण क्षेत्र में सभी महिलाओं के सशक्तिकरण एवं समान अवसरों को प्रदान करने हेतु अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठापूर्वक करूगाँ। महिलाओं के सम्पूर्ण विकास हेतु उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कौशल विकास से संबंधित सभी सेवाओं से आच्छादित कराऊँगा। ₹बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ₹ कार्यक्रम के तहत कन्या भ्रुण हत्या, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉप आउट, महिलाओं के प्रति हिंसा एवं तस्करी तथा दहेज प्रथा की रोकथाम के लिए जन जागरूकता एवं निराकरण हेतु अपना शत-प्रतिशत योगदान दूँगा ताकि हमारे झारखण्ड राज्य की सभी बेटियाँ संबल एवं समर्थ रूप से सशक्त नारी के रूप में आगे बढ़ती रहें।

डीवीसी केटीपीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पर पैम्फलेट का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। डीवीसी केटीपीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर सुरक्षा दिशा-निर्देशों पर एक पैम्फलेट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार सिन्हा सीनियर जीएम (ओएंडएम) ने किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रंजीत दास जीएम सीएंडआई, अमन ज्योति जीएम ईएमएंडपीसी, बॉयलर एंड कोल मिल्स शामिल थे। इस समारोह का समन्वयन लक्ष्मीकांत मंडल डीजीएम सुरक्षा एवं टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर केटीपीएस के सीनियर कार्यकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

आरपीवाई बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन

बेटियों को सशक्त बनाने की शुरुआत घर के संस्कारों से होती है : किरण कुमारी

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय के सभागार में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकदिवसीय महिला सशक्तिकरण विषयक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका थीम, 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण 2047 तक विकसित भारत का मार्ग, जिसमें की- नोट स्पीकर के रूप में अतिथि के रूप में किरण कुमारी पूर्व सदस्य झारखंड राज्य महिला आयोग, रूपा सामंता निदेशक द नंद एन्ड सामंत कंपनी, डॉ. शालिनी खोवाला प्राचार्य स्कॉलर बीएड कॉलेज, बेंगाबाद गिरिडीह; कांति देवी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष, कोडरमाः अर्चना अधिकारी प्राचार्य आरपीवाई ग्लोबल स्कूल, चाराडीह कोडरमा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का अतिथियों व प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सबसे पहले अतिथियों स्वागत टीका लगाकर, शॉल, पौधा और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद प्रशिक्षु स्मृति एन्ड ग्रुप ने स्वागत गान से अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने अतिथियों का परिचय व कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया। इसके अलावा प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। अतिथि किरण कुमारी (अधिवक्ता) ने कहा कि, महिलाओं की सुरक्षा के लिए संवधान एवं सरकार ने अनेक कानून बनाये हैं। हमें कानूनों को जानने और समझने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं से जुड़ी हुई समस्याओं जैसे यौन शोषण, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, आदि से संबंधी समस्याओं और निराकरण का हल भी बताया। वहीं रूपा सामंता ने कहा कि, महिलाएं अपने आप में सक्षम और परिपूर्ण हैं, बशर्ते उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने और अपने सपनों को पंख देने की जरूरत है। डॉ. शालिनी खोवाला ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर को समझाते हुए कहा कि, राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 13 फरवरी को सरोजिनी नायडू के जन्मदिन पर मनाया जाता है बल्कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के शोषण के विरूद्ध 1909 में न्यूयार्क में पहली बार पन्द्रह हजार महिलाओं ने आवाज उठाई। मार्च 1911 में अधिकांश यूरोपियन देशों में महिला दिवस मनाया गया। वहीं अर्चना अधिकारी ने कहा कि महिलाओं को भगवान ने बहुत सोंच समझकर बनाया है। महिलाएं जो जिम्मेदारी उठा सकती हैं उनमें पुरुष पीछे हैं।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' यानी जहां पर नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो.सेराज, विनोद यादव, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, हरचरण सिंह, कमलेन्द्र नाथ त्रिपाठी, जगदीप सिंह, खामा रानी महतो, जयन्ती कुमारी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, राजकुमार यादव, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, अरमान अंसारी मौजूद रहे।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल ने बढ़ाया सम्मान का हाथ

नव प्रदेश संवाददाता/झुमरी तिलैया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झुमरी तिलैया की प्रसिद्ध समाजसेविका एवं कौण्डिन्य पब्लिक स्कूल में पूर्व में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाली एकमात्र महिला रानी कार्ला को विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा और शिक्षिका वर्तिका पहारी द्वारा गीता और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह ने कहा कि झुमरी तिलैया में रक्तदान को लेकर लोगों में अभी भी उत्साह की कमी है। ऐसे में एक महिला होते हुए भी रानी कार्ला द्वारा ब्लड डोनेट करना एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य है। उनका समाज के प्रति यह योगदान वाकई समाज के अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करेगा। आगे उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित कर हम यह संदेश देना चाहते हैं कि महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में सराहनीय और महत्वपूर्ण है। वहीं प्राचार्य संजय सिन्हा ने कहा कि नारी सम्मान किसी एक दिन का मोहताज नहीं, बल्कि हर दिन उनका आदर और सम्मान किया जाना चाहिए। महिला दिवस सिर्फ एक अवसर है, लेकिन असली बदलाव तब आएगा जब समाज हर दिन महिलाओं की प्रतिभा, योगदान और अधिकारों को समान रूप से महत्व देगा। विद्यालय परिवार ने महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई दी और उनके योगदान को सराहा।

राज इंटरनेशनल स्कूल में महिला दिवस मनाया गया

महिलाएं हर दिन समाज के विकास में योगदान देती हैं : राहुल

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूम –धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देश की उन महिलाओं को याद करके मनाया गया. जिन्होंने अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है। इसके बाद विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने सभी विद्यालय की महिला शिक्षक, स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा की महिला दिवस हर दिन मनाया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाएं हर दिन समाज के विकास में योगदान देती हैं. –यह पंक्ति नारी के अद्वितीय महत्व और शक्ति को दशार्ती है. इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने अपने साहस और संघर्ष के साथ बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया और मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने आत्मविश्वास से असंभव को संभव कर दिखाया. हर साल महिलाओं के अधिकारों, समानता और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. इस दिन का उद्देश्य महिलाओं की सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक– आर्थिक उपलब्धियों को याद करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहें।

चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक सह होली मिलन समारोह आज चुटियारो में

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक सह होली मिलन समारोह 9 मार्च को लखीबागी चुटियारो में संपन्न होगी।उक्त जानकारी मंच के सचिव धरतीपुत्र महेश भारती ने देते हुए कहा कि। भारत का होली लोकप्रिय है जो भारत में मनाया जाने वाला एक रंगबिरंगा त्यौहार है। यह वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लोग एक दूसरे पर रंग– बिरंगे पाउडर फेंककर होली मनाते हैं। यह त्यौहार संगीत, नृत्य और मौज–मस्ती के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर समाज को एकजुट करते हुए समाज के अंदर शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक समझ को विकसित करने के एक उद्देश्य है। वही उन्होंने कहा कि इसी दिन समाज के मासिक बैठक सह होली मिलन समारोह मंच सदस्य द्वारिका कुमार राम के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के ही सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, सीता राम भगत जी, बिरेंद्र राम,उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, ओम प्रकाश राम, महेंद्र राम, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राज्य महासचिव सह मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन, जिला अध्यक्ष प्रवीण रवानी, महासचिव अभिषेक चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रभात राम, राहुल वर्मा, सचिव महेश राम, कोषाध्यक्ष मनोहर कुमार, संगठन मंत्री पवन कुमार चंद्रवंशी, मंच उपाध्यक्ष रवि राम, सह सचिव संतोष चंद्रवंशी, सुरेंद्र भारती,अरुण राम, दिवाकर राम, मनोज राम,रंजीत राम, मुकेश राम, मनोज कुमार, प्रेम कुमार, रवि रवानी, अनिल राम, द्वारिका राम, विजय कुमार, अजय कुमार, विजय राम अधिवक्ता निखिल चंद्रवंशी, विकास कुमार,सुशील चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी अन्य गरिमामय सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र राम सोरेन आदि लोग ने भाग लेंगे।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा और प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं। स्कूल की निर्देशिका संगीता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर है। महिलाओं की क्षमता और शक्ति को पहचानना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और अपने सपनों को साकार कर सके। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और सफलता कितनी महत्वपूर्ण है। शिक्षण से लेकर विज्ञान, खेल, कला और उद्यमिता तक, महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम बेटियों और बहनों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें और एक ऐसा वातावरण तैयार करें जहाँ वे निडर होकर अपने सपनों को पूरा कर सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रेरणादायक भाषण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने नारी शक्ति के योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सम्मान और समानता का संदेश दिया। इस आयोजन ने सभी को महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने और समाज में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

डीवीसी केटीपीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पर पैम्फलेट का उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। डीवीसी केटीपीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 2025 के अवसर पर सुरक्षा दिशा–निर्देशों पर एक पैम्फलेट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार सिन्हा सीनियर जीएम (ओएंडएम) ने किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रंजीत दास जीएम सीएंडआई, अमन ज्योति जीएम ईएमएंडपीसी, बॉयलर एंड कोल मिल्स शामिल थे। इस समारोह का समन्वयन लक्ष्मीकांत मंडल डीजीएम सुरक्षा एवं टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर केटीपीएस के सीनियर कार्यकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमता संवर्धन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। जिला अंतर्गत शनिवार 8 मार्च 2025 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ ग्रामीण वॉश वीरांगनाओं यथा जलसहियाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के तहत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन एवं रख रखाव हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमता संवर्धन किया गया जिसमें मुख्य रूप से ओडीएफ प्लस के विभिन्न घटकों पर चर्चा, जेजेएम के अंतर्गत एफटीके किट के माध्यम से जल जांच विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाली जलसहियाओं को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित भी किया गया। साथ ही साथ जिले के अन्य सभी प्रखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता महिला सभा, टल्ठट पर चर्चा, जल गुणवत्ता निगरानी पर चर्चा, स्वच्छता रैली अन्य गतिविधियां किया गया। इस सफल कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कीनय अभियंता, सभी जिला समन्वयक, सभी प्रखंड वाश समन्वयक, जिले के सभी जलसहियाओं का अहम भूमिका रहा।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमता संवर्धन

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। जिला अंतर्गत शनिवार 8 मार्च 2025 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ ग्रामीण वॉश वीरांगनाओं यथा जलसहियाओं के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के तहत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का सफल संचालन एवं रख रखाव हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह क्षमता संवर्धन किया गया जिसमें मुख्य रूप से ओडीएफ प्लस के विभिन्न घटकों पर चर्चा, जेजेएम के अंतर्गत एफटीके किट के माध्यम से जल जांच विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाली जलसहियाओं को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित भी किया गया। साथ ही साथ जिले के अन्य सभी प्रखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता महिला सभा, टल्ठट पर चर्चा, जल गुणवत्ता निगरानी पर चर्चा, स्वच्छता रैली अन्य गतिविधियां किया गया। इस सफल कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कीनय अभियंता, सभी जिला समन्वयक, सभी प्रखंड वाश समन्वयक, जिले के सभी जलसहियाओं का अहम भूमिका रही।

साइबर धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार, 68 लाख का ट्रांजेक्शन

साइबर धोखाधड़ी के मामले में रोहतास साइबर थाने की बड़ी कार्रवाई



नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी/जिला साइबर थाना की पुलिस ने तीन साइबर ठगों को शनिवार को गिरफ्तार किया है।तीनो के खाते से दो माह के दौरान 68 लाख का लेन देन किया गया है।सरगना की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। डीएसपी सह साइबर थाना अध्यक्ष स्वीटी सिंह ने बताया कि रोहतास साइबर थाना को 6 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि फर्जी तरीके से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा और उत्कर्ष स्माल फिनास बैंक में खाता खुलावाकर साइबर फॉड की बडे पैमाने पर राशि मंगवाई जा रही है। जिसमें कई अन्य व्यक्ति भी शामिल है।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की टीम बनाया गया। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष स्माल फिनांस बैंक से करगहर थाना के कुशडिहरा निवासी धनु कुमार के नाम खाता की जांच की गई तो इसमें 3031569 रुपए के लेन देन किए गए थे ।इस खाते पर ठगी की 7 शिकायतें दर्ज है।वही इसके एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्रा खाता का सत्यापन किया गया। इस खाते में 13,52, 755रूपए तथा दो शिकायते मिला था। उन्होंने बताया कि शिवसागर थाना के निमिया निवासी रामप्रवेश कुमार के उसी बैंक उत्कर्ष स्माल फिनांस बैंक खाता की जांच की गई इसमें 2479438 रुपए की लेनदेन किया गया था।उन्होंने बताया कि जांचोपरांत संदिग्ध खाता धारक धनु कुमार व रामप्रवेश कुमार से पूछताछ में बताया कि साइबर अपराध के लिए ये अपने खाता खुलवाकर चेनारी थाना के छितराटांड़ गांव निवासी नंदलाल कुमार व उसी थाना के उर्दा गांव निवासी प्रवीण कुमार उर्फ गौतम कुमार को देते है। जिसके बदले प्रत्येक खाता के लिए पहले पांच हजार रूपया दिया जाता है। उसके बाद साइबर फ्रॉड का पैसा आने पर और पैसा देने की बात की गई। उन्होंने बताया कि दोनों की निशानदेही पर साइबर फॉड में संलिप्त प्रवीण कुमार उर्फ गौतम कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसने बताया गया कि दिनारा थाना क्षेत्र के इंदौर गांव निवासी प्रिंस कुमार गिरोह का मुख्य सरगना है। जिनके द्वारा खाता में साइबर अपराध का पैसा मंगवाते है वे एटीएम और यूपीआई या आईएमपीएस के माध्यम से पैसा निकाल लेते है। एक दिन में एक खाता का प्रयोग करते है तथा उस दिन उस खाते में लगभग बीस से पच्चीस लाख रूपया मंगवा लेते है। एक खाता का प्रयोग करने के बाद खाता को वापस लौटा देते है। उन्होंने बताया कि सरगना की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्रेस वार्ता में छापेमारी टीम में पुअनि ज्योति कुमार, निखिल राय ,अनुपम कुमारी, विक्की कुमार व अमित कुमार मौजूद थे।

साइबर फ्रॉड से बचने के टिप्स अपनाएं, 2024 से अब तक 1598 प्राथमिकी : स्वीटी सिंह

साइबर पुलिस पोर्टल पर जिला साइबर थाना की स्थापना के बाद वर्ष 2024 से अब तक कुल 1598 मामले दर्ज हुए जिसमें पर साइबर थाने व अन्य स्थानों में कुल 214 प्राथमिकी की दर्ज की गई है। साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी स्वीटी सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित व्यक्तियों की शिकायत पर वर्ष 2024 से फरवरी 2025 तक 2 करोड़ 20 लाख 61881 रुपए को विभिन्न बैंकों और एजेंसियों के माध्यम से पुट आन होल्ड कराया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस द्वारा वर्ष 2024 से अब तक कुल 52 लाख 71351 रुपए वादी के खातों में वापस कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ हो रहे साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जिले के अन्य स्थानों पर साइबर थाना के द्वारा साइबर अवेयरनेस कर महिला दिवस पर महिलाओं को साइबर ठगी से बचने के टिप्स दिए गए। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बताया गया है कि अपना पासवर्ड, ओटीपी किसी के साथ साझा न करें मुफ्त उपहार के चक्कर में व्यक्तिगत जानकारी किसी को ना दें। उन लोगों ने फ्रॉड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें जिसे आप नहीं जानते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर व्यक्तिगत जानकारी जैसे मोबाइल नंबर ईमेल आईडी साझा ना करें। किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर नेशनल साइबर हेल्प डेस्क नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा/ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सूर्यपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित जीविका कार्यालय में शनिवार को सपना नारी शक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष निर्मला देवी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीआरओ अभय कुमार सिंह बीपीएम कुमार गौरव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीपीएम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्य रूप से हर क्षेत्र में महिलाओं का सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री इंटरशिप योजना के विषय में भी मुख्य रूप से चर्चा किया गया। इस के तहत वैसे छात्र जिनका आयु 21 वर्ष से 24 वर्ष तक है एवं योग्यता मैट्रिक, इंटर, साधारण स्नातक है। उनको रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अपने मनचाहे क्षेत्र के में सरकार द्वारा चयनित 500 कंपनियों के साथ इंटर्नशिप कर वाया जाएगा। जिसमें प्रतिभागी को 5000 रुपए प्रतिमाह इंटर्नशिप राशि के रूप में महीना दिया जाएगा। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक मनीष कुमार, एफ डी ई राजीव रंजन पाठक, पंचायत सचिव अरविंद कुमार, राकेश रौशन जीविका से पुष्पा रानी,मनीष कुमार, सोनी कुमारी, अमित कुमार सहित काफी संख्या जीविका दीदी थीं।

ऐपवा ने की माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के अत्याचार पर रोक लगाने की मांग

सभी महिलाओं को 2500 रु मासिक सहायता और सभी स्कीम वर्कर रसोईया आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायक सहायिका को सम्मान जनक वेतनमान देने की मांग की

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया/ अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बेतिया समाहरणालय गेट पर प्रदर्शन कर माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज की मकड़जाल में फसी महिलाओं को कर्ज मुक्त कराने और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के अत्याचार पर रोक लगाने की मांग किया, ऐपवा नेत्री संगीता कुमारी ने कहा कि बिहार में महिलाओं के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार के लिए कम से कम सभी महिलाओं को 2500 मासिक सहायता और सभी स्कीम वर्कर रसोईया आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायक सहायिका को सम्मान जनक वेतनमान देने की किया मांग।

उन्होंने कहा कि हिंसा, बलात्कार, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने की घटनाओं के खिलाफ सरकार समुचित कार्रवाई करें, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऐपवा नेत्री संगीता कुमारी ने कहा कि अम्बेडकर साहेब के आधुनिक भारत में भभुआझगांव बिठवार के स्कूल में बेटी खुशी कुमारी का नामांकन कराने गई ललिता देवी को स्कूल से बाहर करने, सर फोड़ने, चमार कहकर अपमानित करना, मुख्यमंत्री नितीश कुमार के गृह जिले नालंदा के बिहारशरीफ में एक युवती के पैरों में 9 कीलें ठोंक दी गईं, पूरे शरीर पर जख्म थे, हाथ-पैर बंधे हुए थे यह मानवता को शर्मसार करने वाली दरिंदगी है।झ यह सिर्फ हत्या नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति सत्ता की संवेदनहीनता का खौफनाक सबूत है। महिला सशक्तिकरण की ढोल पिट ने वाले नितीश कुमार के डबल इंजन की सरकार में हो रहा है, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को का ढोंग बंद कर महिला हिंसा पर रोक लगाने की मांग किया

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालन्दा के बिहारशरीफ, चंडी में महिला के तलवों में ठोंकी नौ कील ठोक कर हत्याकांड का अंजाम दिया गया है, यह रूह कपाती तस्वीर नितीश कुमार के महिला सशक्तिकरण का पोल खोल कर रख दिया है, इस हत्याकांड के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग किया। ऐपवा नेत्री सोना ने कहा कि इस दरिंदगी के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए। और महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, न कि सिर्फ कागजी घोषणाएं।. सरकार अपराधियों को संरक्षण देना बंद करे, बिहार की जनता को जवाब दे। इनके अलावा सुगान्ती देवी, गीता देवी, हसन तारा, सलमा खातुन, शान्ति देवी जसिया देवी आदि महिला नेत्रीयों ने भी सम्बोधित किया।

उच्च विद्यालय अगरेड खुर्द में चौथे चरण का चल रहे प्रशिक्षण का समापन हुआ

नवप्रदेश प्रतिनिधि/सूर्यपुरा : संकुल संसाधन केन्द्र सह उच्च विद्यालय अगरेड खुर्द में बिहार शिक्षा परियोजना रोहतास के तत्वावधान में चौथे चरण का चल रहे विद्यालय शिक्षा समिति के समुदाय प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। जिसमें सीआरसी अंतर्गत सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक, अध्यक्ष, सचिव, अन्य सदस्य को प्रशिक्षक मनोज कुमार सिंह तथा एस कुमार ने प्रशिक्षण



मॉड्यूल के अनुसार विद्यालय विकास योजना प्रपत्र, विद्यालय की आवश्यकताओ एवं समस्याओं पर चर्चा,सदस्यों को विद्यालय के प्रति संवेदनशीलता सहित समिति के गतिविधियों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

बिहार के मुख्यमंत्री को भूलने की गंभीर बीमारी, सीएम नीतीश पर क्यों भड़क गए लालू के करीबी सुनील सिंह

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना/ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आज बिहार विधानमंडल के दोनों ही सदनों में प्राथमिकता के तौर पर केवल महिलाओं को ही सवाल पूछने का मौका दिया गया। इस दौरान विधान परिषद में महिला सदस्य का सवाल सुनकर सीएम नीतीश भड़क गए और खूब हंगामा हुआ। इसको लेकर लालू परिवार के करीबी सुनील सिंह ने हमला बोला है। आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जिस तरह से महिलाओं के लिए अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल करते हैं

वह कोई नई बात नहीं है। सब लोगों ने पहले भी देखा था कि विधानसभा हो या विधान परिषद दोनों ही सदनों में किस तरह से मुख्यमंत्री महिलाओं को अपमानित कर चूके हैं। आज भी सदन में जिस तरीके से मुख्यमंत्री का महिलाओं के प्रति व्यवहार था वह बिल्कुल ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नीतीश कुमार ने सदन के भीतर बिहार की पहली महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बारे में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया, पता नहीं चल पा रहा है कि आखिरकार उनको हो क्या गया है। कोई सदन में इस तरह की भाषा का कैसे इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ने राबड़ी देवी को कहा कि इनके हसबैंड, जो व्यक्ति देश के करोड़ों लोगों के दिलों में लालू प्रसाद बसते हैं, उनका नाम भी अगर मुख्यमंत्री नहीं जानते हैं तो लगता है कि सही में बिहार के मुख्यमंत्री को भूलने की गंभीर बीमारी हो गई है।

रोहतास के अजीत बने जद यू के प्रदेश प्रवक्ता

बिक्रमगंज ।नवप्रदेश। सत्ता रूढ़ दल ने संगठन के मजबूती को ले अपने नये प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी कर दी है। सूची प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा जारी किया गया है। जिसमे रोहतास जिले के संझौली निवासी अजीत कुमार को प्रदेश प्रवक्ता के लिए मनोयन किया गया है। इसके साथ ही श्रीमति पूजा शर्मा, किशोर कुणाल, डॉ. मधुरेन्द्र पांडे, महेश दास व मो .अकबर अली को मीडिया पैनल के लिए प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पार्टी के नीतियों व सिद्धान्तों को रखने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रवक्ताओं की सूची जारी होने के बाद एनडीए कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्याप्त करने वालो में जद यू चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रवि रंजन, प्रदेश सचिव सह पूर्व नगर उपाध्यक्ष विकास कुमार सिंह उर्फ सरसठ सिंह,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो .मोइनुद्दीन, प्रखण्ड अध्यक्ष संझौली राजेश कुमार, बिक्रमगंज संजय वर्मा, विजय चौधरी, भाजपा के लव कुमार मिश्र, प्रखण्ड अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक, हम के मनोज कुमार, रालोजपा के धनबसन्त चौधरी, उमेश कुशवाहा, अमित कुमार

महिला दिवस के अवसर पर बच्चों में प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि संहार/स्थानीय प्रखंड अंतर्गत राजदेवह नगर में स्थित कृष्णा ग्लोबल स्कूल में महिला दिवस के अवसर पर बच्चों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन निर्देशक सतीश शर्मा ने दी प्रचलित कर किया। सतीश शर्मा ने कहा कि हमारा यह संस्थान हमेशा महिलाओं के लिए तटस्थ रहा है। आगे भी जो भी समस्या आती है इसका निष्पादन के लिए हम लोग सार्थक प्रयास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान इस दौरान निशानेबाजी लेमन रेस दौड़ बोतल गेम बैलून गेम सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद मौजूद सभी शिक्षकों के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।इस अवसर पर डायरेक्टर सतीश शर्मा प्रिंसिपल सीमा कुमारी सहायक वाइस प्रिंसिपल प्रीति कुमारी मनीष कुमार ,मिथिलेश राय करिश्मा कुमारी शांभवी तिवारी अंजलि तिवारी मोनिका कुमारी नाजमीन,चांदनी कुमारी, सूर्यमिला कुमारी ,श्याम गुप्ता अमरेश कुमार,सूर्यभान, विमलेश राय विद्यालय छात्र-छात्र उपस्थित थे।

महिला दिवस की रही धूम

बेतिया/नवप्रदेश। शनिवार को दिन जन शिक्षण संस्थान कि निर्देशिका निर्मला श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए कई रोजगार कार्यक्रम चल रहा है। जैसे सिलाई, कटाई, कढ़ाई, और ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण देती है। जिससे अपने प्रशिक्षण के दौरान ही युवतियां और महिलाएं रोजगार के तरफ आकर्षण होने लगती है। आज प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिला स्वरोजगार द्वारा समाज में एक अच्छे मुकाम पर पहुँच रही है। साथ ही संस्थान द्वारा प्रशिक्षित छात्र- छात्रों प्रशिक्षित को उनकी दक्षता का प्रमाण पत्र भी दिया गया। आज प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिला स्वरोजगार द्वारा समाज में एक अच्छे मुकाम पर पहुंच रही है। इस अवसर पर संस्थान की पी ओ0 कनक कुमारी, प्रशिक्षिका सृष्टि कुमारी, मनीषा कुमारी, जरीना यास्मीन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगा तपेश्वर सिंह इंदु महिला कॉलेज में

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा/वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की संबद्ध इकाई और आरा शहरी क्षेत्र के एक मात्र संबद्धताप्राप्त डिग्री महिला कॉलेज के रूप में महिला शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण का मशाल जला रहे तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय में लम्बे समय के बाद शासी निकाय के सचिव पद पर बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्वाचन और कुलपति द्वारा निर्वाचन का अनुमोदन किये जाने के बाद शिक्षक, शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में महाविद्यालय के उतरोत्तर विकास की उम्मीद जगी है. महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने शुक्रवार को कॉलेज के सभागार में एक बैठक आयोजित किया और नव निर्वाचित सचिव डॉ. अजय कुमार सिंह का भव्य स्वागत और अभिनंदन समारोह कर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया. इस दौरान शनिवार को कॉलेज के सचिव का स्वागत और अभिनंदन समारोह आयोजित करने का निर्णय लेने के बाद सभी आवश्यक तैयारियों को पूरा करने में शिक्षक, शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक टीम जुट गई. देर शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली गई और धूम धाम से समारोह आयोजित करने को लेकर कॉलेज का मुख्य समारोह स्थल सज धज कर तैयार हो गया. समारोह की तैयारियों की पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे शिक्षकेत्तर कर्मी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कॉलेज शासी निकाय के नवनिर्वाचित सचिव डॉ. अजय कुमार सिंह का शानदार तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया जायेगा. इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षिकाओं और कर्मियों की तरफ से होली मिलन समारोह भी आयोजित होगा. उन्होंने बताया कि सचिव डॉ. अजय कुमार सिंह के स्वागत और अभिनंदन समारोह को लेकर सभी शिक्षक एवं कर्मी पूरे दिन तैयारियों में जुटे रहे. मुख्य समारोह महाविद्यालय के गैलरी स्थित सभागार में आयोजित होगा. कार्यक्रम स्थल को आकर्षक बैनर और फूल मालाओं से सजा दिया गया है और सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है. कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रो. रामेश्वर सिंह और कोषाध्यक्ष प्रो. कल्याणी सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के सचिव डॉ. अजय कुमार सिंह का स्वागत और अभिनंदन समारोह ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगा. ढ़ोल, नगाड़े, गाजे- बाजे के साथ स्वागत गीत और होली गीतों की भी धूम रहेगी।

वाल्मीकि महोत्सव 2025: संस्कृति, आस्था और भव्यता का संगम



नवप्रदेश प्रतिनिधि/वाल्मीकि नगर में आयोजित वाल्मीकि महोत्सव का शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ मंत्री विजय चौधरी, अन्य मंत्री, सांसद और विधायक भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। महोत्सव में लोक और शास्त्रीय संगीत, नृत्य, और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभर से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगो का दिल जीत लिया। वाल्मीकि नगर के इस महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग उमड़े। पूरे आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे इसकी भव्यता और आकर्षण और भी बढ़ गया। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, वहीं आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। वाल्मीकि महोत्सव न सिर्फ धार्मिक आस्था, बल्कि संस्कृति, पर्यटन और परंपरा का भी उत्सव बन चुका है। यह महोत्सव हर साल वाल्मीकि नगर को सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान देता है।

ड्रेगन फ्रूट के साथ मिश्रित खेती कर क्षेत्र के किसानों में अलख जगा रहे हैं खुर्शीद

पूर्णिया/नवप्रदेश। एक तरफ जहां किसान पारंपरिक खेती में लगातार घाटा उठा रहे हैं वहीं इस समय किसान भी नित्य नये प्रयोग कर खेती से अधिक मुनाफा कमाने के उपाय खोजने में लगे हुए हैं। भवानीपुर प्रखंड क्षेत्र के माधवनगर गांव में एक किसान ड्रेगन फ्रूट के खेती के साथ मिश्रित खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। खासकर मक्कांचल एवं केलांचल के नाम से विख्यात हो चुके धमदाहा अनुमंडल क्षेत्र में यह नया प्रयोग है। माधवनगर के किसान खुर्शीद आलम के सफलता से प्रभावित अनुमंडल क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी इसमें कदम बढ़ाए हैं। माधवनगर के किसान खुर्शीद आलम ड्रेगन फ्रूट के खेत में ड्रेगन फ्रूट के साथ-साथ मक्का, गोभी, लहसुन आदि की मिश्रित खेती कर लोगों के लिए नजीर पेश कर रहे हैं

। किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि इस तरह से मिश्रित खेती कर किसान अपने खेतों से पारम्परिक खेती की अपेक्षा अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं ।

प्रगतिशील किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि ड्रेगन फ्रूट की खेती में किसानों के खेत की कुछ ही जमीन बाधित होता है । उन्होंने बताया कि एक एकड़ ड्रेगन फ्रूट कि खेती में महज पांच कट्ठा जमीन ही इससे बाधित होता है उन्होंने बताया की बांकी की जमीन पर किसान सालों भर दूसरी फसल की खेती कर सकते हैं और उससे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

अधिकारियों का मिल रहा है सहयोग

प्रगतिशील किसान खुर्शीद आलम ने बताया कि वह ड्रेगन फ्रूट के अलावे, सेब, अंजीर, अनार, बेबी कॉर्न, स्वीट कॉर्न एवं अन्य फसलों की भी खेती करते हैं । उन्होंने बताया कि उनके इस खेती में सरकारी अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिलता आ रहा है । किसान खुर्शीद ने बताया कि सरकारी अधिकारियों के द्वारा उसे समय-समय पर बुलाकर खेती से संबंधित परेशानियों को भी पूछा जाता है एवं समस्या होने पर उसका निदान भी कृषि अधिकारियों के द्वारा किया जाता है ।

एक नजर

भैंसहा पंचायत में कल्याणकारी योजनाओं का लिया जायजा

नवप्रदेश प्रतिनिधि/ डेहरी प्रखंड के भैंसहां पंचायत में हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा का पंचायत के मुखिया एवं कांगड़ा जिला के पदाधिकारी संयुक्त रूप से पंचायत में बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में वृद्धि जानकारी ली, सबसे पहले पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने अतिथियों का अंग वस्त्र एवं माला पहनकर उनका सम्मान किया। वहां के मुखिया तथा पदाधिकारी ने यहां चल रहे हैं योजनाओं में प्रमुखता मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्टेट लाइट योजना के बारे में तथा आंगनबाड़ी केंटो में चलाई जा रही योजना तथा बिहार में नल जल की योजना के बारे में बिहार सरकार की भूरि भूरि प्रशंसा की पंचायत में पुस्तकालय के भी समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत कार्यालय की अधिकतम जानकारी तथा सबसे बड़ी बात यहां जो पंचायत लोक निवारण केंद्र के स्तर पर जो पंचायत की समस्या सुलझाई जाती है उसे लोग अत्यधिक ही प्रभावित हुए। मौके पर बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश सचिव बिंदा चंद्रवंशी तथा जिला परिषद से अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार, चंदन कुमार सिंह, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी नरदेवेश्वर लाल, उप मुखिया लोकनाथ यादव, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, धनंजय सिंह, बिहारी चौधरी, रविंद्र कुमार, बलजीत सिंह, तकनीकी सहायक अमित कुमार, रवि कुमार, पंचायत सचिव आरके पोद्दार, कार्यपालक सहायक प्रतिमा सिंह, संगीता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, संजीव कुमार, सुनीता ठाकुर, डिपार्ट आदित्य कुमार, शशिकांत हिमाचल प्रदेश कांगड़ा जिला से जिला पंचायत पदाधिकारी नीलम कोटक, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर मुकेश कुमार, जिला परिषद के सदस्य रितिका शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, हीरापल सिंह, राजीव सिंह, बिना धिर्माण रवि कुमार, आशा देवी, आशा द्विवेदी, शिवदयाल राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी धनी देवी, रितेश कुमार, अजय डोगरा, पंचायत इंस्पेक्टर संजय कुमार, पंचायत सचिव नीलम कुमारी, सुरेश ठाकुर , 32 मुखिया समेत अन्य भी पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

ग्राम सभा सह महिला सम्मान समारोह में 500 महिलाओं का हुआ सम्मान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आदर्श पंचायत सरैया में भव्य आयोजन

नवप्रदेश तिलौथु/अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सरैया में भव्य ग्राम सभा सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया संजय चौधरी एवं उप मुखिया अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 500 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अमझोर थाना की महिला प्रभारी पूनम कुमारी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों एवं सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रितेश कुमार, अंचल अधिकारी हर्ष हरि, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित जैन और सामाजिक कार्यकर्ता हंसराज कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनके अलावा, महिला सशक्तिकरण की प्रतीक बन चुकी सविता डे सहित भारी संख्या में बच्चियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय व्यापार संघ ने कई सशक्त महिलाओं को किया सम्मानित

राकेश कुमार/नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना/अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना के एक्सजीविशन रोड स्थित होटल गार्गी ग्रैंड में राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बिहार राज्य की कई सशक्त महिलाओं को राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा सम्मानित किया गया. सम्मानित की गई महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्य एवं उपलब्धियों के लिए चयनित की गई थी. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार संघ द्वारा पटना के होटल गर्गी ग्रैंड में आयोजित प्रेस वार्ता में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है. राष्ट्रीय व्यापार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने अधिवक्ता वीणा कुमारी जयसवाल, प्रियंका रंजन, गरिमा यादव, ऐश्वर्या, कल्याणी गुप्ता, प्राजंलि, बबली चंद्र, रितु गिरी, अंशु, ज्योति आर्या, अनुपमा यादव, सिमरन सिंह, जोया राज एवं अन्य महालिओ को सम्मानित किया गया.

शिक्षक एवं अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन पर चर्चा की गयी

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा/ प्रखंड मुख्यालय स्थित राज राजेश्वरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शिक्षक एवं अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन पर विशेष रूप से चर्चा की गई .वहीं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन पांडे ने उपस्थित अभिभावकों से कहा कि विद्यालय में नामांकित छात्र-छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सभी लोगों का सहयोग जरूरी है . वहीं विद्यालय में नहीं पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से मिलकर उन्हें विद्यालय में आकर पठन-पाठन करने के लिए लोगों ने सर्व सहमति से प्रस्ताव पास किया. जबकि वही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने आगे कहा कि विद्यालय में असामाजिक तत्वों के असमय प्रवेश पर रोक लगाया गया है. इस नियम का उल्लंघन करने वाले को पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. शिक्षक,अभिभावक बैठक में लोगों ने शपथ लेकर अधिक से अधिक बच्चो को विद्यालय में आकर पढ़ने के लिए सर्व सहमति से प्रस्ताव पास किया. वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित सभी महिलाओं को शुभकामना दी. मौके पर शिक्षक प्रवेश सिंह, विकास कुमार, संजीत कुमार, कुमार रणजीत, मंटून कुमार के साथ ही स्थानीय दर्जनों महिला पुरुष लोग मौजूद थे .

नीतीश ने भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का छुआ पैर! होली मिलन समारोह में सबको किया हैरान...

नवप्रदेश पटना/सीएम नीतीश ने भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छू लिया है। बताया जा रहा है कि सीएम होली मिलन समारोह में शामिल होने गए थे।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर सबको चौंका दिया है। सीएम नीतीश ने होली मिलन समारोह में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छू लिया है। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सीएम नीतीश भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे थे। जहां अचनाक सीएम नीतीश रविशंकर प्रसाद के सामने झूक गए। हालांकि रविशंकर प्रसाद ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद सीएम नीतीश ने रविशंकर प्रसाद से गले मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। सीएम नीतीश के अचनाक भाजपा सांसद के आगे झूकने से समारोह में मौजूद सभी लोग हैरान हो गए। बता दें कि, इसके पहले भी कई बार सीएम नीतीश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूते नजर आ चुके हैं। सीएम नीतीश के द्वारा पीएम को पैर छुए जाने पर विपक्ष ने जमकर निशाना भी साधा था।

पाठक ने अगलगी से पीड़ित परिवार को दी मदद

नवप्रदेश प्रतिनिधि/नरकटियागंज विधानसभा के सुगौली पंचायत के चौड़बल में कुछ दलित घरों में विगत दिनों आग लगने से काफी नुकसान हुआ जिसमें एक बच्चे की भी आग से झुलसने की खबर मिली। उक्त अगलगी की घटना की जानकारी जैसे ही बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक तथा समाजसेवी एपी पाठक को मिली उन्होंने अपने बाबु धाम ट्रस्ट के कार्यकताओं की टीम अगलगी ग्राम चौड़बल में भेजा। ट्रस्ट के कार्यकताओं ने पीड़ित दलित परिवारों घुघली राम, भीखम राम, उकेश राम,बृजेश राम,सुरेंद्र राम,गोपी राम तथा जवाहर राम आदि के घरों के नुकसान का आकलन किया। साथ ही अपने बाबु धाम ट्रस्ट के माध्यम से पीड़ित दलित परिवारों को कंबल, चूड़ा,मीठा, दवाई और अन्य सामग्री का वितरण करवाया।

होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा कर आपसी भाईचारे का दिये संदेश

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बेतिया। नगर के गुलाब बाग पार्क में भाजपा के युवा नेता राहुल कुमार द्वारा होली मिलन समारोह आयोजन किया गया जिसमें बिहार सरकार की कैबिनेट मंत्री रेणु देवी, भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह बेतिया सांसद, चनपटिया विधायक समेत भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता समेत बेतिया मझौलिया की आम जनता भाग लिए और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी वही नौतन विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण शाह के अवास कठैया विशुनपुरा में विधायक पुत्र निरज कुमार उर्फ बबलू ने होली मिलन समारोह आयोजन किया जिसमें विधानसभा क्षेत्र के आम जनता के साथ साथ स्थानीय सांसद, चनपटिया विधायक एवं विधायक नारायण शाह ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली कि शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे बनाए रखने का संदेश दिया वैसे तो होली मिलन समारोह में बाल्मीकि नगर में आयोजित वाल्मीकि महोत्सव में बिहार के मुखिया के आगमन होने के कारण सभी कार्यक्रम तेजी से संपन्न कर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी विधायक एवं सांसद प्रस्थान कर गये

नशे की हालत में बीईओ गिरफ्तार

महिला शिक्षिका से दुर्व्यवहार करते हुए गिरफ्तार। पुलिस ने कोटवा बीआरसी से किया गिरफ्तार। कोटवा बीईओ है उपेंद्र कुमार

करमचंद भगत महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

नव प्रदेश/सुनील गुप्ता

बेड़ो। करमचंद भगत कॉलेज, बेड़ो की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. बिनोद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉ विनोद सिंह ने महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में है। बतौर विशिष्ट अतिथियों में डॉ. डेलोमाई हांसदा, डॉ. मीरा कुमारी, डॉ. आशा रानी लकड़ा एवं परीक्षा नियंत्रक अरविंद राणा बिलुंग उपस्थित रहे। सभी महिला शिक्षिकाएं विशेष अतिथि रहीं। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत से हुई। संध्या उराँव और श्रवण लोहरा ने मंच संचालन किया। इस सफल आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. नेहा टोप्पो की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता और समर्पण से पूरे कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नितेश पासवान और प्रो. पुनम कुमारी ने उत्कृष्ट योगदान दिया और ठरर स्वयंसेवकों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक बना बल्कि छात्रों में सेवा और जागरूकता की भावना भी विकसित हुई। महिला शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मियों को गमले में पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता विजेताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम नीमा कुमारी (यूनिट 1), द्वितीय राधिका कुमारी (यूनिट 2), तृतीय अनीशा खलखो (यूनिट 2), निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम नीमा कुमारी (यूनिट 1), द्वितीय संध्या उराँव (यूनिट 1), तृतीय झ सुमंती कुमारी (यूनिट 3), भाषण प्रतियोगिता में प्रथम उज्जवल कुमार (यूनिट 3), द्वितीय संध्या उराँव (यूनिट 1), तृतीय राधिका कुमारी (यूनिट 2) तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम अनूप गोप (ग्रूप डी), द्वितीय ज्ञानरंजन उरांव (यूनिट 2), तृतीय जितेंद्र कुमार सिंह, चतुर्थ अलका कुमारी एवं पंचम प्रकाश गोप (यूनिट 3) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की बेड़ो स्थित के.सी.बी. कॉलेज की ईकाई के द्वारा बेड़ो की महिलाओं के सशक्तिकरण और समानता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

सोनाहातू/राहे। जामुदाग सीएलएफ में शनिवार को अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किये। इन्होंने महिला उत्थान और महिलाओं के स्थिति पर चर्चा किये। मौके पर बीपीओ बबिता गोस्वामी, समाज सेवी धनु नाग, जेएसएलपीएस के हिरालाल महतो, ललित कुमार, मुकेश कुमार, कुंजलाल पंडित, करूणा देवी के पदधारी रीता महतो, होलिका देवी, प्राथमि देवी, बृहस्पति देवी, संगीता कुमारी, हरेश्वरी देवी, शांति कुमारी, भुवनेश्वरी देवी, जलेश्वरी देवी, सुशीला देवी, लीला देवी, परुबाला देवी, विमला देवी, मुक्ता देवी, राखी देवी, पुष्पा देवी आदि मौजूद थे। मंच संचालन रासमणि देवी ने किया। इधर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे ओर पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाहातू की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच महिला दिवस मनाया। राहे के वार्डन परमेश्वरी कुमारी ने छात्राओं के बीच महिलाओं के उत्थान से संबंधित प्रेरक प्रसंगों की जानकारी दिया।

आजसू पार्टी ने राहे प्रखंड में किया प्रभारियों को मनोनीत

नव प्रदेश/राहे। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार प्रखंड स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड कमिटी के विभिन्न अनुसंगी इकाईयों के पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरीय उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी रांची राजकिशोर कुशवाहा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी विस्तार एवं पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूती के लिए सर्वसम्मति से महिला ओर पुरुष प्रभारियों को मनोनीत किया गया। मनोनीत टीम में पंचायत प्रभारी, लोवाहातू पंचायत किरीटी महतो, बी नावाडीह से मयूक भूषण, होटलो पंचायत से करम सिंह मुंडा और नीता देवी,दोकाद पंचायत राजेश्वर महतो, बसंतपुर से रमापति सिंह मुंडा और शरण देवी, बंसिया से नगेंद्र सिंह मुंडा और जानकी देवी, राहे पंचायत से सरोज देवी, सताकी से अनिता देवी, को शामिल किया गया।मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो सहित पार्टी के सभी इकाईयों के पदाधिकारी (महिला/पुरुष) एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

नव प्रदेश सवाददाता

मांडर। मांडर के कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्युशन, के अन्तगर्त सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कन्दरी, माण्डर, में शनिवार को बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम नर्सिंग के छात्र/छात्राओं द्वारा अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की सचिव नीतिन परासर एवं शैक्षणिक सचिव, दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नीतिन परासर ने कहा कि गरीबी और निरक्षरता महिलाओं के सशक्तीकरण में गंभीर बाधा रही है। जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं सबला बन जाएगी तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएगी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता दिलाना है। शैक्षणिक सचिव, दिपाली पराशर ने कहा कि भारत सभ्यता और संस्कृति के लिए जाना जाता है इसे बचाने में महिलाओं की अभुतपूर्व भूमिका रही है। यदि समाज की प्रगति के बारे में जानना हो तो समाज में महिलाओं की स्थिति के बारे में जानने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपील की कि लोगों के फैसले की छाया में न रहें बल्कि खुद के ज्ञान के प्रकाश में अपनी पसंद एवं नापसंद तय करें। विद्याथीर्यों के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कई नाटक, संगीत कार्यक्रम इत्यादि प्रस्तुत किए गए। नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव के द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। नर्सिंग के छात्र–छात्राओं के द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक इत्यादि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता अंजेला गाड़ी, गोपाल तिरकी, प्रतिमा कुजूर, दिपा कोडयार, पुनम मिंज, सुषमा कुमारी, संगीता कुमारी, प्रीतम कुमार सिन्हा, शशिभूषण जायसवाल, मनीषा कुमारी, एमडी अफरोज, तुलसी दास, आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन नर्सिंग के विद्यार्थी निखिल तिवारी एवं अंजली कुमारी के द्वारा किया गया।

एक नजर

ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

नव प्रदेश/पिस्का नगड़ी। प्रखंड के नगड़ी स्थित संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ नन्दकिशोर मेहता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का झूमर नृत्य के द्वारा स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात प्रशासनिक निर्देशक संदीप राज के द्वारा अतिथियों का परिचय प्रदान कराते हुए स्वागत किया गया। अतिथियों को गुलदस्ता तथा शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं के द्वारा शिक्षाप्रद मनमोहक नृत्यों तथा नाट्यकला की प्रस्तुति दी गई। संत जगत ज्ञान सरोवर संस्थान के सचिव सह विद्यालय के निर्देशक डॉ. पंकज राज के द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने फ्रूट नृत्य, मराठी नृत्य, आसामी नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य, नागपुरी नृत्य तथा शिक्षाप्रद नाटकों सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव, शराब तथा ड्रग्स का परिणाम, शिक्षा का महत्व, अनेकता में एकता, प्लास्टिक का दुष्प्रभाव, सैनिक तथा किसानों को समर्पित आदि का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, साथ ही कक्षा प्रथम से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के सहयोग प्रदान करने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखण्ड राज्य सब्जी प्रसंस्करण के प्रबंध निदेशक अभिनव मिश्रा उपस्थित थें। मुख्य अतिथि के रूप में नेतरहाट विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डा. प्रसाद पासवान, डोरण्डा कालेज रांची के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरिन्दर बीर सिंह, झारखण्ड अधिविध परिषद के सदस्य तथा शिक्षाविद् डॉ. दीपचंद कश्यप, डॉ. सुरजीत सिंह, संत जगत ज्ञान सरोवर संस्थान के सचिव सह विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज, नन्दकिशोर मेहता अस्पताल के निर्देशक डॉ अजय राज, प्रशासनिक निर्देशक संदीप कुमार राज, विद्यालय की प्राचार्या जसमंती देवी, उपप्राचार्या, सुनीता सिंह, रश्मि कुमारी, वरिष्ठ पत्रकार केशव भगत, प्रेमसागर महतो, केशव सोनी, तपेश्वर केशरी, मनीष केशरी आदि उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन भावना सिंह, दीप्ति विश्वकर्मा तथा सुश्री रिया कुमारी के द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

नव प्रदेश/पिस्का नगडी। प्रखंड के आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथि परिचय कमलेंद्र त्रिपाठी ने कराया। मुख्य अतिथि पटेल बी0एड0 कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुराधा ने कहा कि महिलाओं को स्वयं ही सशक्त हो कर आगे आना होगा, किसी अन्य सहायता की आश नहीं करनी चाहिए। प्राचार्य डॉ0 रामकेश पाण्डेय ने इस अवसर पर समाज में महिलाओं की स्थिति एवं उनके भागीदारी पर प्रकाश डाला। आज महिलाएं पुरूषों से कंधा से कंधा मिला कर चल रही हैं, जो महिलाएं शिक्षा का अवलंबन लेती हैं, वह हर युग में आगे रहती हैं। इस अवसर पर बी.एड. सत्र 2024–26 एवं 2023–25 के प्रशिक्षणार्थियों में खुशनुमा, सुरभि, श्वेता, सृष्टि, रिभु, अंकिता, कृति, धनंजय, कंचन, यशस्वी, मुकेश, निधि, बिमला, रश्मि, संतोषी एवं उनके साथियों ने भाषण, झांकी, नृत्य, कविता पाठ, नाटक एवं कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच का संचालन श्यामली एवं आकाश ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन मोहित तिवारी ने किया।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोनाहातू में 527 बच्चों की हृदय जांच, 16 मिले संदिग्ध

नव प्रदेश/सोनाहातू। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग, कोल इंडिया लिमिटेड और श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के संयुक्त प्रयास से सोनाहातू सीएचसी, राहे पीएचसी,ओर पंडाडीह पीएचसी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नन्हे दिलों की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 0 से 15 वर्ष के 527 बच्चों की हृदय संबंधी बीमारियों और लक्षणों की जांच की। जांच के दौरान 16 बच्चों में हृदय रोग के संभावित लक्षण पाए गए, जिन्हें आगे की चिकित्सा जांच और उपचार के लिए रेफर किया गया। अगर किसी बच्चे में हृदय रोग से संबंधित कोई लक्षण हैं, तो वे श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर 6299737695 पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा,राधेश कुमार सिंह, डॉ विक्रम सम्राट, डॉ शांति कुमारी, डॉ अलका गाड़ी, डॉ बीना प्रसाद, निरंजन त्रिपाठी, राधिका यादव, रंजीत कुमार, ट्विंकल यादव, आदि मौजूद थे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राहे ठुंगरूडीह में महिला रैली निकाली गयी

नव प्रदेश/सिल्ली। शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राहे ठुंगरूडीह में महिला रैली निकाली गई। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस अमर रहे , जनवाद, समाजवाद, नारी मुक्ति जिन्दाबाद, महिला शोषण उत्पीड़न नहीं चलेगा , दहेज प्रथा बंद करो, डायन हत्या नहीं चलेगा, महिलाओं को समान अधिकार देना होगा, महिलाओं को काम एवं नौकरी की गारंटी करो, महिलाओं पर भेदभाव नहीं चलेगा आदि आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में झारखंड जनवादी महिला समिति के राज्य उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रंगोवती देवी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा आज आधी आबादी महिलाओं के गौरवशाली अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की पूर्ण आजादी, समानता का अधिकार, महिलाओं की रक्षा, सभी महिलाओं को रोजगार के लिए तथा महिला शोषण उत्पीड़न, बलात्कार, दहेज प्रथा, डायन हत्या, भेदभाव के खिलाफ संघर्ष के लिए शपथ लेते हैं तथा आदि आबादी महिलाओं को जागरूक कर उनके हर सवालों को लेकर मुखर संघर्ष जारी रखने का आव्हान करते हैं।

बस की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत

नव प्रदेश/ईचागढ़। चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 उरमाल मोड़ के समीप बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना की सूचना पर स्थानीय लोग पहुंचे तथा इसकी सूचना चौका पुलिस एवं एम्बुलेंस को दिया। सूचना पर चौका पुलिस एवं एम्बुलेंस पहुंचे तथा सभी घायलों को इलाज के लिए चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य भेजा, जहां से बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि एमजीएम में गंभीर रूप से घायल एक युवक की मौत हो गई है। दो युवक गंभीर रूप से घायल है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम ठाकुर सिंह मुंडा, उम्र–35 वर्ष जो सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेंदा टोला कल्याणटांड़ के निवासी है।जो अपने गांव से अपना ससुराल उरमाल गांव जा रहे थे। घायलों का नाम आमीन सिंह मुंडा और वुधु महतो है।

जुल्म अत्याचार को चुप चाप सहना और देखना भी अन्याय से कम नहीं : शिल्पी नेहा

नव प्रदेश संवाददाता

मांडर। मांडर कॉलेज मैदान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज एक बार फिर आधी आबादी ने अपनी ताकत का अहसास कराया। प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अन्याय और अत्याचार को चुप चाप सहने और देखने को भी अन्याय की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि आज आधुनिक भारत की महिलाएं अब घर की चौखट को लांघ कर अपने हक_ अधिकार और खुद पर हो रहे जुल्म अत्याचार के खिलाफ लड़ने को तैयार है। समाज में महिलाओं को हमेशा लोक_ लाज के दायरे में बांधने की कोशिश हुई। आज जरूरत है कि महिलाएं एक दूसरे की ताकत बने और जरूरत पड़ने पर संगठित हो कर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने को तैयार रहे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में हमेशा से महिलाओं की भागीदारी ने चौंकाया है। कई महिलाएं है जो गांव पंचायत में बेहतर काम कर रही है। ऐसी महिलाओं का सम्मान जरूरी है। आज समाज में 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं अपना योगदान दे रही है। मैंने अच्छा काम करने वाली महिला अधिकारियों को भी सबसे ज्यादा महत्व दिया है। यही वजह है कि चान्हो / लापुंग / बेड़ों प्रखंड कार्यालय में महिला अधिकारी काम करती हुई दिख जाएगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले मिलने जा रही है। सम्मान राशि 2500 रुपया का निवेश बेहतर तरीके से करें और लखपति दीदी कैसे बने उस पर इस जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जिस भी योजना की जरूरत है विभाग का दरवाजा सदैव खुला है। झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने संबोधन में महिला को संघर्ष_ जीत और आकांक्षा का प्रतीक_ बताया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने झारखंड के गांव में आ कर महिला समूह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने शराब के खिलाफ सबसे पहले लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया था। शराबबंदी के नाम पर सबसे पहले महिलाओं की गोलबंदी हुई। उस वक्त वो खुद उस जिला के अधिकारी थे। एक गांव से शुरू हुए शराबबंदी आंदोलन से प्रभावित हो कर एक हजार के करीब गांवों में शराब पीने पर पाबंदी लग गई। सरकार ने भी महिलाओं के इस प्रयास का समर्थन किया। वहीं से एसएचजी ग्रुप बनाने की शुरूआत हुई। महिला समूह का हर माह बैठक होना जरूरी है। झारखंड में 2500 रुपए महिला सम्मान के तौर पर मिल रहा है। इस राशि का उपयोग बेहतर तरीके से करें। राशि का बचत कर अपने बच्चे को बेहतर शिक्षा और परिवार के विकास में अपना योगदान दे सकते है। महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि आज जो मंच के नीचे भीड़ में बैठी हुई महिला है वो कल इस मंच पर होगी। वो अपने काम की बदौलत ये मुकाम हासिल कर सकती है। उन्होंने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के पिता बंधु तिर्की को प्राउड फादर के नाम से संबोधित किया। कांग्रेस ने महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान दिया है। पहले लोग कहते थे कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से किसको लाभ मिलेगा। आज राजनीति के मैदान में महिलाओं की उपस्थित उसका जवाब है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मल्टी टास्किंग होती है। एक महिला दूसरी महिला को सम्मान देते हुए आगे बढ़े , ये आज की जरूरत है। महिला पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम करे। महिला पर अत्याचार होते हुए नहीं देखेंगे इसका संकल्प लीजिए। महिला कौम को कोई नहीं बांट सकता है। देश की सेना की तरफ महिलाएं भूमिका अदा करने की जरूरत है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज महिलाओं के लिए शिक्षा के साथ साथ राजनीतिक दखलंदाजी जरूरी है। झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के 4 मंत्री में से 2 महिला मंत्री है। पूर्व मंत्री सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि हर साल ये सम्मान महिलाओं को देने का काम करते है। घर की चौखट से बाहर निकल कर अलग_ अलग क्षेत्र में काम कर रही महिलाओं को मैं सलाम करता हूं। परिवार के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कंधा से कंधा मिला कर चलने की जरूरत है। सब मिलकर बेहतर गांव बेहतर पंचायत का निर्माण कर सकते है प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज लक्ष्मी नारायण मांझी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवली चौबे भी मुख्य रूप से शामिल थी। इस मौके पर महिला समूह की भूमिका, समाज में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित सामाजिक कुरीतियों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)